




आईपीसी-सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट... 12

वारदात को झुठलाते रहे गढ़वाखेड़ा इंचार्ज चोरों ने... 10





# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्षः 14 | अंकः 311

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

शुक्रवार | 25 अगस्त, 2023


ब्रिक्स समिट में मोदी-जिनपिंग ने हाथ मिलाया, बातचीत कीः सऊदी, यूएई समेत 6 देशों को संगठन का न्योता

# चंद्रयान-3 पर बधाइयों के लिए पूरी दुनिया का शुक्रियाः मोदी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी | जोहान्सबर्ग**

साउथ अफ्रीका में 15वीं ब्रिक्स समिट के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग हाथ मिलाते नजर आए। प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू होने से ठीक पहले दोनों नेताओं के बीच कुछ सेकेंड की बातचीत भी हुई। इससे पहले नवंबर 2022 में पीएम मोदी और शी जिनपिंग ने इंडोनेशिया में हुई जी20 समिट में सीमा विवाद पर बात की थी, जिसकी जानकारी इस साल दी गई। दूसरी तरफ, ब्रिक्स संगठन में जुड़ने के लिए 6 नए देशों को न्योता दिया गया है। इनमें अर्जेंटीना, सऊदी अरब, यूएई, मिस्र, इथियोपिया और ईरान शामिल हैं। ये 1 जनवरी 2024 से ब्रिक्स के परमानेंट सदस्य बन जाएंगे। साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने बताया कि पहले फेज की बैठक में इन देशों को संगठन का मेंबर बनने का आमंत्रण दिया गया है। साथ ही साउथ अफ्रीका में साइन हुए ब्रिक्स के डेक्लेरेशन में ब्राजील, भारत और साउथ अफ्रीका की यूएनएससी में परमानेंट मेंबरशिप की मांग की गई।

### पीएम मोदी ने ब्रिक्स के नए सदस्यों का स्वागत किया

जिन देशों को ब्रिक्स का न्योता मिला है, उन्हें पीएम मोदी ने बधाई दी। उन्होंने कहा- भारत ने ब्रिक्स में विस्तार का हमेशा समर्थन किया। इन सभी देशों से हमारे गहरे और ऐतिहासिक रिश्ते हैं। मुझे खुशी है कि 3 दिन की बैठक में कई सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पीएम मोदी ने पश्चिमी देशों के दबदबे वाले संगठनों का नाम लिए बगैर कहा- ब्रिक्स का विस्तार ये जाहिर करता है कि दुनिया के बड़े संगठनों को समय के साथ बदलना चाहिए। वहीं, जो भी देश पहले फेज में इस संगठन से नहीं जुड़ पाए हैं, उनको इसकी सदस्यता दिलाने के लिए भारत अपना योगदान देगा।



### पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें

- जब हम ग्लोबल साउथ का प्रयोग करते हैं तो ये केवल डिप्लोमेटिक शब्द है। हमने भेदभाव का मिलकर विरोध किया है। गांधी ने साउथ अफ्रीका में ही अश्वेतों के लिए आवाज उठाई। उन्होंने नेल्सन मंडेला को प्रेरित किया।
- भारत ने अफ्रीका के साथ संबंधों को प्राथमिकता दी है। 16 नए दूतावास खोले हैं। चौथा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। एजेंडा-2063 के तहत अफ्रीका को दुनिया का ग्लोबल पावर हाउस बनाने में भारत साझेदार है।
- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- मून मिशन पर हमें बधाइयां मिल रही हैं। इसे किसी एक देश की सफलता नहीं, बल्कि मानवता की सफलता के तौर पर देखा जा रहा है।
- भारत के वैज्ञानिकों को पूरी दुनिया से बधाई मिल रही है। चंद्रयान-3 की साउथ पोल पर लैंडिंग सिर्फ भारत नहीं बल्कि दुनिया के वैज्ञानिकों के लिए बड़ी सफलता है।
- आतंकवाद से लड़ाई में हम अफ्रीकी देशों के साथ हैं, कोविड में हमने अफ्रीकी देशों को वैक्सीन और खाद्य पदार्थ दिए। भारत दुनिया के सभी देशों को परिवार के रूप में देखता है।

### संगठन की करेंसी पर अगले साल होगी चर्चा

सिरिल रामाफोसा ने बताया है कि डॉलर को चुनौती देने के लिए संगठन की करेंसी पर सभी देशों के रिजर्व बैंक और फाइनेंस मिनिस्टर्स से बात करने को कहा गया। इसे लेकर अगले साल बातचीत की जाएगी। संगठन के सदस्यों ने बातचीत के बाद विभिन्न मुद्दों को लेकर जोहान्सबर्ग डिक्लेरेशन एडॉप्ट किया है। रामाफोसा ने कहा- हमने ब्रिक्स की स्थापना के 10 साल पूरे होने का जश्न मनाया है। हमने ग्लोबल साउथ की समस्याओं पर चर्चा की। दुनिया में चल रहे अलग-अलग संघर्षों पर बात की है। हम सभी संघर्षों का बातचीत से समाधान निकालने पर जोर देते हैं। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने ब्रिक्स के लिए कॉमन करेंसी होने की बात कही है।




### नए सदस्यों का जुड़ना ऐतिहासिक

चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने कहा- ब्रिक्स के सभी देश बड़ी अहमियत रखते हैं। संगठन में नए सदस्यों का जुड़ना ऐतिहासिक है। ये ब्रिक्स के लिए नई शुरुआत है। हमारे इस संगठन का भविष्य उज्ज्वल है। मुझे पूरा भरोसा है कि जब तक हम एक मकसद से आगे बढ़ेंगे तो हम बेहतर काम कर पाएंगे।

### चंद्रयान-3 पर पीएम को मिली बधाईयां

इससे पहले चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद ब्रिक्स में डिनर के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देने वाले नेताओं का तांता लग गया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बड़ी गर्मजोशी के साथ मोदी को बधाई दी। ब्रिक्स का नया सदस्य बनने वाले सऊदी के विदेश मंत्री फैजल बिन फरहान अल सऊद ने भी ऋरूमोदी से मिलकर खुशी जाहिर की।

### भारत के लिए क्यों अहम है ब्रिक्स

भारत की विदेश नीति दुनिया पर किसी एक देश के दबदबे के खिलाफ है। भारत एक मल्टीपोलर दुनिया का समर्थन करता है। ऐसे में भारत के लिए ब्रिक्स जरूरी है। इसकी बड़ी वजह ये भी है कि इसके मंच से भारत पश्चिमी देशों के दबदबे के खिलाफ खुलकर बोल सकता है और उसे दूसरे सदस्य देशों का समर्थन मिलता है। इस संगठन से जुड़कर भारत कई बड़े संगठनों जैसे डब्लूटीओ,वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ में विकसित देशों के दबदबे को खुलकर चुनौती देता है।

### गगनयान-आदित्य एल1 मिशन पर इसरो प्रमुख ने दिया अपडेट

आदित्य एल-1 और गगनयान मिशन पर इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने गगनयान और आदित्य एल1 मिशन को लेकर भी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, सूर्य के लिए आदित्य मिशन सितंबर में लॉन्च के लिए तैयार हो रहा है। गगनयान पर अभी भी काम चल रहा है। हम क्रू मॉड्यूल और क्रू एस्केप क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए संभवतः सितंबर या अक्टूबर के अंत तक एक मिशन करेंगे, जिसके बाद कई परीक्षण मिशन होंगे जब तक कि हम संभवतः 2025 तक पहला मानव मिशन नहीं कर लेते।

### लैंडिंग के दौरान मन पर क्या बीती, बता पाना मुश्किलः इसरो चीफ

इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के पलों को याद करते हुए कहा कि उस दौरान मन पर क्या बीती, इसका वर्णन करना बहुत कठिन है। यह खुशी हो सकती है, यह उपलब्धि का सार हो सकता है और योगदान देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद देना हो सकता है।

## 50 श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी में गिरी, नौ की मौत



- घायल महिला बोली, ड्राइवर की मनमानी से हुआ हादसा, मना किया इस रास्ते से मत जाओ
- श्रद्धालुओं की ट्रॉली नदी में गिरने के मामले में मृतकों की संख्या हुई नौ, पांच और शव मिले

**जन एक्सप्रेस | सहारनपुर**

सहारनपुर में ढमोला नदी में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली के गिरने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़ कर 9 हो गई है। सहारनपुर में गागलहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव बालावाली उर्फ बालेली में मासूम बच्ची सहित नौ लोगों की मौत से कोहराम मचा है। सूचना पर ग्रामीण भी जिला अस्पताल पहुंच गए। परिजनों का रोक-रोककर बुरा हाल हो गया। घायलों और मृतकों के शव देखकर परिवार की महिलाओं की चीख-पुकार निकल गई। हादसे के बाद गांव में भी मातम पसरा गया। गुरुवार को नदी से पांच श्रद्धालुओं बालेली निवासी किरण (35) पत्नी धर्मवीर, एकता (14) पुत्री धर्मवीर, अक्षय कुमार (22) पुत्र महिपाल, नीतीश कुमार ( 7 ) पुत्र राहुल, तथा कामनी उर्फ मिस्टी (8) पुत्री पवन कुमार के शव नदी से मिले है।

### गांव में पसरा सन्नाटा नहीं जले चूल्हे

ग्रामीणों में भारी उत्साह था, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि उनके साथ ऐसा हादसा हो जाएगा। सभी खुशी-खुशी ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर जा रहे थे, लेकिन लोगों के रोकने के बावजूद भी मौत उनको नदी रपटे खींचकर ले गई। बालावाली उर्फ बालेली गांव के नौ लोगों की मौत से गांव भी सन्नाटा पसरा हुआ है। लोगों के घर चूल्हा तक नहीं जला। नौ मौतों को लेकर सभी गमजदा हैं।

### हादसे पर मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता के दिए निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद सहारनपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के लिए निर्देश देते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता के निर्देश दिए हैं।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पूनम टंडन को गोरखपुर विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ विश्वविद्यालय की अकादमिक एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता (डी.एस.डब्ल्यू.) प्रोफ़ेसर पूनम टंडन को महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के द्वारा दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए स्टूडेंट डीन, विधि संकाय इन्द्र दमन तिवारी ने उन्हें लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार की ओर से नवीन दायित्व हेतु हार्दिक बधाई देते हुए उनके स्वर्णिम कार्यकाल की कामना की। उन्होंने बताया कि ÷लविवि में अपने वर्तमान कार्यकाल के दौरान प्रोफ़ेसर टंडन ने सदैव छात्र हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करते हुए छात्रों के विकास हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित कीं, छात्रों की अकादमिक उत्कृष्ट पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने जो काम किए हैं वह लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।



मुख्यमंत्री योगी ने ई स्वनिधि योजना का किया शुभारंभ, 11 हजार लाभार्थियों को ऋण वितरित किया

# जरूरतमंदों को मिल रहा ब्याजमुक्त ऋणः सीएम योगी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में पीएम स्वनिधि एवं स्वयं सहायता समूह ऋण योजना के अंतर्गत 11,000 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया। उन्हें ई स्वनिधि योजना का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का आयोजन पंजाब नेशनल बैंक के सहयोग से किया जा रहा है। पंजाब नेशनल बैंक के अध्यक्ष अतुल कुमार गोयल ने कहा कि पीएनबी 10 हजार से अधिक शाखाओं से सेवा दे रहा है। बैंकिंग की 12 प्रतिशत सेवा पीएनबी दे रहा है। पीएम स्वनिधि योजना में प्रदेश में 2 लाख से अधिक वेंडर्स को लोन दिया है। वेंडर्स को बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ें इसके लिए डिजिटल प्लेटफार्म बनाया गया है। पीएनबी यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में पूरा सहयोग करेगा। नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि भारत स्वर्ण काल मे जी रहा है। मोदी-योगी देश की प्रगति के लिए प्रयास कर रहे हैं। भारतीयों के प्रति विश्व में धारणा बदली है। चंदा मामा अब दूर के नहीं टूर की बात हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर की सीमा दीक्षित, सुनील तिवारी गोरखपुर, शिवम निषाद रायबरेली, अमेठी की आलिया, कन्नौज के अजीत कुमार और जय भोले व महिला स्वयं सहायता समूह को भी लोन का चेक वितरित किया।



### लोकसभा चुनाव 2024 के पहले यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बदले, नवदीप रिणवा होंगे नए सीईओ

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को बदल दिया गया है। 1999 बैच के आईएएस अफसर नवदीप रिणवा प्रदेश के नए मुख्य निर्वाचन अधिकारी होंगे। अभी तक इस पद पर आईएएस अजय कुमार शुक्ला जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वह 9 अगस्त 2019 से यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर तैनात थे। लोकसभा चुनाव को देखते हुए उनकी नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार जन एक्सप्रेस के खुलासे के बाद वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का मूल्यांकन करने आई नैक टीम ने कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य को अनुभवहीन बताया

# यूपी में कुलपति बन रहे 'ठेकेदार', शिक्षा का बंटाधार

**जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा**

- नैक मूल्यांकन टीम पर नहीं चला करोड़ों रुपए खर्च कर पूर्वांचल विश्वविद्यालय की रंगाई पुताई का जादू
- कार्यकाल खत्म होने से पहले प्रोफेसर निर्मला नैक मूल्यांकन कराकर श्रेय लेना चाहती थीं
- जिन प्रोफेसर मानस पांडेय को राज भवन से फर्जी डिग्री होने का नोटिस मिल चुका था, उन्हें ही विश्वविद्यालय की नैक मूल्यांकन समिति का समन्वयक बना रखा था

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा का स्तर दिन पर दिन गिरता जा रहा है। विकास के नाम पर तमाम विश्वविद्यालय में भवनों का निर्माण तो हो रहा है लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता और कुलपतियों की गरिमा धूमिल होती जा रही है। तमाम सरकारी विभागों में सड़क-खड़ंजे के निर्माण में जो कमीशन का घिनौना खेल चलता रहा है, उसे विश्वविद्यालय भी अछूते नहीं हैं। कुलपति शिक्षा के मंदिरों के महंत न होकर अब ठेकेदार हो गए हैं। ज्यादातर को छात्रों और शिक्षा की चिंता छोड़कर अन्य निजी स्वार्थ में रुचि हो गई है। ऐसा नहीं है कि अच्छे कुलपति नहीं है, उनकी संख्या उंगलियों पर गिनने तक सीमित होती जा रही है। जन एक्सप्रेस ने समय-समय पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में धांधलियों का खुलासा किया, 7-8 और 9 अगस्त 2023 को नैक मूल्यांकन से ठीक पहले विश्वविद्यालय के रंग रोगन पर करोड़ों रुपए बहाकर खामियों को छुपाने की प्रवृत्ति सामने लाया, बताया कि किस तरह एक ऐसे प्रोफेसर मानस पांडेय जिनकी डिग्री फर्जी होने के आरोप रहे हैं और जिन्हें राजभवन से इस संबंध में नोटिस भी जारी हो चुका है, विश्वविद्यालय की नैक मूल्यांकन समिति का समन्वयक बना दिया। तथ्यों के साथ किए गए इन खुलासों को नैक मूल्यांकन समिति और राज भवन ने गंभीरता से लिया। लिहाजा नैक मूल्यांकन समिति ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय को कोई ग्रेड जारी नहीं किया। प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य को अनुभवहीनता के कारण विश्वविद्यालय की नैक मूल्यांकन समिति के समन्वयक पद पर गलत व्यक्ति का चयन करने संबंधी मेल भी जारी कर दिया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय का पक्ष जानने के लिए कुल सचिव से फोन पर संपर्क किया गया, पर उनका फोन नहीं उठा। प्रोफेसर निर्मला का कार्यकाल 17 अगस्त को पूरा हो गया है। अब नए कुलपति की चयन प्रक्रिया चल रही है।






कैसे होगा कल्याण, कुलपति ने दागी 'सेनानायक' को सौंप रखी है नैक समन्वयक की कमान



घोटालों के 'विश्वविद्यालय' की रंगाई पुताई से हो रही लीपापोती

### कौन वापस लाएगा पूर्वांचल विश्वविद्यालय के करोड़ों रुपए

माना जा रहा है कि जिस नैक ग्रेडिंग के लिए रंग-रोगन पर करोड़ों रुपए बाहए गए उसका कोई फायदा नहीं रहा। अब एक बार फिर पूर्वांचल विश्वविद्यालय का नैक मूल्यांकन होगा।

### कुलपतियों का चयन करने वाले राजभवन की भूमिका ही संदिग्धः याज्ञवल्क्य शुक्ल



भाजपा नीत केंद्र और राज्य सरकार के समर्थक और संघ के अनुषांगिक संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद( एबीवीपी) के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने तो उत्तर प्रदेश में भ्रष्ट कुलपतियों के चयन के लिए प्रदेश के राजभवन की भूमिका पर ही सवाल उठा दिए हैं। शुक्ल का आरोप है कि उत्तर प्रदेश के किसी एक विश्वविद्यालय तक मामला सीमित हो तो उसे व्यक्ति विशेष की खामी कहा जा सकता है। लेकिन यूपी में तो दागी और भ्रष्ट चरित्र वाले व्यक्तियों को कुलपति की कुर्सी सौंपने का चलन हो गया है। शुक्ल ने जन एक्सप्रेस से कहा कि बिहार के पूर्णिया विश्वविद्यालय कि कुलपति रहे प्रोफेसर राजेश सिंह पर वहां कुलपति रहते तरह-तरह के भ्रष्टाचार के आरोप हैं। जांच में भ्रष्टाचार सिद्ध हुआ। बिहार के राज भवन ने मामलों का संज्ञान भी लिया था। फिर क्या कारण है कि ऐसे दागी छवि वाले व्यक्ति को उत्तर प्रदेश के दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय का कुलपति बना दिया गया। उन्होंने यह भी सवाल किया कि आगरा विश्वविद्यालय, राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय तथा अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय के क्रमश- कुलपति प्रो. अशोक मित्तल, प्रो. रविशंकर सिंह तथा प्रो. प्रदीप कुमार मिश्रा को भ्रष्टाचार के आरोपों में जबरन इस्तीफा लिया गया है तो उन पर लगे आरोप क्या हैं? उन पर क्या कार्रवाई की गयी है? इसको सार्वजनिक किया जाए। ताकि प्रदेश में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जो जीरो टॉलरेंस की नीति है उसका पालन हो सके। यदि अभी तक इन कुलपतियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं हुई है तो किसको बचाने के लिए इनसे जबरन इस्तीफा लिया गया है।

# सराहनीय पहल- किशोर अपचारियों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

## जिला जज ने किया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

उच्च न्यायालय के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने गुरूवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह चित्रकूट में बच्चों के विकास के लिए कौशल विकास का शुभारम्भ किया।

जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में रहने वाले प्रत्येक किशोरों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना हमारा उद्देश्य है। इसी क्रम में आवासित किशोर अपचारियों को इलेक्ट्रिक टेक्नीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसी भी किशोर को मात्र अपने अतीत पर पश्चाताप किये जाने की आवश्यकता नहीं है अपितु भूत से सीख लेकर अपने वर्तमान एवं भविष्य को सुधारने की आवश्यकता है। कौशल विकास का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कौशल का परिमार्जन कर समाज के लिये अपने को उपयोगी बनाया जा सकता है। जिला जज ने अनेक लघु कथाएं भी बालकों को बतायी तथा प्रेरित किया कि निश्चित जिसने की कौशल को सीखा, उसके गुण को न तो चोर चुरा सकता है, न ही कोई छीन



सकता है तथा न ही कोई बाट सकता है। इसको लेकर साथ चलने में भी किसी प्रकार की असुविधा नहीं होती है।

उन्होंने सभी सम्प्रेक्षण गृह में आवासित किशोर तथा उपस्थित समस्त सदस्यों को चन्द्रयान 3 के सफल लैण्डिंग पर बधाई दी तथा अहवान किया कि हमारे देश के कौशल विकास का ही नमूना है कि आज हमने चांद पर भी अपना तिरंगा मजबूती से फहरा दिया, जो विश्व के अनेक शक्तिशाली देश भी नहीं कर सके। हम सब को इसी से सीख लेकर प्रेरणा लेकर अपने कौशल विकास पर ध्यान देना चाहिये और अपने देश की प्रगति में भागीदार बनना चाहिये।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फर्रुख इनाम सिद्दीकी ने भी बालकों को मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्य कान्त धर दुबे ने बालकों के विशिष्ट गुणों को तरासने की अपील प्रशिक्षण कर्तागणों से की। इसके पूर्व कौशल विकास मिशन के डारेक्टर द्वारा इलेक्ट्रिकल टेक्नीशियन ट्रेड को विस्तार से प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि दो माह की अवधि में 100 घण्टों का प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें विश्वास दिलाया कि किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं आने दी जायेगी।

इस अवसर पर सोनम गुप्ता प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड, रामबाबू विश्वकर्मा सदस्य जिला किशोर न्याय समिति जिला प्रोबेशन अधिकारी, टीपीसी शर्मा सेवा योजन अधिकारी, मानसिंह जिला समन्वय अधिकारी प्रधानाचार्य आईटीआई, अरुणेन्द्र शुक्ला एमआईएस मैनेजर कौशल विकास योजना, सुरेश साहू प्रबन्ध निदेशक, राकेश कुशवाहा जिला संयोजक, बीरसिंह, प्रभारी अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, विभोर शुक्ला महात्मा गाधी ट्रेनिंग मिशन आदि मौजूद रहे।

# लाइट ठीक कर रहे संविदा कर्मी की मौत, ग्रामीणों ने लगाया जाम



**जन एक्सप्रेस | खागा, फतेहपुर**

अल्लीपुर फीडर में तैनात संविदा कर्मी की लापरवाहियों के चलते दर्दनाक मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने रोड जाम लगाकर मुआवजा दिलाये जाने की मांग किया। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने मामले को शांत कराया। तहसील क्षेत्र के थाना हथगाम निवासी संविदा लाइनमैन रामबाबू पुत्र लालजी यादव की ड्यूटी के दौरान अल्लीपुर बहेरा पावर हाउस परिक्षेत्र में लाइन दुरूस्त करते समय अचानक लाइन चालू होने के कारण मौके पर मौत हो गयी। बताया जाता है कि संविदा कर्मी रामबाबू पावर हाउस के अधिकारियो के निर्देश पर लाइट ठीक करने गये थे। शिट्डाउन लेने बाद भी पावर हाउस में ड्यूटी कर रहे मूलचंद्र ने लाइन चालू कर दिया। जिनकी लापरवाही के कारण मौके ही लाइनमैन ने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई संजय यादव ने बताया कि उक्त स्थान पर डबल लाइन थी। आदेश पर ठीक करने गया था। लापरवाही के चलते अल्लीपुर फीडर तो शटडाउन था लेकिन नौबस्ता फीडर शटडाउन नहीं किया गया था। जिसके कारण उसके भाई की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही विभागीय अधिकारी व जिम्मेदाराना अधिकारियों ने उचित मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिलाकर मामले को शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## रेलवे अंडरपासों में भरा पानी आवागमन में राहगीर परेशान

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** रेलवे लाईन मे बनाये गये अन्डर पास राहगीरो के लिए मुसीबत बन गये है। जहॉ ओवर ब्रिज राहगीरो को यात्रा सुगम कर रहे है। वही अन्डर पास मुसीबत बनकर रह गये है। ज्यादातर अबनाये गये अन्डर पास मे पानी का भराव हो रहा है। जिससे राहगीरो की बाईक पानी मे बन्द होकर यात्रा कठिन हो रही है। ब्ताते चले कि सतनरैनी व मलवां रेलवे स्टेशन के पास बने अंडरपास में बरसात तो छोड़िए जनाब गर्मी के मौसम में भी पानी भरा रहता है। जल भराव होने से क्षेत्र वासियों के लिए आवागमन की गंभीर समस्या वर्षों से चली आ रही है। स्थानीय लोगो ने बताया कि जब से अंडरपास निर्मित हुआ है लगातार जल भराव रहता है निकलने वाले वाहन खास तौर से मोटरसाइकिल व कार बीच में बंद हो जाती हैं। जिससे इंजन में पानी चले जाने से राहगीर परेशान होते हैं। वहीं चखेंडी अंडरपास, कोराईं अंडरपास, भैंसाही, कुस्तीकला सहित सभी अंडरपासों में जलभराव से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जिम्मेदारों की नजर इस ओर नहीं पड़ रही है सभी अंडरपासों से लगभग एक-एक दर्जन ग्राम पंचायतें जुड़ी हुई है। जिससे आवागमन की गंभीर समस्या बन गई है। यदि शासन इस ओर सख्त कदम नहीं उठाता तो आगे चलकर यह एक गंभीर समस्या बनेगी कुछ जगहों पर अभी अंडरपास कार्यदायी संस्था से पीडब्ल्यूडी को हैंडओवर नहीं किए गये हैं।

# गांव में लापरवाही कर रहे सचिवों के खिलाफ करें कार्यवाही: सांसद

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

सांसद आरके सिंह पटेल की अध्यक्षता एवं मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल तथा जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की उपस्थिति में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट सभागार में हुई।

बैठक में सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार की जो जन कल्याणकारी योजनाएं गांव गरीब तक पहुंचने चाहिए। इसके लिए प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री चिंतित रहते हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रयान -3 का कल सफल आयोजन रहा। जिसमें भारत का देश व दुनिया में नाम हुआ है। उन्होंने डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से कहा कि मनरेगा योजना के अंतर्गत जो कार्य कराए गए हैं उसका विभाग वार विवरण उपलब्ध कराएं। साथ ही ब्लॉकों के अंतर्गत तकनीकी सहायक तैनात है, वह कार्यों में लापरवाही करें तो उनका स्थानांतरण अन्य ब्लाकों पर किया जाए। ग्राम पंचायत अतरसुई में मनरेगा के कार्य जो वर्ष 2017-18 में कराए गए थे, उस कार्य का फिर से भुगतान कराया गया है। इसकी जांच कराई जाए और सम्बन्धित लोगों के खिलाफ कार्यवाही कराएं।

मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि बाराहमाफी ग्राम पंचायत के सचिव की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि ग्राम प्रधान को कार्यों का भुगतान नहीं कर रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि मौके पर जांच कर उस सचिव के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित करें। सांसद ने पेंशन योजनाओं पर जिलाधिकारी से कहा कि आधार फीडिंग का कार्य ग्राम पंचायत में तैनात पंचायत सहायकों के माध्यम से कराया जाए। साथ ही जो सचिव ग्राम में लापरवाही कर रहे हैं और पंचायत सहायकों को कार्य नहीं करने दे रहे हैं, उन सचिवों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। वहां पर सीसीटीवी कैमरा भी लगाए जाएं। जिलाधिकारी ने डूड़ा से कहा कि जिन आवासों की सूची डीपीआर होकर शासन से प्राप्त हुई है, उसकी सूची सभी नगर पंचायत और नगर पालिका कार्यालय में चस्पा कराया जाए।

विधायक मानिकपुर ने जिलाधिकारी से कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत मऊ, भौंरी, रैपुरा के मुख्य सड़कों में प्रकाश व्यवस्था खराब है, उनको बदलवाया जाए। मानिकपुर विधायक ने जिलाधिकारी से कहा कि जो विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम है, वह गरीब लोगों को परेशान करती है तथा अवैध वसूली करती है। इस पर कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। सांसद ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि जो पर्यटन विकास के पूर्व में कार्य हुए हैं, उसकी सूची बैठक में नहीं दी गयी, अगली बार से यह नहीं होना चाहिए नहीं तो आपके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बीएसएनएल के अधिकारियों से कहा कि जो गांव में केवल नेटवर्क सप्लाई के लिए डाली गई है, व नेटवर्क गांव में नहीं पहुंच रहा है। गलत रिपोर्ट देने पर जिलाधिकारी से कहा कि भारत सरकार को इनके खिलाफ पत्र भेजकर कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। बेड़ी पुलिया से पिपरावल नाला तक जो दोनों तरफ नाला बनाया जा रहा है, उस सड़क पर पानी भर रहा है। जिलाधिकारी से कहा कि इसकी जांच करा कर जो इंजीनियर इस नाला निर्माण की डिजाइन बनाई है, उसके खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम को निर्देश दिए कि जो आवेदन पत्र बैंकों में लंबित है, उनको तत्काल निस्तारित कराएं।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि बैठक में जो दिशा निर्देश दिए गए हैं, उसका अक्षरशः पालन कराया जाएगा। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार की जो भी विभागीय योजनाएं संचालित हैं, उनको धरातल पर उतरने का कार्य करें। बैठक का संचालन जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी ने किया।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील कुमार द्विवेदी, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, रामनगर गंगाधर मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष मऊ अमित द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधित्व शक्ति प्रताप सिंह तोमर, रवि त्रिपाठी, राज कुमार त्रिपाठी, समिति के ममता तिवारी, अभिमन्यु सिंह, सरस्वती, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा अनिल कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, प्रभागी वनाधिकारी पीके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# थाना पुलिस व एसओजी टीम ने लुटेरे गैंग का किया भण्डाफोड़, चार गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

गिरोह बनाकर राहगीरों समेत अन्य लोगों के साथ लूट, छिनैती, डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग का बकेवर थाना पुलिस व एसओजी टीम ने पर्दाफाश कर दिया। पुलिस टीम ने देवमई नहर पुलिया से गुटैयाखेड़ा जाने वाली नहर पटरी से घेराबंदी करके गैंग के चार सदस्यों को दबोच लिया। जिनके पास से तमंचा, कारतूस, लोहे की राड समेत अन्य उपकरण बरामद किया हैं। सभी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार बकेवर थाने के उपनिरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ बैठका चैराहे पर गश्त कर रहे थे। तभी एसओजी प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव भी अपने हमराही सिपाहियों के साथ आ गये। पुलिस टीम आपस में अपराधों को लेकर चर्चा कर रही थी। तभी मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम नहर पुलिया देवमई से गुटैयाखेड़ा जाने वाली नहर पटरी पर पहुंची और लुटेरों के गैंग के चार सदस्यों को दबोच लिया। पकड़े गये सदस्यों ने अपने नाम अवधेश सोनकर पुत्र कल्लू सोनकर निवासी बबई थाना चांदपुर, लल्लू सोनकर पुत्र रामचरन सोनकर निवासी ग्राम कुंवरपुर थाना मलवां, पियूष उर्फ पिंटू सोनकर पुत्र रामस्वरूप सोनकर निवासी ग्राम कुंवरपुर थाना मलवां व राहुल सोनकर पुत्र स्व. कल्लू सोनकर ग्राम बबई थाना चांदपुर बताया। पकड़े गये लुटेरों के पास से पुलिस ने एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर, दो जिंदा कारतूस 12 बोर, एक लोहे की राड, एक पिलास, एक टार्च, एक चाभी का गुच्छा, एक लोहे की राड व एक पेंचकस बरामद किया है।

# चौपाल लगाकर ग्रामीणों को टीकाकरण का बताया गया महत्व

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

ब्लॉक मुख्यालय रामनगर के ग्राम पंचायत अमवा में यूनिसेफ स्वास्थ्य टीम द्वारा 0 से 5 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों तथा गर्भवती महिलाओं की बैठक कर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को होने वाले गंभीर बीमारियों की जानकारी दी गई। बैठक में अभिभावकों को अपने बच्चों को टीकाकरण करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत टीकाकरण से वंचित वैब (वैक्सीन अवॉइडेंस बिहैवियर) उदासीन परिवारों को मोबिलाइज कर टीकाकरण कराने के संदर्भ में प्रभावशाली व सहयोगी बैठक कर उपस्थित ग्रामीणों को दिनेश कुमार बी.एम.सी. एस एम नेट यूनिसेफ द्वारा टीकाकरण से होने वाली 12 जानलेवा बीमारियों टी.वी., हेपेटाइटिस बी, पोलियो, काली खांसी, डिप्थीरिया, टिटनेस, हिब इंफेक्शन, निमोनिया, दस्त, खसरा व रूबेला और दिमागी बुखार जैसे गम्भीर बिमारियां टीकाकरण न कराने के कारण हो जाती है। नियमित टीकाकरण करने से इन गम्भीर बिमारियों से आसानी से निजात पाया जा सकता है। साथ ही टीकाकरण न कराने से बच्चों में होने वाली अन्य गम्भीर बिमारियों के विषय में चर्चा की गई।

G20
आज़ादी का अमृत महोत्सव

## उत्तर रेलवे

### ई– ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | **19402-SLR-F2-LKO-ADI-22-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.08.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.09.2023 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | **14229-SLR-F1-PYGS-YNRK-22-3 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.08.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.09.2023 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | **12184-SLR-R1-PBH-BPL-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.08.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.09.2023 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | **14511-SLR-R1-PYGS-SRE=23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.08.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.09.2023 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | **14229-SLR-R1-PYGS-YNRK-22-2 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.08.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.09.2023 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | **22614-SLR-F2-AYC-RMM-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.08.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.09.2023 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | **22417-SLR-R1-BSB-NDLS-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.08.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.09.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.09.2023 at 13:40 hrs. |

**Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders :** E-Auction Module of **www.ireps.gov.in.**
**No. C/SLR Leasing Contract-2019/KS Date :- 23.08.2023** **2623/2023**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# घर-घर मतदाता से सम्पर्क कर करें भाजपा का विस्तार : कमलावती

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

मतदाता चेतना महाअभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन गुरूवार को जिला पंचायत सभागार में किया गया। कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह ने कहा कि मतदाता चेतना अभियान की सफलता ही तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाएगी। हर बूथ की मतदाता सूची की विसंगतियों को दूर करके हम जीत का अंतर कई गुना बढ़ा सकते हैं। मतदाता से सतत सम्पर्क करके हम घर घर भाजपा का विस्तार सुनिश्चित करें। जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के ज्यादा से ज्यादा मतदाता




जोड़ने है। बूथ से लेकर जिला पदाधिकारी तक और सभी जनप्रतिनिधिग इस अभियान में सक्रिय रूप से सहभाग करें। मतदाता चेतना अभियान के संयोजक व जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि 26 अगस्त को सभी मण्डलों की कार्यशाला शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ सम्पन्न हो। 27 अगस्त को सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम अवश्य सुना जाए। साथ ही बूथ पर मतदाता सूची का अवलोकन भी अवश्य किया जाए। मतदाता चेतना अभियान में नये मतदाताओं को जोडकर भाजपा की जीत का नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। इस मौके पर सांसद आर के पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरोप्रसाद मिश्र, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व विधायक दिनेश मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, दिनेश तिवारी, राजेश जायसवाल, अश्विनी अवस्थी, राघवेन्द्र सिंह, ब्रजेश पाण्डेय, हरिओम करवरिया, अंजू वर्मा, भागवत त्रिपाठी, देव त्रिपाठी, अखिलेश रैकवार, राघव अग्रवाल, रवि गुप्त, अभिषेक, सुरेश अनुरागी, राजेश्वरी द्विवेदी, विकास मिश्र, दिव्या, लवलेश, नरेंद्र गुप्ता, सुशील द्विवेदी, ओमप्रकाश, प्रदीप, रमाकांत, जानकी शरण, आशीष, सच्चिदानंद, जयप्रकाश पाण्डेय, रवि त्रिपाठी, धीरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# भाकियू ने तहसील परिसर मे पंचायत करके दिया समस्याओं से भरा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

जिले की मूलभूत समस्याओं को लेकर सदर तहसील प्रांगण में जिले के किसान नेताओं ने पंचायत लगाकर समस्याओं को उजागर किया और डीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की आवाज बुलंद किया। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम पटेल एडवोकेट की अगुवाई में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व किसान सदर तहसील प्रांगण पहुंचे। जहां समस्याओं को लेकर पंचायत लगाई।



पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले में तमाम मूलभूत समस्याएं मुंह बाये खड़ी हैं। बार-बार आवाज उठाने के बावजूद समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। जिससे आमजन के साथ-साथ किसान बेहाल व परेशान है। किसानों ने कहा कि यदि उनकी मांगों का निराकरण न किया गया तो आने वाले समय में वृहद आंदोलन किया जायेगा। तत्पश्चात डीएम को संबोधित समस्याओं का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर किसानों को शासनादेश के अनुसार विद्युत आपूर्ति किये जाने, कल्यानपुर मजरे उमरौड़ी विकास खंड मलवां में एनएच-2 पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराये जाने, रिंद नदी पर बनने वाले पुल को कुन्हू का डेरा व रामपुर के मध्य बनाये जाने, जनपद में आवारा पशुओं से किसानों को मुक्ति दिलाये जाने, गांव में बन रही पानी की टंकियों की पाइप लाइन डालने हेतु रास्तों को पुनः बनवाये जाने, जनपद की ग्रामीण सड़कों को ठीक कराये जाने सहित वरासत के मामलों में तत्काल कार्यवाही कराये जाने की मांग किया गया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह सहित बडी सख्या मे किसान उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से तीन वर्षीय बालिका झुलसी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** 11 हजार की एचटी लाइन की चपेट में आने से 3 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से झुलस गई। गम्भीर हालत के चलते प्राथमिक इलाज के बाद बालिका को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रैपुरा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी राजा की 3 वर्षीय पुत्री अर्पिता घर के बाहर दरवाजे के सामने पड़ोस के बच्चों के साथ खेल रही थी। इस दौरान मुहल्ले से निकली 11 हजार वोल्टेज की विद्युत की तार टूट कर गिर गई। खेलते हुए अर्पिता विद्युत तार के चपेट में आ गई। जिससे वह बूरी तरह से झुलस गई।

# बाढ़ क्षेत्र में डीएम का दौरा, बिजली, पानी व खाद्य सामग्री सुव्यवस्थित करने का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

बिंदकी तहसील क्षेत्र मे गंगा एवं पांडु नदी के जल स्तर में लगातार हो रही वृद्धि को लेकर बाढ़ प्रभावित ग्राम जाड़े का पुरवा, बिंदकी फार्म, बेनीखेड़ा का जिलाधिकारी श्रुति ने स्थलीय निरीक्षण किया। क्षेत्रीय नागरिकों ने डीएम को वस्तुस्थिति से अवगत कराया। डीएम ने उप जिलाधिकारी बिंदकी को निर्देशित किया कि बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बाढ़ प्रभावित ग्रामों की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाय और लेखपाल को लगातार बाढ़ प्रभावित ग्रामों में भ्रमणशील रहकर निरंतर निगरानी बनाए रखने की हिदायत दिया।

डीएम ने कहा कि ग्रामीणों को कटान क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दिया जाय। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित ग्रामों में समय-समय पर पशुओं के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लें और समुचित उपचार सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित जेई विद्युत को निर्देश दिए कि सुनिश्चित करें कि ग्रामों की विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से रहे। बाढ़ प्रभावित ग्रामों में पीने योग्य शुद्ध पेयजल हेतु टैंकर की व्यवस्था किया



जाय। प्रभारी चिकित्साधिकारी ग्रामों का भ्रमण कर लगातार निगरानी बनाए रखें। खाद्य सामग्री की समस्त व्यवस्थाएं करने के निर्देश संबंधित को दिया उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने मलवां ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय ग्राम कटरी आशा फार्म का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बच्चों को दिये जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता को परखा और अध्यापकों को निर्देशित किया कि बच्चो को गुणवत्तापरक शिक्षा दिया जाय क्योंकि बच्चे देश का भविष्य है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिंदकी मनीष कुमार, तहसीलदार जगदीश सिंह, नायब तहसीलदार रवि प्रजापति, प्रभारी निरीक्षक, लेखपाल, ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 24-25 अगस्त, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 29.0 (-2.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.0 (-1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 85 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 93 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.9 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 26.2

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# बाढ़ का कहर जारी: गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 14 सेंटीमीटर ऊपर

## गंगा के बढ़ते जलस्तर ने जिला प्रशासन की बढ़ाई मुसीबतें

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे



**कानपुर नगर।** पहाड़ी क्षेत्रों पर अभी भी बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। बारिश ने पहाड़ी क्षेत्रों पर जहां एक और कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वहीं गंगा का जलस्तर दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। गंगा के बढ़ते जलस्तर ने जहां एक और गंगा किनारे बसे गांव में रहने वाले ग्रामीणों की मुसीबत बढ़ा दी है। तो दूसरी और गंगा का बढ़ता जलस्तर जिला प्रशासन के लिए मुसीबत का सबक बना हुआ है।

बैराज पर गंगा का चेतावनी बिंदु 113 मीटर और खतरे का बिंदु 114 मीटर है। नरौरा और हरिद्वार बांध से लगातार छोड़े जा रहे पानी की वजह से मीटर गेज में आए दिन बढ़ोतरी होती जा रही है। गुरुवार को चेतावनी बिंदु से 114.770 अप व 114.570 डाउन दर्ज किया गया। नरौरा बांध से 1,26,978 व हरिद्वार बांध से 1,56,422 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। वही गंगा बैराज से 4,24,180 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया। शुक्लागंज की बात करें तो 113.18 दर्ज हुआ। कुल मिलाकर लगातार गंगा के बढ़ने से लगभग ख्यौरा कटरी के ग्रामीण डरे और सहमे हुए हैं। जिला प्रशासन ने ख्यौरा कटरी के सबसे ज्यादा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र भगवानदीन पुरवा के रहने वाले सभी ग्रामीणों को सकुशल बाहर निकाल कर गंगा बैराज हाईवे पर विस्थापित कर दिया है। वही गंगा के बढ़ते जल स्तर ने ख्यौरा कटरी के गिल्ली पुरवा, मक्का पुरवा, दुर्गापुरवा, शिवदीन पुरवा, बनिया पुरवा, भोपाल पुरवा, लक्ष्मण पुरवा के साथ साथ कल्याणपुर विकासखंड के भारत पुरवा, तिस्ता, भनवऊना पुरवा, पहाड़ीपुर, छोटा मंगलपुर ,बड़ा मंगलपुर, गांव को भी अपने आगोश में ले लिया है। इसके अलावा चैन पुरवा, के रहने वाले ग्रामीण अपने गांव को छोड़कर गंगा बैराज पर ही अस्थाई कैंप बनाकर रह रहे हैं। गंगा बैराज से लेकर सिंहपुर यश कोठारी चौराहे तक जहां भी बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों को जगह मिल रही है कैंप लगाकर रहने के लिए मजबूर है। वहीं बीते दिन गुरुवार को एनडीआरएफ की टीम ने भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का मुआयना किया। और पूर्व प्रधान अशोक कुमार निषाद से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की पूरी जानकारी लेने के बाद घाटमपुर की ओर टीम निकल गई। गंगा बैराज हाईवे पर रहने वाले बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों के सामने अब सबसे बड़ी समस्या भोजन और बिजली की है। क्योंकि अभी तक जिला प्रशासन की ओर से गंगा बैराज हाईवे पर बने अस्थाई कैंपों में विद्युत व्यवस्था नहीं की गई है।





### जिला प्रशासन ने राजस्व की टीम लगाकर ग्रामीणों को बाढ़ क्षेत्र से बाहर निकालकर दी सुविधा

जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा निरंतर बढ़ क्षेत्र का निरीक्षण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है। किचन गांव के संपर्क मार्ग में जल भराव की स्थिति है उन गांव में आवश्यकता अनुसार ट्रैक्टर अथवानाओं का प्रबंध करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही साथ राहत शिविर में समस्त पीड़ित परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए सभी परिवारों को डिग्निटी किट उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। गंगा के बढ़ते हुए जल स्तर को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि राहत शिविर में मेडिकल टीम द्वारा सभी सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए सभी परिवारों को मेडिकल हेल्थ किट उपलब्ध कराये।

### वैज्ञानिकों की चेतावनी पहाड़ों पर और हो सकती है बारिश

मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अभी कुछ दिन पहाड़ों पर और बारिश होने की संभावना है। बारिश ने पहले ही पहाड़ी क्षेत्रों पर हाहाकार मचा रखा है। वैसे भी अब तक पहाड़ी क्षेत्रों में जितनी बारिश हुई है उसने बीते कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इन क्षेत्रों में हालात बद से बत्तर होते जा रहे हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भारतीय दलित पैंथर की अगुवाई में बिबेक देबरॉय के खिलाफ खोला गया मोर्चा




जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। शहर में बीते दिन गुरूवार को भारतीय दलित पैंथर व समस्त सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कानपुर नगर के माध्यम से प्रेषित किया गया इस दौरान सैकड़ो की संख्या में समाज सेवियों के साथ सभी की अगुवाई कर रहे भारतीय दलित पैंथर के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनीराम पैंथर भी मौजूद थे। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि मौजूदा देश व प्रदेश में डबल इंजन की कही जाने वाली सरकार में कानून व्यवस्था पूर्णतया ध्वस्त नजर आ रही है। भारत के संविधान की शुरूआत प्रस्तावना से होती है और इस प्रस्ताव की शुरूआत हम भारत के लोग (WE, THE PEOPLE OF INDIA) से होती है। भारतीय संविधान के मुताबिक हमारे देश में सर्वोपरि अगर कोई है तो यहाँ के नागरिक हैं, यहाँ के लोग है। संविधान की शुरूआत इसी भावना के साथ होती है। आजादी के 76 साल बीत जाने के उपरान्त भी आज भी समाज में गरीब मजुलुम असहाय व छोटी जातियों के लोगों को द्वेष भावना की नजर से देखा जाता है। जहाँ बार-बार संविधान बदलकर नया संविधान लागू करने की बात की जाती है यदि सही मायने में संविधान की नीतियों का पालन किया जाये तो संविधान बदलने की कोई आवश्यकता नहीं है। अभी हाल ही में 15 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय ने एक आलेख लिखा कि 'देयर इज ए केस फॉर बी द पीपल टू इंब्रेस अ न्यू कॉन्स्ट्यूशिन' बिबेक देबरॉय ने अपने आलेख में संविधान की जरूरत को लेकर जिन बिन्दुओं या पहलुओं पर सवाल उठाया है उनमें सबसे प्रमुख है लम्बा वक्त का बीत जाना।

### मां गायत्री हॉस्पिटल में महिला की मौत पर हंगामा

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। शहर के नर्सिंग होम इस समय मरीजों की जान की कीमत को पैसे से तोड़ रहे हैं जिनका जीता जागता उदाहरण दक्षिण के मां गायत्री हॉस्पिटल में देखने को मिला है जहां पर सड़क हादसे का शिकार हुई महिला के हाथ का ऑपरेशन करने के बाद उसे चार दिनों तक हॉस्पिटल में लिटाए रखा और दवाइयों के ओवरडोज से किडनी फेल होने के बाद उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा है और पुलिस को सूचना देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार गल्ला मंडी निवासी सुरेश गुप्ता ने बीते एक सप्ताह पूर्व अपनी पत्नी रूपा गुप्ता का 16 अगस्त को माधव बाग बाजार के पास एक्सीडेंट हो गया था जिसके बाद पारिवारिक जन ने उन्हें गायत्री हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था। हादसे में हाथ टूटने की वजह से उसका ऑपरेशन करना पड़ा और डॉक्टरों द्वारा उसे वहीं पर भर्ती रखते हुए इलाज किया जा रहा था। आरोप है कि इलाज के दौरान रूपा गुप्ता की दोनों किडनी डैमेज हो गई जब बात बिगड़ती दिखाई दी तो अस्पताल प्रबंधन ने महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। आपको बता दें कि महिला की मौत के बाद पारी जिन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामा काटा है घटना की जानकारी जब नौबस्ता पुलिस को हुई तो पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए परिजनों को समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम भेजा गया। मामले में अस्पताल प्रबंधन का भी पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क ना हो पाने के कारण सम्भव नहीं हो पाया।

### छात्रवृत्ति योजना परीक्षा के लिए ऑनलाइन करें आवेदन

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2024 -25 5 नवंबर 2023 को प्रदेश के सभी जनपदों में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर कराई जाएगी। जिसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी 23 अगस्त से 18 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। मण्डलीय मनोवैज्ञानिक डॉ. नरेश चंद्र ने बताया कि इस परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी www.enddata.co.in इस वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### चौकीदार की पत्नी ने लगाया मारपीट का आरोप

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। पनकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बार फिर कुछ रईसजादों ने एक गरीब परिवार को प्रताड़ित किया है। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए पनकी थाने में प्रार्थना पत्र देते कर कहा कि गालिया व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए घर से निकालने की धमकी भी दी है। गुरुवार को पनकी थाने में एक गरीब महिला पहुंची जहा उसने तहरीर देते हुए बताया कि उसका नाम नीतू कठेरिया पत्नी बलवीर कठेरिया मकान नंबर 1051 पनकी की निवासी है और वह व उसका पति मकान मालिक पंकज राठौर के कहने पर पिछले ढाई वर्ष से वहा चौकीदारी कर रहे हैं । जिसके मकान मालिक ने उन्हें दस हजार रुपए प्रति माह पर तय किया था और साथ ही उसी घर में रहने को भी कहा था अभी तक वह अपने परिवार के साथ रह रहा था और कोई परेशानी नहीं थी। लेकिन 21 अगस्त को शाम तीन बजे ज़ब नीतू का पति काम पर गया हुआ था तभी पंकज की माँ सुमन राठौर और पत्नी सुषमा व विनोद शुक्ला घर के अंदर घुस आये और नीतू को जाति सूचक शब्द व गालिया देते हुए उसे घर से निकलने के लिए कहने लगे और बोलने लगे कि घर से निकल जाओ अन्यथा घर का सामान सड़क पर फिकवा देंगे यह धमकी देते हुए सभी वहा से चले गए ज़ब नीतू का पति शाम को घर वापस आया तो पत्नी ने उसे सारी घटना से अवगत कराया जिसके बाद पति पत्नी दोनों थाने पहुँचे और लिखित तहरीर देके पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया पुलिस ने तहरीर के आधार पर शिकायत पंजीकृत कर ली है और जांच कर कार्यवाही का अस्वासन दिया है।

## वोटर चेतना अभियान चलाकर भाजपा वोटर लिस्ट में जुड़वाएगी मतदाताओं के नाम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




मिशन 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा पार्टी मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत नए मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने के लिए वोटर चेतना अभियान चलाएगी। जिसके संचालन के लिए भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय पर गुरुवार को जिला कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें पार्टी की प्रदेश महामंत्री एवं कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की प्रभारी प्रियंका सिंह रावत ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ किया है। पार्टी हर विधानसभा क्षेत्र में 20 हजार वोट बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि वोटर चेतना अभियान के लिए 26 अगस्त को जिले के सभी मंडलों में कार्यशाला आयोजित की जाएगी तथा मतदाता सूची विशेष संपर्क अभियान सुनिश्चित किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद संगठन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। 27 अगस्त को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद वोटर चेतना अभियान के अंतर्गत प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूची का सत्यापन उन्हें पढ़ने और परीक्षण का कार्य होगा। इसके साथ ही मतदाताओं के कटे हुए नाम, 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नए युवा मतदाताओं तथा परिवर्तित पते वाले नाम की सूची बनाने का कार्य भी होगा । कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भारतीय चंद्रयान के विक्रम लैन्डर के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक पहुंचने पर इस अभियान से जुड़े सभी वैज्ञानिकों को बधाई दी।

कार्यशाला की अध्यक्षता दक्षिण जिलाध्यक्ष डॉ.वीना आर्या पटेल एवं संचालन उत्तर जिलाध्यक्ष सुनील बजाज ने की। मनीष त्रिपाठी ने बताया कि वोटर चेतना अभियान में किदवई नगर में संजय कटियार, महाराजपुर में शिवम मिश्रा और छावनी विधानसभा में राजन चौहान को विधानसभा संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूनम द्विवेदी, गणेश शुक्ला, अवधेश सोनकर, संजय कटियार, अनीता गुप्ता, मोहित आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेज बिबेक देबराय की गिरफ्तारी की मांग




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर में गुरूवार को संविधान बचाओ संयुक्त मंच के तत्वाधान मे संविधान विरोधियों के विरोध में कौशिक पार्क कचहरी से जुलूस निकाल कर जिलाधिकारी को ज्ञापन दे संविधान विरोधियों की गिरफ्तारी मांग की गई। इस दौरान सह-संयोजक गोविन्द नारायण ने बताया कि 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस पर देश के प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबराय ने 'आर्थिक अखबार मिंट' में संवैधानिक पद मे रहते हुये जिस संविधान की शपथ ले पद में विराजमान हुये उसी संविधान को बदलने वाला लेख लिखा कि हम जो बहस करते हैं इसका अधिकांश हिस्सा संविधान के साथ शुरू और समाप्त होता है। इसमे कुछ संशोधनों से काम नहीं चलेगा, हमें ड्राइंग बोर्ड पर वापस जाना चाहिए और पहले सिद्धांतों से शुरू करना चाहिए, यह पूछना चाहिए प्रस्तावना में इन शब्दों समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, न्याय, लोकतांत्रिक, स्वतंत्रता, का क्या मतलब है। 'हम लोगों को खुद का एक नया संविधान देना चाहिए। उक्त संविधान बदलने वाले लेख से देश की जनता में आक्रोश और विरोध के बाद बिबेक देबराय का बयान आया की कि ये उनकी निजी राय है, उन्होंने बताया कि जब कोई कालम लिखता है तो कालम लेखक के निजी विचारों को दर्शाता है उसके संगठन के विचारों को नहीं दर्शाता, जिससे वह जुड़ा हुआ है। साथ ही प्रधानमंत्री पैनल से सफाई पेश करते हुए खुद को और केंद्र सरकार को इससे अलग करने का प्रयास किया है। राष्ट्रपति सहित चीफ जस्टिक ऑफ इण्डिया को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कानपुर नगर को दे ये मांग की गई है कि तत्काल प्रधानमंत्री के सलाहकार बिबेक देवराय को पद से बर्खास्त कर देशद्रोह का मुकदमा लगाकर जेल भेजा जाये। ज्ञापन देने मे जगतपाल, चमन खन्ना, हाजी मो0 सलील, देवी प्रासद निषाद, विक्की यादव, राकेश कुमार, एड0 आनन्द गौतम, एड0 जाफर आबिद, एड0 अजय बक्शी, बब्ली गौतम, रंजीता खन्ना, अनमोल खन्ना, श्रेष्ठ खन्ना, शिव कुमार, टेक चन्द्र, हरीशंकर वर्मा, सुरेश पाल, हरभजन बाल्मीकि, एस0 गुलाम कादिर (शाहीदे इमामे जाजमऊ), एस0 अकील लाला, बाबू खान, रिजवान, मुकेश धारिया, अरविंद खन्ना, विनय सेन, हरि सेन, राजेश आदि शामिल रहे।

## आप कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सरकार को कोसा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर विकास कार्य में घोटाले कराने का आरोप लगाते हुए, पूरे प्रदेश में मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में गुरूवार को कानपुर के रामादेवी चौराहे पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह प्रतिमा के पास यूपी सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि रामनगरी में अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी के द्वारा ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों द्वारा से कार्य कराया जा रहा है जिसने करोड़ो रुपए का घोटाला किया । इतना ही नहीं आयुष्मान भारत योजना के नाम पर जिनका इलाज चल रहा है, वो पहले ही मृतक हैं, इस तरह इलाज के नाम पर भी मोदी सरकार में करोड़ों का घोटाला हो रहा है। ऐसी अनेकों योजनाएं हैं, जिसमें मोदी सरकार के अधिकारियों द्वारा करोड़ों के घोटाले किए गए हैं, जो अब उजागर हो गये हैं। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के इस महाघोटाले के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच निर्देशित कर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

## 25 लाख का युवक ने प्लाट खरीदा, नहीं मिला कब्जा, आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने मिर्जापुर में 200 वर्ग गज का प्लाट खरीदा था जब वह प्लॉट पर कब्जा करने गया तो पता चला कि उस प्लाट पर पहले से ही कोई काबिज है धोखाधड़ी का शिकार होने पर युवक ने आरोपियों के खिलाफ कल्याणपुर थाने में शिकायती पत्र दिया है। वहीं पुलिस ने तहसील के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

कल्याणपुर के राधापुरम निवासी पंडित सानंद स्वरूप चतुर्वेदी ने कल्याणपुर पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया कि पांच मई को मिर्जापुर स्थित आराजी संख्या 12 मि0 रकवा न0 0.0370 का जुज भाग 200 वर्ग गज का प्लाट चन्द्र प्रकाश, विष्णुदयाल तिवारी निवासी ग्राम मिर्जापुर से पच्चीस लाख रुपए का खरीदा था जिसमें सोलह लाख रुपए का भुगतान 7 लाख रुपए का चेक मैं और 9 लाख रुपए कैश दिए थे 9 लाख देना बाकी था प्लाट खरीदने के बाद वह प्लाट पर गया और कब्जा मांगा तो पता चला कि उस प्लाट पर पहले से कोई काबिज है और पैसा वापस मांगने पर विष्णु दयाल ने पैसा देने से मना कर दिया और कहने लगा कि है रजिस्ट्री कर दी है अपना प्लाट लो जाकर धोखाधड़ी की जानकारी होने पर सानंद स्वरूप तिवारी ने 9 लाख की चेक जो विष्णु दयाल के पास है वह बैंक मे स्टाप करा दी। इसके बाद पीड़ित ने आरोपियों खिलाफ कल्याणपुर थाने में दिया शिकायती पत्र कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि पंडित सानंद स्वरूप चतुर्वेदी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर चंद्र प्रकाश, विष्णु दयाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## कुबोटा द्वारा निर्मित पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन से कृषक महिला ने की रोपाई

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कल्याणपुर स्थित तिलहन शोध प्रक्षेत्र पर गुरुवार को जापानी कंपनी कुबोटा द्वारा निर्मित पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन से धान की रोपाई का सजीव प्रदर्शन किया गया। जिसमें जनपद कानपुर देहात से आई महिला कृषक माया देवी ने इस मशीन को स्वयं खेत में चलाकर धान की रोपाई की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने बताया कि खेती में उन्नत तकनीकी और आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रयोग कर कम लागत में अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हाथ से रोपाई की तुलना में इस मशीन से कम समय में अधिक क्षेत्रफल में धान की रोपाई हो जाती है। उन्होंने बताया कि इस मशीन द्वारा ढाई से तीन एकड़ खेत की रोपाई 8 घंटे में हो जाती है। जिसमें 2200 से 2500 रुपए प्रति एकड़ खर्चा आता है। जबकि मैन्युअल एक एकड़ खेत की रोपाई करने में पांच श्रमिकों द्वारा 8 घंटे का समय लगने के साथ 4500 से 5000 प्रति एकड़ खर्चा आता है । कुलपति ने बताया कि पैडी ट्रांसप्लांटर से धान की रोपाई करने में प्रदेश व देश के किसानों को प्रति हेक्टेयर अधिक लाभ होगा।

इस अवसर पर डॉ. सी. एल. मौर्य, डॉ. पी. के. सिंह, डॉ. आर. के. यादव, डॉ. पी. के. उपाध्याय, डॉ. डी. पी. सिंह, डॉ. आर. बी. सिंह, डॉ. विजय यादव तथा जापानी कंपनी कुबोटा के मनीष एवं कृषि विभाग के सभी अधिकारीयों सहित एक सैकड़ा से अधिक महिला एवं पुरुष प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

## रामादेवी सब्जी मंडी के व्यापारियों ने किया प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बीते दिन रामदेवी के सब्जी मंडी के व्यापारियों द्वारा धरना प्रदर्शन करके बताया गया कि रूमा में जो सब्जी मंडी के लिए जगह निर्धारित की गई है उस पर अभी भी 25 दिन का समय है जिस वजह से हमको जीवन यापन करने में बड़ी कठिनाइयां हो रही हैं हम चाहते हैं कि हमको रूमा स्टेट सर्विस लाइन पर सब्जी लगाने की जगह दी जाए।

# चन्द्रयान–3 मिशन पर आधारित कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में 'सुभाष हाउस' के सौजन्य से चन्द्रयान-3 मिशन पर आधारित एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) के दृढ़ संकल्प और वैज्ञानिकों के अथक प्रयासों के सुपरिणामों के साथ ही 41 दिन की लम्बी यात्रा व दिल की धड़कन को बढ़ा देने वाली लैंडिंग प्रक्रिया को स्कूल ने बच्चों को बड़ी ही सजीवता पूर्वक दिखाया। लैंडर (विक्रम) के सफलतापूर्वक चाँद पर उतरने की इस सफलता को भारत सहित विश्व के अनेक देश टकटकी बांधे देख रहे थे। अब हम विश्व में ऐसा करने वाले चौथे देश बनने के साथ ही चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले विश्व के प्रथम राष्ट्र बन गये हैं। आज के कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों का उत्साह और उनके मन की उमंग देखते ही बन रही थी। इस पूरे कार्यक्रम को बच्चों ने एक लघु नाटिका के माध्यम से भी व्यक्त किया। जिसमें छात्रा स्वर्णिमा को चाँद, सै. रूजैन नकवी को विक्रम तथा आराध्या सिंह को भारत-माता के रूप में दिखाकर एक अनोखे अन्दाज में भाई-बहन के इस अनमोल रिश्ते को रक्षा बन्धन पर्व से ठीक पहले हमेशा के लिए भारत की धरती और चाँद को राखी बन्धन के मजबूत धागे




में बांध दिया। आज के इस प्रोग्राम में शिक्षिका सुश्री अनामिका मिश्रा सहित राधिका, हरिप्रिया, तैय्यबा तथा अन्य कई छात्राओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। चन्द्रयान-3 मिशन अभियान के अवसर पर स्कूल के बच्चों के जोश का अन्दाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरा विद्यालय तिरंगामय दिखाई देते हुए भारत माता के जयकारों से गूंज रहा था। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल, एक्टीविटी इंचार्ज प्रमांशु श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अंजू त्रिपाठी, दीपांजलि सिंह, पूजा वर्मा, शिप्रा सिंह, सार्थक शुक्ला, सुप्रिया अवस्थी और उनके सहयोगी साथियों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में कहा कि आज हम सभी के अन्दर देश-भक्ति का एक्स्ट्रा बूस्टर उछाल मार रहा है। इसकी वजह है ....चन्द्रयान-3 की मदद से भारत चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। वास्तव में चन्द्रयान-3 का चाँद की सतह पर उतरना हम सभी के लिए गौरवपूर्ण है। इस अभियान से जुड़े सभी को कोटिशः बधाई। उन्होंने अपनी बात का समापन इन महत्वपूर्ण पंक्तियों से किया- **झुक गये होंगे चाँद सितारे भी, तेरे नाम से। जब आसमां में तिरंगा फहरा होगा, बड़े शान से।।** कार्यक्रम में विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# चंद्रयान–3 की सफलता बड़ी और प्रोत्साहित करने वाली–जिलाध्यक्ष



**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष चन्दन नारायण सिंह के संयोजन में बुधवार देर शाम भाजपाइयों ने हाथों में तिरंगा लेकर तिकोनिया पार्क से लेकर पोस्ट ऑफिस चैराहा तक ढोल नगाड़ा, आतिशबाजी एवं एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर जश्न मनाया।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा चंद्रयान-3 की सफलता इसरो नेतृत्व और वैज्ञानिकों की पीढ़ियों की मेहनत का नतीजा है।

यह सफलता बड़ी और प्रोत्साहित करने वाली है। उन्होंने ऐतिहासिक सफलता के लिए इसरो के वैज्ञानिकों की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर साफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला देश तथा चांद की सतह पर साफ्ट लैंडिंग करने वाले चार देशों के क्लब में शामिल हो गया। भारत ने इतिहास रचते हुए पूरे दुनिया में डंका बजाया है। नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने कहा हमारे वैज्ञानिकों के परिश्रम और प्रतिभा से भारत का चन्द्रयान-3 चांद के उस दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचा है, जहां आज तक दुनिया का कोई भी देश नही पहुंच सका। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्दन नारायण सिंह ने कहा चंद्रयान-3 की सफलता नए भारत की क्षमताओं और शक्ति का सशक्त प्रदर्शन है।

भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि चंद्रयान-3 की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर साफ्ट लैंडिंग होने के बाद बुधवार को शाम 7 बजे भाजपाई हाथों में तिरंगा लेकर तिकोनिया पार्क में एकत्रित हुए। ढोल नगाड़ा और आतिशबाजी के साथ एक-दुसरे को मिष्ठान खिलाकर जश्न मनाया। इसके बाद तिकोनिया पार्क से भाजपाईयों का हुजूम भारत माता की जय, वन्देमातरम्, इसरो वैज्ञानिक जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पोस्ट ऑफिस चैराहा पहुंचा और जमकर आतिशबाजी कर खुशी मनाई। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह छंगू, विजय त्रिपाठी, आनन्द द्विवेदी, आलोक आर्या, विजय सिंह रघुवंशी, आशीष सिंह रानू, बबिता तिवारी, रेखा निषाद, सर्वेश मिश्र, इन्द्रदेव मिश्र, रजनीश मिश्रा, आकाश जायसवाल, काली सहाय पाठक, मनोज श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यातायात प्रभारी अनूप सिंह बने शाहगंज चौकी इंचार्ज



**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** सफर में बढ़ती घटना और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस ने जमीन पर उतरकर बेहतर से भी बेहतरीन काम किया है। इसका श्रेय पूर्व में रहे टीएसआई अनूप सिंह और उनकी पूरी टीम को जाता है। यातायात पुलिस ने अव्यवस्थित यातायात में एआरटीओ और परिवहन निगम के साथ संयुक्त अभियान चलाकर डग्गामारी, अनियंत्रित गति, काली फिल्म, सीटबेल्ट, हेलमेट आदि नियम के पालन में काफी पसीना बहाया है। जिसके परिणाम में नगर क्षेत्र में बहुत बदलाव दिखाई दिए है। शहर में कई यातायात पुलिस ने बूथ बनाकर अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसा है, प्रतिदिन पूरे जनपद में नियम विरुद्ध चलने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर राजस्व के रूप में सरकार का खजाना भी खूब भरा है। अनूप सिंह के ही कार्यकाल में एकल दिशा मार्ग बना, शहर के सभी चैहारें पर टीएसआई की ड्यूटी लगाकर उनकी मॉनरिटिंग कैमरे द्वारा शुरू करवाई गई, हाईवे पर चलने वाले ढ़ाबो पर खड़े होने वाले बड़े वाहनों को सड़क से हटाया गया।

# प्रेमिका के कहने पर किया था रिटायर्ड दरोगा पुत्र की हत्या, प्रेमी संग 3 पकड़े

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

प्रेमिका के प्यार में पागल एक प्रेमी हत्यारा बन गया। रिटायर्ड दरोगा के पुत्र द्वारा अपनी बहन को परेशान करने की बात कहकर प्रेमिका ने प्रेमी को इस कद्र उत्तेजित किया कि उसने दो साथियों के साथ मिलकर खौफनाक कदम उठा लिया। नतीजा ये रहा कि 20 अगस्त को प्रेमी ने रिटायर्ड दरोगा के पुत्र की नृशंस हत्या कर दी। एसपी ने आज खुलासा करके इसकी जानकारी दी है। तीनों आरोपियों को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

गोसाईगंज थानाक्षेत्र के बरूई गांव स्थित अंबेडकर पार्क के पास 20 अगस्त की सुबह 9 बजे थाना क्षेत्र के सुरौली गांव निवासी सफदर इमाम पुत्र मोहम्मद हसनैन की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अगले दिन कड़ी सुरक्षा में गांव के अंदर ही उसे सुपुर्द खाक किया गया था। एसपी सोमेन वर्मा ने गोसाईगंज पुलिस के साथ ही स्वॉट टीम को खुलासे के लिए लगाया था। स्वॉट टीम व गोसाईगंज पुलिस ने आज हत्याकांड को अनजाम देने वाले जासापारा



निवासी नीरज सिंह उर्फ भोलू, बरूई निवासी राज सिंह उर्फ राजा सिंह और जासापारा निवासी पंकज कुमार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तमंचा, जिंदा कारतूस समेत मिस कारतूस बरामद हुआ है। एसपी ने बताया कि हत्यारोपियों को गोसाईगंज कादीपुर मार्ग पर स्थित जासापारा मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त नीरज सिंह ने बताया कि पड़ोसी ग्राम बरुई में मेरा एक लड़की से प्रेम संबंध चल रहा है।उसकी एक छोटी बहन है जिस से बात करने के लिए सफदर इमाम ने कागज में अपना मोबाइल नंबर लिखकर लगातार उसके आगे-पीछे गिराता था।

जिसकी शिकायत उसने अपनी बड़ी बहन मेरी प्रेमिका से किया। जिस पर मेरी प्रेमिका ने या बात मुझसे बतलाई तो मैंने सोचा कि क्यों ना सफदर इमाम को सबक सिखा दिया जाए। 20 अगस्त को जब वो मेरे गांव जासापारा किसी काम से आया था तो वहां से लौटकर सफदर अपनी बाइक से बरुई के रास्ते सुरौली जा रहा था।

प्लानिंग के तहत मैं राज सिंह, राजन कुमार व पंकज को साथ लेकर अंबेडकर पार्क आए। चारों लोग अंबेडकर पार्क से थोड़ी दूर पर ग्राम बरुई जाने वाली पक्की सड़क पर खड़े हो गये। सफदर को हम लोगों ने रोक लिया और हम लोगों में वाद-विवाद होने लगा। सफदर इमाम ने बाइक से उतरकर मुझे व राज को थप्पड़ मार दिया और बाइक छोड़कर पैदल बरूई की तरफ भागा। तब राज सिंह ने तमंचे से उसके ऊपर फायर किया जो मिस हो गया। मैंने दौड़ाकर सफदर इमाम को थोड़ी दूर पर पकड़ लिया सफदर इमाम ने फिर से मुझे थप्पड़ मार दिया। मैंने कमर मे खोसे हुए तमंचा निकालकर उसके ऊपर फायर कर दिया। जो कि सफदर के सर में लगी और वह वहीं सड़क किनारे गिर गया।

## सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान श्री गणेश विद्यालय इंटर कॉलेज ऐहार रायबरेली के प्रवक्ता दिलीप कुमार द्विवेदी को विद्यालय में 25 वर्ष उत्कृष्ट सेवाकाल पूर्ण करने पर विद्यालय के प्रबंधक कार्तिकेय शंकर बाजपेई एवं प्रधानाचार्य सुरेश कुमार मिश्र ने सम्मानित किया।

# नैनो उर्वरक पर ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला

## इफको द्वारा धान की फसल में उर्वरक प्रबंधन एवं रोगों से रोकथाम के बताए गए उपाय

**जन एक्सप्रेस | बाजार शुक्ल, अमेठी**

कृषि वानिकी सहकारी समिति सहकारी समिति हरखूमऊ प्रांगण में नैनो उर्वरकों पर आधारित ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि खुर्शीद अहमद,कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासखंड अधिकारी अंजली सरोज, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार सिंह इफको डेलीगेट एवं सचिव हरखूमऊ कृषि वानिकी सहकारी समिति इफको क्षेत्राधिकारी शिशुपाल, अपर सहकारी अधिकारी संतलाल एडीओ सहकारिता आलोक दुबे, क्षेत्राधिकारी चक्रधर द्विवेदी, एसएफए सौरभ उपस्तिथि रहे। इफको क्षेत्राधिकारी शिशुपाल द्वारा इफको नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं इफको के अन्य उत्पाद के




प्रयोग, लाभ, सावधानियां की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही रासायनिक उर्वरकों पर कैसे निर्भरता कम की जा सकती है,के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की।

एवं वर्तमान में धान में उर्वरक प्रबंधन, कीड़े मकोड़े एवं रोगों से रोकथाम के उपाय बताएं। एडीओ सहकारिता ने नैनो उपलब्धता, उत्पादन के बारे में बताया। आईएफएफ डीसी क्षेत्राधिकारी चक्रधर द्विवेदी ने सभी को नैनो उर्वरक प्रयोग हेतु सलाह दी। अपर जिला सहकारी अधिकारी संत लाल ने कार्यक्रम में नैनो उर्वरक उपलब्धता, जरूरत, लाभ के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार सिंह द्वारा सभी से नैनो उर्वरक प्रयोग करने हेतु आग्रह किया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी को नैनो उर्वरक प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम में 60 प्रगति शील किसान उपस्तिथि रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने महिला थाना का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक इलामारन जी द्वारा महिला थाना गौरीगंज के थाना परिसर, कार्यालय, अभिलेख, महिला हेल्प डेस्क व सीसीटीवी कैमरों आदि का निरीक्षण किया गया और उपस्थित अधिकारी, कर्मचारीगणों को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने का आवश्यक आदेश, निर्देश दिया गया।

**बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा:** बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र की विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बैंकों



के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई। बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी। बैंक ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को चेक कर सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने का निर्देश दिया गया।

# बूथों पर वोटर चेतना महाअभियान चलाएं कार्यकर्ता: संत बक्श सिंह

**जन एक्सप्रेस | गौरीगंज, अमेठी**

गुरुवार को गौरीगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर वाटर चेतना महाअभियान की कार्यशाला सम्पन्न हुई।जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी क्षेत्र संत बक्स सिंह चुन्नू रहे। कार्यशाला जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। मुख्य वक्ता संत बक्श सिंह चुन्नू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। जिसमें एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए युवावो को सूची में नाम शामिल करने के लिए कार्यकर्ता घर-घर सर्वे करके वाटर बनवाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि एक बहुत बड़ा युवा वोटरों का वर्ग मोदी की



नीतियों से प्रभावित होकर के भाजपा को ही वोट करता है। इसलिए 18 वर्ष की आयु पूरा कर चुके कोई भी नौजवान छूटने न पाए। और उनको वोटर जरूर बनाएं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को ज्यादा से ज्यादा वोटर बनाकर पार्टी की नीति, रीति से अवगत कराकर उनका जोड़ना एवं भाजपा के पक्ष में मतदान करना है। कार्यशाला को जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में प्रमुख रूप से अशोक मौर्य जिला कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र शुक्ला विधि प्रकोष्ठ राम प्रसाद मिश्रा जिला कोषाध्यक्ष रमेश तिवारी जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी दुबे मंडल प्रभारी केशव सिंह, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा निमिषा त्रिपाठी, मंडल प्रभारी सूर्य नारायण तिवारी मंडल प्रभारी शंकर बक्श सिंह मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, जिला मंत्री भागीरथी मौर्य सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मातृभूमि सेवा मिशन इकाई द्वारा निशुल्क योग शिविर का किया जा रहा है आयोजन



**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

बाहरी मौन व आन्तरिक उमंग के उत्सव का, और आन्तरिक शांति और बाहरी उत्सव का एक सुखद सम्मिश्रण है आध्यात्म। जब कभी मन में दुविधा हो, मन भ्रमित हो या व्याकुल हो तो योगाभ्यास करते ही हम पाते हैं मन में एकदम निश्चलता आ जाती है। योगासन का यही बड़ा प्रभाव है कि मन की सब दुविधाएँ और द्वन्द शान्त हो जाते हैं। मन का नकारात्मक बातों पर चिपकना-मन की वृत्ति है। परंतु योगासन व ध्यान की सहायता से मन सहज ही निराशा और नकारत्मकता से ऊपर उठ कर जीवन की आनंद भरी प्राणमयी शक्ति का अहसास करता है। शरीर को ठीक रखने के लिये आसन होते हैं, और मन की मानसिकता व भावुकता को ठीक रखने के लिये प्राणायाम। शरीर के अलावा आसन मन के लिये भी लाभदायक हैं, और मन के साथ साथ प्राणायाम शरीर के लिये। दोनों के बीच में कोई स्पष्ट भेद नहीं है। ध्यान से आध्यात्मिक व्याकुलता, निराशा, खिन्नता और उदासीनता दूर होती है। इसीलिये कहा गया है-योग मन में चलने वाली सभी अनगिनत क्रियाओं को शांत करता हैउक्त बाते संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय ने कही। योग प्रशिक्षक बृजमोहन ने बताया कि योगाभ्यास करने से हमारे जीवन में भौतिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्तरों पर आते सभी दुख दूर होते हैं। योग के अनुशासन में बँधे रहते सभी प्रकार के, ज्ञात या अज्ञात शारीरिक और मानसिक दुख दर्द से छुटकारा पाया जा सकता है। हमें अपने अन्तरूकरण की शुद्धि की आवश्यकता है। नींद लेकर हम अपनी थकावट तो दूर कर लेते हैं पर गहरे छिपे तनाव शरीर में बसे रहते हैं। ध्यान, योग और सुदर्शन क्रिया द्वारा हम चेतना की गहरी से गहरी परत को भी शुद्ध कर सकते हैं। तब हम अंदर से खिलते हैं और पूर्ण, शक्तिशाली और समग्र बनते हैं।

# सीडीओ की अध्यक्षता में गोवंश अनुश्रवण मूल्यांकन की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

जनपद स्तरीय गोवंश अनुश्रवण मूल्यांकन समीक्षा समिति के साथ जिले में संचालित समस्त गोवंश आश्रय स्थलों के माइक्रो मैनेजमेंट के पर्यवेक्षण आदि विषयों पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण एवं भरण पोषण के सम्बन्ध में निर्गत दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गो आश्रय स्थलवार एवं संरक्षित गोवंशों के भरण पोषण, मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना अन्तर्गत गोवंश सुपुर्दगी, एस0एफ0सी0 फण्ड पूलिंग के साथ-साथ जनपद में निराश्रितध् बेसहारा विचरण कर रहे गोवंशों को शत-प्रतिशत संरक्षित कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी रायबरेली द्वारा प्रतिभागी अधिकारियों को शासनादेशानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 अनिल कुमार द्वारा अवगत कराया कि जनपद में 74 गौशालाएं कियाशील है, जिनमें 21541 निराश्रित गोवंश संरक्षित है। इन ग्राम पंचायतों में कुल 480 को



सम्बद्ध ( टैग्ड) करके उपलब्ध राज्य वित्त आयोग की धनराशि का 15 प्रतिशत प्रत्येक ग्राम पंचायत से गो आश्रय स्थल की ग्राम पंचायतों को एस0एफ0सी0 के माध्यम से धनराशि का हस्तानान्तरण किया जा रहा है तथा वर्तमान में सम्बद्ध ग्राम पंचायतों द्वारा कुल रू0 3060429.00 मात्र (तीस लाख साठ हजार चार सौ उन्तीस रूपये मात्र) एस0एफ0सी0 ग्राण्ट से पूल किया जा चुका है। सभी खण्ड विकास अधिकारियों को पूलिंग की धनराशि बढ़ाये जाने एवं गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण अवधि दिनांक 25 से 28 तारीख को विकास खण्ड स्तरीय समिति द्वारा किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया। जनपद में मा0 मुख्यमंत्री निराश्रित ध् बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना अन्तर्गत 2119 पशुपालकों ध् कृषकों को सुपुर्दगी के माध्यम से लाभान्वित किया गया। गौशलाओं में संरक्षित गोवंशों के भरण पोषण हेतु 151301 कुन्तल भूसा संरक्षित है। मुख्य मार्गों पर विचरण कर निराश्रित गोवंशों को संरक्षित गोवंशों को गौशालाओं मे संरक्षित किये जाने हेतु सम्बन्धित उप जिलाधिकारयों को नयी गोवंश आश्रय स्थलों की स्थापना हेतु भूमि का चिन्हांकन किये जाने के कड़े निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया कि बैंक खाते में प्रत्येक माह की 05 तारीख तक ऑनलाइन डी0बी0टी0 प्रक्रिया के तहत पशुपालन निदेशालय द्वारा सीधे हस्तान्तरित किया जायेगा। इस क्रम में डी0बी0टी0 माध्यम से भुगतान हेतु माह जून व जुलाई 2023 की भरण-पोषण धनराशि की डिमांड पशुपालन निदेशालय को प्रेषित किया जा चुका है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त नामित नोडल अधिकारी गो आश्रय स्थल, समस्त उप मुख्य/पशु चिकित्साधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# एडीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) पूजा मिश्रा ने बुधवार को तहसील डलमऊ में बाढ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम अम्बहा में पाया गया कि बाढ़ का पानी अभी आबादी से दूर है तथा कुछ खेतों में फसल आशिक रूप से डूबी हुई पायी गयी। किसी जानमाल के नुकसान की कोई घटना प्रकाश में नहीं आयी है। गांव का कोई भी सम्पर्क मार्ग बाढ़ के जल से अवरुद्ध नहीं पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्लोरीन की गोलियां आदि आवश्यक दवाइयों का वितरण समुचित रूप से होना पाया गया। ग्रामवासियों को बाढ़ की किसी संभावित स्थिति के दृष्टिगत सावधान रहने तथा तत्काल सम्बन्धित अधिकारियोंध्कर्मचारियों को सूचित करने हेतु सम्पर्क सूत्र व अन्य आवश्यक जानकारियाँ उपलब्ध करायी गयी। अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) ने बाढ़ चैकियों के प्रबन्धन सम्बन्धी सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि बाढ से होने वाली किसी भी सम्भावित क्षति को रोकने के लिए आवश्यक कदम तत्काल प्रभाव से उठाने, संसाधन जुटाने व जिम्मेदारी तय करने सम्बन्धी दिशा-निर्देश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी दौरान अपर जिलाधिकारी वि0रा0 ने उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा पशुओं के टीकाकरण से सम्बन्धित गतिविधियों का जायजा लिया गया। गाँव के अन्दर एक रास्ते पर कुछ कीचड़ तथा गन्दगी आदि पायी गयी। जिसकी सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश खण्ड विकास अधिकारी डलमऊ को दिए गए। अपर जिलाधिकारी वि0रा0 ने पूरे रेवती गौशाला में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गौशाला के चारों तरफ कुछ जलभराव की स्थिति बन रही है किन्तु पशुओं के मुख्य आश्रय स्थल पर ऐसी कोई समस्या नहीं है। गौशाला में साफ-सफाई पशुओं के स्वास्थ्य सम्बन्धी रख-रखाव एवं चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर उपजिलाधिकारी डलमऊ, खण्ड विकास अधिकारी डलमऊ, चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डलमऊ, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डलमऊ, आदि उपस्थित रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । शुक्रवार । 25 अगस्त 2023



**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# अजय राय ने संभाली पार्टी की बागडोर

- कांग्रेस सड़कों पर करेगी संघर्ष : अजय राय
- राहुल को प्रधानमंत्री बनाने में यूपी अदा करेगा महत्वपूर्ण भूमिका
- हम डटकर भाजपा के अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे, बुलडोजर का मुंहमोड़ देंगे जवाब



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय नेहरू भवन लखनऊ में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे और बारिश के बावजूद भी पूरे प्रदेश से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हुजूम पार्टी मुख्यालय पर उपस्थित रहा। कांग्रेस जनों ने स्मृति चिन्ह, पुष्प एवं वस्त्र देकर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत किया। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि काशी की सोच और मिजाज ही कांग्रेस की सोच और मिजाज है, मैं उसी काशी से आया हूं जहां पर हिंदू, मुस्लिम ,सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन सभी धर्म हमारे लिए एक समान हैं। यही कांग्रेस की सोच है,वहीं काशी सारनाथ में जो महात्मा बुद्ध को सुनने वाले मात्र पांच लोग थे ।उन पांच लोगों ने बौद्ध धर्म का प्रचार शुरू किया और आज पूरी दुनिया में कोने कोने में बौद्ध धर्म फैल गया,महावीर का जन्म वहीं हुआ ।हमारे प्रसिद्ध संत रविदास भी वही पैदा हुए, जिन्होंने कहा मन चंगा तो कठौती में गंगा अगर मन साफ रखेगा तो गंगा मैया आपकी घर की कठौती में आयेंगी , कबीर दास जिनकी अमृतवाणी थी उनका जन्म स्थान भी काशी है। हम सब लोग मंच पर बैठे हुए हैं हमारे पूर्व अध्यक्ष बृजलाल खाबरी बैठे हैं। उन्होंने कहा अजय से लिया अजय को दिया है मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपका सम्मान कभी कम नहीं होने देंगे ।हमारे सभी वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय सचिव यहां पर बैठे हुए हैं , जो सभी अपना सहयोग और आशीर्वाद हमको दे रहे हैं, मैं सभी को विश्वास दिलाता हूं कि उत्तर प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ता की ताकत और आपके सहयोग से पार्टी को 2024 में सफलता दिलाऊंगा, आज की तारीख 24 से 2024 की तैयारी शुरु है। प्रदेश की तानाशाह जुल्मी दमन करने वाली सरकार से जनता के लिए लड़ेंगे, हम डरने वाले नहीं हैं, प्रदेश और देश की सरकार ने 2015 में जेल भेजा लेकिन अजय राय झुका नहीं क्योंकि मेरे साथ पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं की ताकत थी। अजय राय ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझ जैसे एक साधारण कार्यकर्ता को एक साधारण व्यक्ति को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने, सोनिया ने, राहुल ने, बहन प्रियंका गांधी ने हमें यह जिम्मेदारी सौंपी है और इस कठिन दौर में जब लोकसभा चुनाव 8 महीने होने वाला है, इस कठिन जिम्मेदारी का निर्वाह हम सबको करना है हमारे सभी नेता जो यहां पर बैठे हैं ,हमारे सभी कार्यकर्ता जो भाई हैं , हमारे मीडिया के पत्रकार के साथी हैं आप सभी सहयोग करिए और साथ दीजिए ।हम विश्वास दिलाते हैं कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकर्ता के साथ गांव के घर- घर हर चौराहे पर दिखाई देगी और लड़ते हुए दिखाई देगी क्योंकि हम सभी लोग डरने वाले लोग नहीं हैं, लड़ेंगे और लड़कर जीतेंगे किसी के दया और कृपा पर नहीं हम लड़कर जीतेंगे, चाहे उसका कोई परिणाम सामने आएगा चाहे लाठी चले- चाहे गोली चले हम छाती खोल कर सामने खड़े होगें,पीछे नहीं हटेंगे, मैं उत्तर प्रदेश में बैठी सरकार से बताना चाहता हूं जो दमनकारी योगी और मोदी सरकार है, कि हम बोलने वाले लोग हैं जो संघर्ष करने वाले लोग हैं , उनको ईडी, सीबीआई, और बुलडोजर से डरवाया जाता है , हम अन्याय के खिलाफ़ लड़ेंगें,बुलडोजर का मुंह मोड़ देंगें, उस बुलडोजर के आगे खड़े हो जाएंगे अन्याय और अत्याचार नहीं सहेंगे ,सरकार पत्रकार की बोलती बंद करने का प्रयास करती है हम अन्याय के खिलाफ़ लड़ेंगे, आज इतनी बड़ी संख्या में जो पूरे प्रदेश से लोग आए हैं पूरे प्रदेश से आशीर्वाद मिला है वही हमारी ताकत है हमारे युवा कांग्रेस साथी ,महिला कांग्रेस के साथी , सेवा दल के साथी ,छात्र संगठन के साथी, हमारे सभी कांग्रेस के संगठन के लोग मजबूती के साथ उत्तर प्रदेश के अंदर एक संदेश देंगे कि हम परिवर्तन करेंगें।

### संविधान बचाने के लिए जारी रहेगा संघर्ष : खाबरी

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें करीब 10 माह का कार्यकाल मिला। अजय कुमार लल्लू से कार्यभार मिला था और अजय राय को सौंपते हुए खुशी हो रही है। वह हमारे साथ प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं। पूर्व सांसद खाबरी ने कहा कि भाजपा सरकार की दमन नीति की परवाह किए बगैर हर जिले में जाकर संविधान बचाओ आंदोलन चलाया। यह आंदोलन निरंतर चलता रहेगा। दलित-मुसलमानों के हितों को बचाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। एक एक लोकसभा को तय करके लक्ष्य निर्धारित करना होगा।

### नेता और कार्यकर्ता का फर्क मिटा दें : तिवारी

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि संकल्प लें कि 2024 हमारा होगा। इसके लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष को नेता और कार्यकर्ता के बीच फर्क मिटाना होगा। उन्होंने कहा कि सलमान खुर्शीद और हमारी राम- रहीम की जोड़ी रही है। हम सभी को इस तरह की जोड़ी बनाते हुए सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा का नारा दोहराना पड़ेगा। चंद्रयान का जिक्र करते हुए कहा प्रधानमंत्री पर हमला बोला। कहा कि वह देश से बाहर थे। यही वजह है कि चंद्रयान सकुशल लैंड कर गया। इंडिया गठबंधन अब एनडीए के अंत की वजह बनेगा। क्योंकि वर्ष 2019 में हमारे पास सिर्फ 37 फीसदी वोटबैंक था। अब इंडिया के जरिए 56 फीसदी हो गया है। कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि मोदी नफरत लाए तो राहुल की मोहब्बत की दुकान खोल देना।

# चेहल्लुम और जन्माष्टमी को भी खुलेंगे स्कूल

## शिक्षा विभाग मनाएगा एक से 15 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

शिक्षा मंत्रालय की पहल पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से एक से 15 सितंबर तक स्कूलों में स्वच्छता पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया है। विभाग की ओर से इसके लिए प्रतिदिन का अलग-अलग कार्यक्रम जारी किया गया है। इसमें तीन व दस सितंबर को रविवार, छह सितंबर को चेहल्लुम और सात सितंबर को जन्माष्टमी का भी कार्यक्रम निर्धारित है। जबकि शैक्षणिक कैलेंडर में चेहल्लुम और जन्माष्टमी की छुट्टी है। इसे लेकर शिक्षकों में काफी नाराजगी है। शिक्षा मंत्रालय ने मई में एक से 15 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाने के निर्देश दिए हैं। इसे लेकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद की ओर से मई में ही पंद्रह दिन का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसमें छात्रों, शिक्षकों और समुदाय की सक्रिय भागीदारी के साथ विद्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाने व इससे संबंधित गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए हैं। इसके तहत स्वच्छता शपथ, विद्यालयों में साफ-सफाई, पानी की बेहतर व्यवस्था, निबंधन, स्लोगन, पेंटिंग, भाषण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के आयोजन होने हैं। इन गतिविधियों की फोटो भी वेबसाइट पर अपलोड करनी है। सितंबर करीब आने के साथ ही इसे लेकर बीएसए की ओर से भी निर्देश जारी किए जा रहे हैं। फिर से छुट्टियों में स्कूल खोले जाने से शिक्षकों में नाराजगी बढ़ रही है।

> “मोहर्रम की छुट्टी और 13 अगस्त रविवार को भी स्कूल खोले गए थे। सितंबर में तीन-सात सितंबर को रविवार और छह को चेहल्लुम, सात को जन्माष्टमी की छुट्टी में स्वच्छता पखवाड़ा मनाने का निर्देश दिया जा रहा है। प्रतिकर अवकाश भी खत्म कर दिया गया है। यह शिक्षकों के साथ अन्याय है। सरकार हमें 30 दिन का ईएल दे।
> **- निर्भय सिंह, उपाध्यक्ष**
> उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ

### यह है निर्धारित कार्यक्रम

- एक सितंबर- स्वच्छता शपथ दिवस
- दो-तीन सितंबर- स्वच्छता जागरूकता दिवस
- चार-पांच सितंबर- सामुदायिक सहभागिता
- छह सितंबर- ग्रीन स्कूल मुहिम
- सात-आठ सितंबर- स्वच्छता प्रतिभागिता दिवस
- नौ-दस सितंबर- हाथ धुलाई दिवस
- 11 सितंबर- व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस
- 12 सितंबर- स्वच्छता विद्यालय प्रदर्शनी दिवस
- 13-14 सितंबर- स्वच्छता कार्यकलाप दिवस
- 15 सितंबर- पुरस्कार वितरण दिवस

# 148 ग्रामों में नये चकों पर चकदारों को दिलाया गया कब्जा

- कार्य में शिथिलता एवं अनुशासनहीनता पर निलम्बन की हुई कार्यवाही : चकबन्दी आयुक्त

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में प्रचलित उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम 1953 के अन्तर्गत जोतों के संहतीकरण एवं नवीन अधिकार अभिलेख निर्माण की प्रक्रिया अनवरत गतिमान है तथा नवीन ग्रामों में चकबन्दी कराये जाने के विषय में निरन्तर मांग उठती रही है।इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री की प्रेरणा से शासन स्तर पर अनुमोदनोपरान्त गत माह जुलाई में 137 ग्रामों में चकबन्दी प्रसार के सम्बन्ध में अधिसूचना निर्गत की जा चुकी है तथा पुनः 04 ग्राम व 374 ग्राम में चकबन्दी प्रारम्भ कराये जाने के सम्बन्ध में शासन द्वारा अनुमोदन माह अगस्त में प्रदान कर दिया गया है, जिसमें से 04 ग्रामों में इस आशय की अधिसूचना निर्गत की जा चुकी है तथा 374 ग्रामों में विज्ञप्ति निर्गत करने का कार्य प्रक्रियान्तर्गत है। चकबन्दी आयुक्त जी.एस. नवीन कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा-24 के अन्तर्गत 148 ग्रामों में नये चकों पर चकदारों को कब्जा दिलाया गया 6424 हे0 क्षेत्रफल पर चकबन्दी योजना का पुष्टिकरण तथा 28916 गाटों के नये अधिकार अभिलेख तैयार कराये गये हैं। उक्त के अतिरिक्त 24 ग्रामों की चकबन्दी क्रियायें पूर्ण करने के पश्चात उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा-52 (1) के अन्तर्गत विज्ञप्ति माह अगस्त में निर्गत की जा चुकी है। सम्पूर्ण प्रदेश में चकबन्दी न्यायालयों द्वारा इस वित्तीय वर्ष में माह जुलाई तक 60977 वादों का निस्तारण किया गया। कृषकों के हित में चकबन्दी कार्यों को गति प्रदान करने हेतु एआई. ब्लॉकचेन, ड्रोन एवं रोवर सर्वे आधारित चकबन्दी कराया जाना प्रस्तावित है, जिससे चकबन्दी कार्य पारदर्शिता के साथ त्रुटिरहित रूप से कराया जा सके।उन्होंने बताया कि विभाग में कार्य संस्कृति को बेहतर बनाने के लिए एवं अनुशासनहीनता पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सुनील अग्रवाल, धीरेन्द्रजीत सिंह, अच्छेलाल, कल्याण प्रताप सिंह, रमेश बाबू व ललित कुमार 06 चकबन्दी अधिकारियों एवं राजनाथ यादव, सहायक चकबन्दी अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की गई, जिसमें से सुनील अग्रवाल व धीरेन्द्रजीत सिंह चकबन्दी अधिकारी व राजनाथ यादव, सहायक चकबन्दी अधिकारी को निलम्बित किया गया है। इसके अतिरिक्त कार्य में शिथिलता बरतने के लिए चकबन्दी निदेशालय के श्रीकृष्ण विमल, कनिष्ठ सहायक तथा अनिल मिश्र, वरिष्ठ सहायक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुए उन्हें निलम्बित किया गया।

# पुलिस कर्मियों को बेहतर सुविधा को लेकर सरकार गम्भीर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के जनपदों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए 26वी वाहिनी पीएसी गोरखपुर में वाहिनी के पास पुराने धोबी घाट हेतु उपलब्ध भूमि पर टाइप प्रथम स्पेशल टाइप के 30आवासों के निर्माण हेतु 4 करोड़ 30 लाख 41 हजार रूपये व जनपद कौशाम्बी के थाना चरवा के अन्तर्गत ग्राम सभा काजीपुर में नवीन थाना संदीपनघाट के अनावासीय भवन के निर्माण कार्य हेतु 3 करोड़ 86 लाख 89 हजार रूपये से अधिक की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है।प्रमुख सचिव गृह ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत 26वी वाहिनी पीएसी गोरखपुर में वाहिनी के पास पुराने धोबी घाट हेतु उपलब्ध भूमि पर टाइप प्रथम स्पेशल टाइप के 30 आवासों के निर्माण हेतु 4 करोड़ 30 लाख 41 हजार रूपये व कौशाम्बी के थाना चरवा के अन्तर्गत ग्राम सभा काजीपुर में नवीन थाना संदीपनघाट के अनावासीय भवन के निर्माण कार्य हेतु 3 करोड़ 86 लाख 89 हजार रूपये की धनराशि के आदेशनिर्गत कर दिये गये है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिये गये है। निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण कराया जाय ताकि यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप निर्मित भवनो का बेहतर उपयोग हो सके।

# सपा के विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे उमेश पांडेय ने थामा बीजेपी का दामन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय पर गुरूवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष पूर्व विधायक एवं मऊ जिले की मधुवन विधानसभा से 2022 में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी उमेश चन्द्र पाण्डेय ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि मऊ जिले के बडे नेता उमेश चन्द्र पाण्डेय अपने साथियों के साथ समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर उनका तथा उनके साथियों का स्वागत करता हूं। भाजपा की विचारधारा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सेवा सुशासन तथा गरीब कल्याण की नीति से प्रभावित होकर उमेश चन्द्र पाण्डेय भाजपा परिवार का हिस्सा बनें है। उन्होंने कहा कि उमेश चन्द्र पाण्डेय के समर्थकों सहित भाजपा में आगमन से अन्त्योदय का संकल्प मजबूत भी होगा। हम सभी मिलकर जनकल्याण व जनसेवा के भाव से कार्य करते हुए जनमानस तक मोदी सरकार व योगी सरकार की उपलब्धियों, नीतियों, योजनाओं को पहुंचाकर प्रदेश में 80 कमल खिलाने का माध्यम बनेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भाजपा परिवार में शामिल होने पर उमेश चन्द्र पाण्डेय का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा परिवार की तरह आपके साथ खड़ी है और हम सब मिलकर मोदी व योगी के नेतृत्व में सेवा-सुशासन व गरीब कल्याण का संकल्प लेकर काम कर करेंगे। श्री पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी अपराध तथा अपराधियों को संरक्षण देने वाली पार्टी है और सपा के प्रत्याशी चयन की प्राथमिकता में भी अपराधी ही है। सपा जब-जब सत्ता में आयी तब-तब प्रदेश में गुण्डागर्दी, अपराध, माफियाओं को प्रोत्साहित करने का काम किया है। सपा के कुकृत्यों की सजा जनता उन्हें दे रही है। अभी आगे और भी सजा बाकी है। उमेश चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी अपराधियों और दहशतगर्दों की पार्टी है। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सबका-साथ, सबका-विकास, सबका-विश्वास व सबका प्रयास का संकल्प लेकर सेवा, समर्पण व गरीब कल्याण के भाव से भाजपा के एक सिपाही के रूप में काम करूंगा।

# किसानों के हितों के लिये प्रदेश सरकार कटिबद्ध : स्वतंत्र देव

- किसानों की आय दोगुना किये जाने की दिशा में राज्य सरकार अग्रसर
- जल शक्ति मंत्री ने किया 'लघु सिंचाई भवन' का शिलान्यास
- राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने गिनाईं किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाएं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए कटिबद्ध है और उनकी समस्याओं के प्रति बहुत जागरूक भी है। राज्य के लघु एवं सीमान्त किसानों को समय से सुनिश्चित व नियंत्रित सिंचाई उपलब्ध कराने की दिशा में निरन्तर काम कर रही है। किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराते हुए व उनकी कृषि उत्पादकता में वृद्धि करते हुए उनकी आय को दोगुना किए जाने की दिशा में प्रदेश सरकार अग्रसर है। यह बातें उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने गुरुवार को ''लघु सिंचाई भवन'' के शिलान्यास समारोह में कहीं। वे यहां आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। शहीद पथ, मेदांता अस्पताल के सामने स्थित लघु सिंचाई विभाग मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री जल शक्ति दिनेश खटीक भी मौजूद रहे। नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव और सचिव बलकार सिंह समेत विभाग के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों की भी कार्यक्रम में उपस्थिति रही।जल शक्ति मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ''संकल्प पत्र-2022'' के अनुसार किसानों के हितों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ''मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना'' के तहत उथले, मध्यम गहरे, गहरे नलकूप निर्माण के साथ पहली बार शासकीय अर्द्ध शासकीय भवनों पर रूफटॉप रेन वॉटरव हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना की जा रही है। विन्ध्य व बुन्देलखण्ड क्षेत्र के पठारी इलाकों में ब्लास्टवेल की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। राज्य मंत्री जल शक्ति दिनेश खटीक ने कहा कि लघु एवं सीमान्त किसानों को समय से सिंचाई की सुविधा प्रदान करके ही हम अपने उद्देश्य में सफल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता है और प्रदेश के अन्न भण्डारण में उल्लेखनीय वृद्धि उनकी मेहनत से ही सम्भव हो पायी है।नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने प्रदेश के सिंचित क्षेत्रफल में लघु सिंचाई विभाग के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विभाग किसानों को सुनिश्चित व नियंत्रित सिंचाई उपलब्ध कराने के साथ-साथ वर्षा जल संचयन व भूजल संवर्द्धन की दिशा में भी निरन्तर कार्य कर रहा है। नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के सचिव बलकार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश, लघु सिचाई संसाधनों की बदौलत ही न केवल प्रदेश वासियों के लिए अन्न का पर्याप्त उत्पादन कर रहा है बल्कि देश के अन्न उत्पादन क्षमता में भी उल्लेखनीय योगदान कर रहा हैं।नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के विशेष सचिव राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि किसानों की कृषि उत्पादकता में वृद्धि में लघु सिंचाई विभाग का उल्लेखनीय योगदान है और विभाग के निरन्तर प्रयासों से किसानों की आय निश्चित ही दोगुनी होगी। भूगर्भ जल विभाग के निदेशक बीके उपाध्याय ने कहा कि लघु सिंचाई विभाग द्वारा चेकडैम निर्माण व तालाबों के जीर्णोद्धार के माध्यम से वर्षा जल संचयन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है।

# पिंक बसों के संचालन हेतु महिला चालकों के प्रशिक्षण का प्रारंभ होगा दूसरा बैच : दयाशंकर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश सरकार की मंशानुरूप पिंक बसों के संचालन हेतु सितम्बर 2022 से 21 महिला चालको का विभिन्न डिपो में प्रशिक्षण चल रहा है। महिला चालको के प्रशिक्षण हेतु द्वितीय बैच के लिए कौशल विकाश मिशन द्वारा अनुमति प्राप्त हो गई है। कानपुर स्थित प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों की 23 महिलाए प्रशिक्षण हेतु उपयुक्त पाई गयी है। महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। शेष 04 आवेदन और प्राप्त होने के उपरान्त द्वितीय बैच का संचालन शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होने बताया कि रजिस्ट्रेशन करा चुकी 23 महिला अभ्यर्थियों में से 05 महिलाए कानपुर नगर एवं एक एक महिलाएं कानपुर देहात, फतेहपुर, लखनऊ, रायबरेली. आगरा, फिरोजाबाद. औरैया, मैनपुरी, जालौन, चित्रकूट धाम बस्ती, शाहजहांपुर, शामली आदि जनपदो से है।

# चनवातारा गांव में फर्जी तरीके से घरौनी बनाने वाले दो युवकों से पुलिस कर रही पूछताछ

- 50 रुपए प्रति घरौनी कर रहे थे वसूली, प्रधान प्रतिनिधि ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ





**बीकेटी।** बख्शी का तालाब क्षेत्र में मकानों में फर्जी तरीके से घरौनी बनाने का मामला सामने आया है। बता दें कि गुरुवार को प्रधान प्रतिनिधि उदय भान सिंह ने खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में जाकर जानकारी ली तो मामला फर्जी निकला। वहीं उन्होंने बीकेटी थाना पुलिस को सूचना देकर दोनों आरोपियों बीकेटी पुलिस को सौंप दिया। आपको बता दें कि बख्शी का तालाब विकासखंड के ग्राम पंचायत कठवारा के मजरा चनवातारा में फर्जी तरीके से दो युवक घरौनी बना रहे थे। वहीं दोनों युवक ग्रामीणों से उसके एवज में 50 रुपए प्रति घरौनी के हिसाब से वसूल रहे थे। जब इसकी जानकारी जब प्रधान प्रतिनिधि उदयभान सिंह को हुई तो उन्होंने इस संबंध में पहले खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में इस तरह का कोई भी कार्य करवाने की अनुमति किसी को नहीं दी गई है और न ही हमें इस बारे में प्रशासन से कोई भी पत्र मिला है। प्रधान प्रतिनिधि ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घरौनी बना रहे लोगों से जब इस बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि डीएम साहब के आदेश पर हम लोग घर घर जाकर घरौनी बना रहे हैं। सके एवज में 50 रू लेकर उसकी रसीद भी दे रहे हैं। प्रधान प्रतिनिधि को जब यह मामला कुछ संदिग्ध लगा तो उन्होंने उन दोनों युवकों को पकड़कर बीकेटी पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम राजेश कुमार पुत्र त्रियोगी नारायण शाह निवासी मैमूर बिहार व दूसरे युवक ने अपना नाम चंदन कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी वार्ड नं 11 कैमूर मभुआ बिहार बताया, प्रधान प्रतिनिधि की तहरीर पर बीकेटी पुलिस आरोपियों को पकड़कर पूछताछ करने में जुटी है। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उनको सुपरवाइजर मनोज उर्फ शिवकुमार निवासी मेड़िया थाना सुनार जिला कैमुर, बिहार ने कई लोगों को इस काम के लिए बीकेटी क्षेत्र के अन्य गांवों में लगाया है। वही बीकेटी थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों युगों से पूछताछ की जा रही है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# चंद्रयान-3 की सफलता

### 140 करोड़ भारतीयों के जीवन का स्वर्णिम पल बन गयी है

**पूरी दुनिया में सैटेलाइट के माध्यम से टेलीविज़न प्रसारण, मौसम की भविष्यवाणी और दूरसंचार का क्षेत्र बहुत तेज गति से बढ़ रहा है और चूंकि ये सभी सुविधाएं उपग्रहों के माध्यम से संचालित होती हैं, इसलिए संचार उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने की मांग में बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि इस क्षेत्र में चीन, रूस, जापान आदि देश प्रतिस्पर्धा में हैं, लेकिन यह बाजार इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि यह मांग उनके सहारे पूरी नहीं की जा सकती। ऐसे में चंद्रयान-3 की कम बजट में सफल लैंडिंग के बाद व्यवसायिक तौर पर भारत के लिए संभावनाएं पहले से अधिक बढ़ गयी है।**

*लगभग 41 दिनों की अद्भुत व अविस्मरणीय यात्रा के बाद, 23 अगस्त 2023 का दिन, 140 करोड़ दिलों की धड़कने और दुनियाभर की नजरें जिस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए बेसब्री से इंतज़ार कर रही थी। आखिरकार वो पल आ ही गया और जब हमारे चंद्रयान-3 ने चाँद के साउथ पोल पर सफल लैंडिंग कर विश्वपटल पर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। इस शुभ लैंडिंग से पूरा देश उत्साह व ऊर्जा से सराबोर है। हमारे वैज्ञानिकों ने पूरे देश को गौरवान्वित करने का एक ओर मौका दिया है, इस सफलता के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों, कर्मचारियों के अथक परिश्रम को कोटि-कोटि साधुवाद एवं बधाई। अब से चाँद पर भी अशोक स्तंभ के रूप में भारत की छाप स्थापित हो गयी है। इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के लिए तीन मुख्य उद्देश्य निर्धारित किए थे। पहला लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग कराना। दूसरा चंद्रमा पर रोवर की विचरण क्षमताओं का अवलोकन और प्रदर्शन और तीसरा चंद्रमा की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसके विज्ञान को अभ्यास में लाने के लिए चंद्रमा की सतह पर उपलब्ध रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करना। इस पूरी यात्रा में चंद्रयान-3 ने अपने इन तीनों उद्देश्यों को बखूबी पूरा किया है। आगे आने वाले समय में शायद चंद्रयान-3 से हमें ऐसी अनेकों जानकारियां मिल सकती हैं, जिसके बारे में अभी सोच पाना मुश्किल है। लगभग 615 करोड़ रुपये की लागत से बने और 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से यात्रा शुरू करने वाले चंद्रयान-3 के पूरे सफर ने पहले दिन से प्रत्येक भारतीय को अपने से जोड़े रखा और दुनियाभर से करोड़ों लोग टकटकी लगाए इस यात्रा से लगातार जुड़े रहे। इसरो ने पृथ्वी से दूर कई बार चंद्रयान-3 की कक्षाएं बदली थीं। पृथ्वी की अलग-अलग कक्षाओं में परिक्रमा करते हुए एक अगस्त को स्लिंगशाट के बाद पृथ्वी की कक्षा छोड़कर यान चंद्रमा की कक्षा की ओर बढ़ा था। पांच अगस्त को इसने चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया। छह अगस्त को पहली बार कक्षा बदली। इसके बाद नौ, चौदह और सोलह अगस्त को कक्षाओं में बदलाव कर यह चंद्रमा के और नजदीक पहुंचा। सत्रह अगस्त को चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अलग-अलग हो गए और लैंडर मॉड्यूल चंद्रमा की सतह की ओर बढ़ा। 18 और 19 अगस्त को दो बार डीबूस्टिंग (धीमा करने की प्रक्रिया) के बाद लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल चाँद की सबसे करीबी कक्षा में पंहुचा और इस असंभव लगने वाली चंद्रयान-3 की यात्रा को आख़िरकार हमने चुनौतियों के बावजूद भी पूरा कर लिया। बीच-बीच में कई बार दिलों की धड़कनें तेज भी हुईं और डर भी लगा, लेकिन अंत भला तो सब भला। भारत साउथ पोल पर पहुँचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। साउथ पोल से भारत को ऐसी सब जानकारियां मिल सकती हैं, जो वहां पर जीवन की संभावनाओं और अन्य संबंधित क्षेत्रों से जुड़ी संभावनाओं को ओर अधिक गति प्रदान करेगा। साउथ पोल पर पानी की सम्भावना की तलाश का मतलब होगा एक नई जिंदगी। इससे मंगल पर जाने के लिए चंद्रमा पर उतरकर फ्यूल ले सकेंगे। हाइड्रोजन-ऑक्सीजन मिलकर स्वच्छ राकेट फ्यूल बना सकते हैं, इससे पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ा जा सकता है। साउथ पोल पर कीमती धातुओं के रूप में सोना, प्लेटिनमम, टाइटेनियम और यूरेनियम होने की संभावना है। वहां पर बड़ी मात्रा में नॉन रेडिओएक्टिव हीलियम गैस और इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने में काम आने वाली धातुएं भी मिल सकती हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है, पोषण से वंचित गरीबों की संख्या 2015-16 में 30.40 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 18.45 प्रतिशत रह गई है। इसमें कहा गया है कि बच्चों और किशोरों की मृत्यु दर में भी सुधार हुआ है, जो 2015-16 में 3.81 प्रतिशत से गिरकर 2019-21 में 2.20 प्रतिशत हो गई है। राज्य में मातृ स्वास्थ्य में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मातृ मृत्यु दर 2015-16 में 25.20 प्रतिशत से घटकर 2019-21में 15.97 प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा, खाना पकाने के ईंधन तक पहुंच नहीं रखने वाले गरीबों का प्रतिशत 2015-16 में 34.24 प्रतिशत के मुकाबले 2019-21 में 17.95 प्रतिशत था।**

# भारत की आर्थिक छलांग के लिए यूपी महत्वपूर्ण क्यों?



आर.के. सिन्हा

**उत्तर प्रदेश में पिछले छह वर्षों में जो विकास और जनकल्याण के कार्य दिखे हैं, वे पहले भी हो सकते थे। लेकिन, पिछली सरकारों में इच्छाशक्ति का अभाव स्पष्ट दिख रहा था। उन्होंने किसानों और व्यापारियों का भरपूर शोषण किया, युवाओं के साथ अन्याय भी किया और महिलाओं की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डाला।**

आप उत्तर प्रदेश के किसी भी शहर में आज दिन या रात को जाएं तो आपको एक दशक पहले की तुलना में अभूतपूर्व अंतर दिखाई देगा। नोएडा से लेकर आगरा और कानपुर से लेकर बनारस तक, आपको हर जगह चमचमाते बाजार, मॉल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान दिखाई देंगे। यूपी में किसी से भी बात करें, निश्चित रूप से वह अब यही कहता है कि यूपी आगे बढ़ रहा है और कानून-व्यवस्था बिल्कुल ठीक है। नए उत्तर प्रदेश में आपका स्वागत है, जो बड़ी संख्या में पर्यटकों और निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। यहां आर्थिक गतिविधियां तीव्र गति से संचालित की जा रही है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिल्कुल सही कहते हैं कि उनका राज्य बीमारु श्रेणी से बाहर निकलकर अब सक्षम राज्य बनने की ओर अग्रसर है। उनकी यह टिप्पणी नीति आयोग द्वारा जारी उस रिपोर्ट के बाद आयी, जिसमें कहा गया कि भारत में 2015-16 से 2019-21 के बीच 13.5करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी की रेखा से ऊपर उठकर बाहर निकले। गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट वाले राज्यों में यूपी शीर्ष पर है। यूपी में गरीबी में सर्वाधिक कमी वाले जिले महराजगंज (29.64 प्रतिशत), गोंडा (29.55 प्रतिशत), बलरामपुर (27.9 प्रतिशत), कौशांबी (25.75 प्रतिशत), लखीमपुर खीरी (25.33 प्रतिशत), श्रावस्ती (24.42 प्रतिशत), जौनपुर (26.65 प्रतिशत), बस्ती (23.36 प्रतिशत),ग़ाज़ीपुर (22.83 प्रतिशत), कुशीनगर (22.28 प्रतिशत),और चित्रकूट (21.40 प्रतिशत) है। जो लोग यूपी को जानते हैं वे आपको बताएंगे कि इन जिलों की हालत पहले बहुत खराब थी। इसलिए यदि भगवान राम और कृष्ण की जन्मस्थली यूपी से दिल को छू लेने वाली ऐसी सुखद खबर आ रही है तो यह न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के लिए एक शुभ संकेत है। बीमारू (हिंदी में बीमार) शब्द का प्रयोग अक्सर बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को संदर्भित करने के लिए किया जाता रहा है। आमतौर पर इसका अर्थ यह होता है कि ये राज्य आर्थिक विकास, स्वास्थ्य,शिक्षा , कुपोषण , सड़क , बिजली , पानी समेत अन्य सभी सूचकांकों में पिछड़े हुए हैं। भारत को यदि 10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है तो इसके लिए बडी आबादी वाले उत्तर प्रदेश में



**भारत समेत दुनियाभर में गरीबी कम करने, जीवन स्तर में सुधार के लिए सबसे शक्तिशाली और टिकाऊ यदि कोई रास्ता है तो वो आर्थिक विकास ही है, और मिशन 1ट्रिलियन में यूपी को बदलने की क्षमता है।**

प्रति व्यक्ति आय को बढाना भी अति आवश्यक है। यह भी सत्य है कि नए परिसीमन के चलते उत्तर प्रदेश पूर्व के मुकाबले राजनीतिक रूप से आज अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। भारत के आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति में बड़ी भूमिका के निर्वाहन में यूपी, समाज के विभिन्न स्तरों के साथ राजनीतिक नेतृत्व के जरिए योगदान दे सकता है। यदि उत्तर प्रदेश नेतृत्व करे तो इसमें कोई शक नहीं कि भारत एक प्रमुख राजनीतिक शक्ति बन सकता है। यूपी को आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अनुसंधान एवं विकास, आईपी और एआई के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन, रक्षा उत्पादों के निर्माण और फार्मास्यूटिकल्स सरीखे उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने दावा किया कि 2015-2016 से 2019-2021 तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में उत्तर प्रदेश में गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक से पता चला है कि इस अवधि के दौरान 13.5 करोड़ लोगों में से अकेले यूपी में 3.43 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। यह एक चौंका देने वाली संख्या है। 36 राज्यों,केंद्र शासित प्रदेशों और 707 प्रशासनिक जिलों पर केंद्रित रिपोर्ट उत्तर प्रदेश में सबसे तेज गति से गरीबों की संख्या में कमी का इशारा करती है। गरीबी कम होने के मामले में बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान जैसे राज्य यूपी के बाद ही आते हैं। सरकार ने दावा किया है कि रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि राज्य भर के गांवों में गरीबों की संख्या तेजी से घटी है। इतना ही नहीं स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन की गुणवत्ता सरीखे मानकों पर भी बेहतरीन परिणाम दिखे हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट पर आगरा के उद्यमी और रोटरी क्लब के प्रमुख मनीष मित्तल कहते हैं कि पूरे उत्तर प्रदेश में उत्साहजनक माहौल है। राज्य सभी क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है। मेरा विश्वास करें, हमारा व्यवसाय अच्छा चल रहा है और हम आर्थिक विकास में एक लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार हैं। काम के इच्छुक लोगों के लिए काम की कोई कमी नहीं है। नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है, पोषण से वंचित गरीबों की संख्या 2015-16 में 30.40 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 18.45 प्रतिशत रह गई है। इसमें कहा गया है कि बच्चों और किशोरों की मृत्यु दर में भी सुधार हुआ है, जो 2015-16 में 3.81 प्रतिशत से गिरकर 2019-21 में 2.20 प्रतिशत हो गई है। राज्य में मातृ स्वास्थ्य में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मातृ मृत्यु दर 2015-16 में 25.20 प्रतिशत से घटकर 2019-21में 15.97 प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा, खाना पकाने के ईंधन तक पहुंच नहीं रखने वाले गरीबों का प्रतिशत 2015-16 में 34.24 प्रतिशत के मुकाबले 2019-21 में 17.95 प्रतिशत था। इसके अलावा पीने के पानी से वंचित लोगों की संख्या 2015-16 में 2.09 प्रतिशतके मुकाबले 2019-21 में 0.93 प्रतिशत हो गई। इसमें कोई दो राय नहीं कि कभी विकास के पैमाने पर पिछडे यूपी में आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चौतरफा विकास हो रहा है। खैर, आज दुनिया भी यह मानने लगी है कि उत्तर प्रदेश अब गरीब और बीमारू राज्य नहीं है, बल्कि एक ऐसा राज्य है जहां पिछले छह वर्षों में 5.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। यह दुख की बात है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारें गरीबी तो दूर कर नहीं पाई, लेकिन खोखला नारा जरूर देकर गईं। सपा के नारे जातिवाद और अराजकता के चंगुल में फंसकर भ्रष्टाचार के प्रतीक बन गए।



## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | नवमी 25:58 तक |
| नक्षत्र: | अनुराधा 09:05 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | वैधृति, 18:35 |
| सूर्योदय: | 05:59 |
| सूर्यास्त: | 18:46 |
| चंद्रमा: | वृश्चिक राशि में |
| राहुकाल: | 10:47-12:23 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | श्रावण (शुद्ध) |
| शुभ मुहूर्त: | 11:57-12:48 |

## जन एक्सप्रेस

### दिए हैं झंडे गाड़ !

*लहराया है परचम ।*
*दिए हैं झंडे गाड़ ।।*
*हटा देंगे आगे भी ।*
*हो कोई पहाड़ ।।*
*रच दिया इतिहास ।*
*गौर्वांवित ये पल ।।*
*ना संदेह इसमें अब ।*
*है हमारा कल ।।*
*करतब जो दिखलाया ।*
*दुनिया रही निहार ।।*
*हो के रहेंगे पूरे ।*
*सपने सब साकार ।।*
*लाई मेहनत रंग ।*
*लोहा सबने माना ।।*
*आगे आगे होंगे हम ।*
*पीछे अब ज़माना ।।*
*हमने अपनी प्रतिभा को ।*
*सही से पहचाना ।।*
*एक सुर में ऐसे ही ।*
*रहे ये बजता गाना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*शब्दों का अपना संसारद्य नई सदी के शब्द आते-आते हवा में आए थे कुछ शब्द अप्रवासी पंछियों की तरह पर शायद ओझल हो गए। बसंत के आते ही किसी गहरी सोच की तलाश में किसी मसीहा की राह तकते तार-तार हवा में या फिर संपूर्ण ब्रह्म में शब्दों का विलुप्त होना कोई नई घटना नहीं है नई सदी में ऐसा यदा-कदा होता ही रहता है। सभी शब्द मिलकर एक जाल बुनते हैं और खुद ही उलझ जाते हैं या टूट कर बिखर जाते हैं और विचारों में खो जाते हैं या फिर अनंत या आदि में बिखर जाते हैं। कुछ न बन पाने की उलझन एक घटना होती है, शब्दों की आपस में बातचीत ना होना एक दूसरे में उलझ जाना एक एक त्रासदी होती है, और गहरी व्यथा होती है शब्द होते हुए भी कविता का ना लिखा जाना।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**मजबूर और मजबूत में ज्यादा फर्क नहीं है, स्वार्थी मनुष्य से दोस्ती करोगे तो वो आपको मजबूर बना देगा और सच्चे मनुष्य से दोस्ती करोगे तो वो आपको मजबूत बनाएगा।**

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# दाढ़ी बढ़ाने के लिए पुरुष बढ़ाएं टेस्टोस्टेरोन लेवल



**पुरुषों** के लिए टेस्टोस्टेरोन एक बहुत जरूरी हार्मोन है। शरीर में इसकी पुरुषों को कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसकी कमी से पुरुषों में सेक्स संबंधी समस्याएं, स्पर्म काउंट कम होना, पिता बनने में परेशानी, मांसपेशियों और बालों का विकास ठीक से न होने के साथ ही कई अन्य समस्याएं भी देखने को मिल सकती हैं। बालों की वृद्धि में भी यह बहुत अहम भूमिका निभाता है। पुरुषों के चेहरे पर बाल या बीयर ग्रोथ ठीक से न होने के लिए भी इस हार्मोन का शरीर में असामान्य लेवल जिम्मेदार हो सकता है। दाढ़ी के बाल बढ़ाने के लिए इस हार्मोन की मात्रा शरीर में अधिक होना बहुत जरूरी है। लेकिन अक्सर लोग यह सवाल पूछते हैं कि बीयर्ड ग्रोथ और टेस्टोस्टेरोन हार्मोन के बीच क्या कनेक्शन है? या बीयर्ड ग्रोथ के लिए शरीर में इसकी मात्रा क्यों अधिक होनी चाहिए?

**बीयर्ड ग्रोथ के लिए टेस्टोस्टेरोन कैसे बढ़ाएं:** डॉ. विकास के अनुसार, टेस्टोस्टेरोन दाढ़ी के बालों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। दाढ़ी के विकास के लिए टेस्टोस्टेरोन सबसे जरूरी और प्राथमिक हार्मोन है, जो बीयर्ड के साथ ही पुरुषों की यौन शक्ति के विकास के लिए भी जिम्मेदार होता है। हालांकि, इसके अलावा, डाइहाइड्रोटेस्टोस्टेरोन भी दाढ़ी के विकास में भूमिका निभाते हैं। जब आप आपके शरीर में किसी एक या दोनों हार्मोन्स का स्तर सामान्य या अधिक होता है, तो इससे दाढ़ी का विकास तेजी से होता है।

**संतुलित आहार लें:** आपको अपनी डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर फूड्स शामिल करने चाहिए। साथ ही, आपके आहार में कार्ब्स, फैट्स और प्रोटीन के साथ ही अन्य जरूरी पोषक तत्व भी पर्याप्त मात्रा में होने चाहिए।

**तनाव न लें:** अगर आप अधिक तनाव लेते हैं, तो यह आपके शरीर में टेस्टोरोन हार्मोन को प्रभावित करता है। इससे यौन संबंधी समस्याएं और अन्य समस्याएं भी देखने को मिल सकती हैं। इसलिए तनाव का प्रबंधन करें।

**अच्छी नींद लें:** टेस्टोस्टेरोन बढ़ाने के लिए एक अच्छी गुणवत्ता वाली गहरी नींद लेना बहुत जरूरी है। यह शरीर में हार्मोन्स के संतुलन, शरीर के विकास और रिकवरी में भी बहुत अहम भूमिका निभाता है।

**नियमित एक्सरसाइज करें:** टेस्टोस्टेरोन बढ़ाने में एक्सरसाइज बहुत प्रभावी है, खासकर अगर आप वेट ट्रेनिंग या हाई इंटेंसिटी वर्कआउट करते हैं, तो इससे आपके टेस्टोस्टेरोन लेवल में काफी तेजी से वृद्धि होती है।

**शराब, स्मोकिंग और अनहेल्दी फूड्स से परहेज करें:** अगर ये खराब आदतें आपकी जीवनशैली की हिस्सा हैं, तो इन्हें आज ही अपने लाइफस्टाइल से बाहर करें। जंक, प्रोसेस्ड और तले-भूने फूड्स का सेवन बहुत कम मात्रा में करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# चंद्रमा पर भारतीय तिरंगा



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**भारत ने पृथ्वी सूक्त के माध्यम से मानवता को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन का भी संदेश दिया। कोरोना काल में भारतीय जीवन-शैली और आयुर्वेदिक को दुनिया में पुन: प्रतिष्ठित किया है। उस समय अपने को विकसित समझने वाले देश भी लाचार हो गए थे।**

**नए** भारत की विकास यात्रा में चन्द्रयान का सफल अभियान भी शामिल हुआ। आत्मनिर्भर भारत का यह अभूतपूर्व अध्याय है। नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रयासों से संकल्प सिद्ध हो रहे हैं। इसके पहले करोना की दो वैक्सीन बना कर भारत ने अपनी प्रतिभा का दुनिया को प्रमाण दिया था। सैकड़ों देशों तक भारतीय वैक्सीन पहुंची थी। पिछले दिनों अमृत रेलवे-स्टेशन निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ था। डिजिटल अभियान में भारत की प्रगति शानदार है। यह सब अमृत काल की गरिमा बढ़ा रहे हैं। इसी अवधि में भारत जी-20 का अध्यक्ष बना। दुनिया भारत के विचारों से परिचित हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी इस समय दक्षिण एशिया में हैं। उन्होंने चन्द्रयान की चन्द्र यात्रा का सजीव प्रसारण दक्षिण अफ्रीका से देखा। वहीं से राष्ट्र को संबोधित किया और कहा कि भारत की इस उपलब्धि से दुनिया भी लाभान्वित होगी। पहले अभियान की विफलता पर मोदी ने ही वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि हमारे संस्कार, हमारा चिंतन, हमारी सोच, इस बात से भरी पड़ी है, जो हमें कहते हैं- वयं अमृतस्य पुत्राः। हम अमृत की संतान हैं, जिसके साथ अमरत्व जुड़ा हुआ रहता है। अमृत के संतान के लिए न कोई रुकावट है, ना हो कोई निराशा।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व कल्याण के दृष्टिगत दुनिया को भारतीय विरासत से परिचित करा रहे हैं। उनके प्रयासों से अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग प्रत्येक व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य हेतु बहुत उपयोगी है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ऐसे हो मानवीय तथ्यों को दुनिया में स्थापित कर रहा है। दुनिया में शांति और सौहार्द्र की अभिलाषा रखने वालों को भारतीय विरासत में ही समाधान दिखाई दे रहा है। अन्य कोई विकल्प है भी नहीं।**

हमें पीछे मुड़कर निराशा की तरफ नहीं देखना है, हमें सबक लेना है, सीखना है, आगे ही बढ़ते जाना है और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुकना नहीं है। हम निश्चित रूप से सफल होंगे। मिशन के अगले प्रयास में भी और उसके बाद के हर प्रयास में कामयाबी हमारे साथ होगी। 21वीं सदी में भारत के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने से पहले हमें कोई भी क्षणिक बाधा रोक नहीं सकती। उनका कथन सत्य साबित हुआ। चंद्रयान 3 की सफ़लता पर मोदी ने देश के वैज्ञानिकों की जमकर तारीफ की है। चंद्रयान-3 की चांद पर सफलतापूर्वक लैंडिंग होते ही प्रधानमंत्री मोदी ने तिरंगा लहराया। उन्होंने कहा कि जब हम ऐसे ऐतिहासिक क्षण देखते हैं तो हमें बहुत गर्व होता है। ये नए भारत का सूर्योदय है। हमने धरती पर संकल्प किया और चांद पर उसे साकार किया। भारत अब चंद्रमा पर है। ये क्षण मुश्किलों के महासागर को पार करने जैसा है। ये क्षण जीत के चंद्रपथ पर चलने का है। ये क्षण 140 करोड़ धड़कनों के सामर्थ्य का है। ये भारत में नई ऊर्जा, नई चेतना का है। अमृतकाल की प्रथम प्रभा में सफलता की ये अमृतवर्षा हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। अब हम चांद पर हैं। जब हम अपनी आंखों के सामने इतिहास बनते देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है। यह पल विकसित भारत के शंखनाद का है। इससे पहले कोई भी देश चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक नहीं पहुंचा है। हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत से हम वहां तक पहुंचे हैं। भारत का सफल चंद्रमा मिशन अकेले भारत का नहीं है। यह सफलता पूरी मानवता की है। प्रधानमंत्री मोदी ने नए भारत का रोडमैप बनाया था। जिसमें भारत को विकसित देशों की श्रेणी में पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अंतरिक्ष क्षेत्र में क्षमता का वाणिज्यिक रूप से उपयोग के लिए न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड नाम से नए सार्वजनिक उपक्रम का गठन किया गया है, इसका मकसद इसरो के लाभ का पूरा उपयोग करना है। यह संकल्प सिद्ध हुआ। भारतीय चन्द्रयान सफ़लता के साथ चंद्रमा की सतह पर पहुँचा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के न्यू इंडिया विजन में विकास और लोक कल्याण का समावेश है। भारत को विकसित बनाने का संकल्प है। संकल्प को सिद्ध करने की इच्छाशक्ति है। उनकी नौ वर्ष की यह यात्रा यही प्रमाणित करती है। भारत के वैज्ञानिकों ने दो-दो वैक्सीन का निर्माण करके दुनिया को चौंका दिया था। दुनिया में भारत की प्रशंसा हो रही थी। ब्राजील के राष्ट्रपति ने तो हनुमान जी द्वारा संजीवनी लाने के प्रसंग से इसकी तुलना की थी। सैकड़ों देश भारत से कोरोना लेने की लाइन में लग गए। लेकिन भारत का विपक्ष इस राष्ट्रीय गौरव से अलग रहा। उसके लिए यह भी मोदी विरोध का अवसर था। दूसरी तरफ विपक्ष के गठबंधन ने शब्दों के जुगाड़ से अपने लिए इंडिया नाम गढ़ लिया है। लेकिन उनकी कल्पना के इस इंडिया में विकास की कोई बात नहीं होती। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित बनने की दिशा में अग्रसर है। इसकी कार्ययोजना पर कार्य प्रगति पर है। इस नये भारत का रेलवे भी नया है, क्योंकि रेलवे में विकास की दृष्टि से भी नौ साल बेमिसाल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भी कि भारत विकसित होने के लक्ष्य की तरफ कदम बढ़ा रहा है। इसमें रेलवे का विकास का शामिल है।

# जिलाधिकारी ने की निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति की समीक्षा, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



जिले में बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं को विकसित करने के उद्देश्य से गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति की समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की गुणवत्तापरक निर्माण तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। मेडिकल कालेज निर्माण परियोजना व्यापक जनहित की हैं। इनमें किसी भी दशा में विलंब स्वीकार नहीं है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर जोर दिया। चेताया कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक लेटलतीफी पर जवाबदेही तय की जाएगी। कहीं कोई समस्या आ रही हो तो उन्हें एवं सीडीओ को जानकारी दें। समीक्षा बैठक में डीएम ने मेडिकल कॉलेज के अस्पताल भवन विंग-ए, विंग-बी, विंग-सी, रेजीडेंट डॉक्टर हॉस्टल, नर्स हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेज परिसर निर्माण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की एवं संबंधित को दिशा निर्देश दिए। उत्तरदायित्व अफसरों ने बताया कि अस्पताल भवन विंग डी ब्लाक में वर्तमान में कार्यरत सिटी स्कैन के शिफ्टिंग का प्रस्ताव शासन के अनुभाग-6 में लम्बित हैं, जिस कारण शिफ्टिंग कार्य नहीं किया जा सका। बैठक के मध्य डीएम ने प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं शिक्षा से वार्ताकर उक्त शिफ्टिंग कार्य का प्रस्ताव की एनओसी दिलाये जाने का आग्रह किया। डीएम के पूछने पर कार्यदायी संस्था एनकेजी ने अवगत कराया कि महिला चिकित्सालय परिसर में निर्माण कार्य के कारण जलभराव की समस्या को वर्तमान समय में वैकल्पिक व्यवस्था के साथ कार्य करा दिया एवं शीघ्र ही स्थाई रूप से समस्या का समाधान करा दिया जायेगा। प्राचार्य डॉ शैलेश गोयल ने अवगत कराया कि मेडिकल कॉलेज परिसर में भी अनेकों जगह पर जलभराव की समस्या हो रही। डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि तत्काल समस्या का समाधान कराए। कार्यदायी संस्था एनकेजी ने अवगत कराया कि मेडिकल कॉलेज के परिसर का 91.50 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। प्राचार्य ने बताया कि सड़क का कार्य अभी पूर्ण नहीं किया गया है, इस कारण मेडिकल कॉलेज के लिए उपकरण नहीं आ पा रहे। डीएम ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज से सम्बन्धित सभी कार्यों को 30 अगस्त तक पूर्ण कराया जाये। अन्यथा की स्थिति में पेनाल्टी लगाई जायेगी। 31 अगस्त को वह स्वयं मेडिकल कॉलेज परिसर का निरीक्षण करेंगे। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण समयबद्ध ढंग से गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने फेजवार निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति जानी, जरूरी निर्देश दिए। बैठक में राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलेश गोयल, सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्रा, पीडी निर्माण खंड भवन लखनऊ के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ धनीराम, कंसलटेंट एजेंसी डीएलएफ की टीम, डीएसटीओ अरविंद वर्मा सहित निर्माण संस्था से जुड़े प्रतिनिधि, अन्य संबंधित अफसर मौजूद रहे।

# जोर शोर से उठी गन्ना भुगतान की मांग

* तमाम प्रस्तावों पर हो नहीं पाई चर्चा

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सहकारी गन्ना विकास समिति की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक में 16 प्रस्तावों पर चर्चा की गई।केन ग्रोवर्स नेहरू महाविद्यालय में सहकारी गन्ना विकास समिति के निर्वातमाअध्यक्ष सुरेश चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक हुई। जिसमें बकाया गन्ना भुगतान की को लेकर हंगामा हुआ किसानों ने हर हाल में गन्ना भुगतान कराए जाने की मांग रखी। एजीएम में मौजूद चीनी मिल के महा प्रबंधक गाना क्या शासन देने के बाद भी किसान नहीं माने काफी देर तक हंगामा होता रहा। गोला की वार्षिक सामान निकाय की बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र वर्मा, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, समिति सचिव बलवंत चौधरी, निवर्तमान संचालक ईश्वरदीन वर्मा, रामू अवस्थी सुरेश यादव, बादाम सिंह, कन्हैया लाल बाजपेई, राजेंद्र प्रसाद, संजय सिंह, विजय बाजपेई आदि तमाम लोग मौजूद थे।

### एजेंडा में यह थे प्रस्ताव

सहकारी गन्ना विकास समिति की वार्षिक निकाय की बैठक में 16 प्रस्ताव रखे गए। जिसमें कई प्रस्ताव पर चर्चा भी नहीं हो पाई। सबसे पहले पिछली कार्रवाई की पुष्टि कर अनुमोदन पर विचार किया गया। समिति के आगामी क्रियाकलापों को लेकर विचार किया गया। समिति के अधिकतम दायित्व निश्चित करने पर चर्चा की गई। गन्ना मूल्य के भुगतान पर विचार किया गया। शुद्ध लाभ का निस्तारण करने पर चर्चा हुई। समिति के मेन गेट का निर्माण और टीन सेट डलवाए जाने पर चर्चा हुई।समिति के नए सदस्यों के अनुमोदन पर विचार हुआ। समिति के जीर्णशीर्ण खाद गोदाम की मरम्मत करने पर विचार हुआ। इसके साथ ही कई अन्य प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई पर किसानों का हंगामा होता रहा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पीएचडी की उपाधि से विभूषित हुए राजीव कुमार



जन एक्सप्रेस/सीतापुर। जिले के ग्राम सभा फतेहनगर के ग्राम सेमरा निवासी राजीव कुमार को राजनीति विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि से विभूषित किया गया है। उन्हें यह उपाधि डा. शकुंतला मिश्र राष्ट्रीय पुनर्वास विश्विद्यालय लखनऊ से प्राप्त हुई है। उन्होंने अपना शोध प्रबंध उत्तर प्रदेश की राजनीतिक प्रक्रिया में अनुसूचित जातियों की भूमिका (2007 से अब तक) विषय पर पीएचडी की उपाधि मिली है। राजीव कुमार ने बताया कि उन्होंने अपना शोध कार्य डा. शशि सौरभ के निर्देशन में पूरा किया। उनके पीएचडी की डिग्री पूरी करने पर विश्वविद्यालय के राजनीतिशास्त्र एवं लोक प्रशासन विभाग के शिक्षकों द्वारा उन्हें बधाई दी गयी। राजीव कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, अपनी पत्नी व बच्चों को दिया।



### पलिया मोंटेसरी स्कूल में चंद्रयान-3 का सीधा प्रसारण दिखाया गया

जन एक्सप्रेस/रिजवान खान। पलिया कलां खीरी। आज पलिया मोंटेसरी स्कूल द्वारा चंद्रयान-3 की लैंडिंग का सीधा प्रसारण बड़े पर्दे पर स्कूली बच्चों अभिभावकों व उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को दिखाया गया जिसमें विद्यालय के प्रबंधक अनूप गुप्ता, विद्यालय की प्रधानाचार्य रत्ना बाजपेई दोनों का विशेष योगदान रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने बताया कि चंद्रयान की सफलतापूर्वक लैंडिंग हिंदुस्तान की एक विशिष्ट उपलब्धि है और यह पल हिंदुस्तान की विजय का प्रत्यक्ष है इस सुभ अवसर पर अध्यापक सचिन गुप्ता, रामनिवास,महेश पंत,रश्मि सिंह,सभासद पति मनोज गुप्ता आदि उपस्थित रहें।

### छोटा हाथी (पिक अप) के बोनट पर गिरा पेड़ बड़ा हादसा टला




जन एक्सप्रेस/अमीर नगर खीरी। मोहम्मदी लखीमपुर हाइवे पर मोहम्मदी की तरफ से आ रहा छोटा हाथी (पिक अप) पर गरदहा गांव के पश्चिम में अचानक शीशम के पेड़ के गिर जाने से चालक सहित चार लोग जख्मी हो गए। अमीर नगर निवासी चालक सतीश कुमार शर्मा गाड़ी चला रहे थे।मोहम्मदपुर निवासी शमीम कुरैशी, शरीफ कुरैशी,अय्यूब कुरैशी केबिन में बैठे हुए थे। जैसे ही पिक अप गरदहा के समीप पहची कि अचानक रोड की साइट में खड़ा शीशम का पेड़ गाड़ी के बोनट पर गिर गया। जिसमें चारों लोगो को चोट आई। जिन्हें उपचार के लिए परिवार के लोग तत्काल मोहम्मदी ले गए। उपचार के बाद चारों लोगों को वापस घर भेज दिया गया, गनीमत रही की बड़ा हादसा होने से टल गया।

### हुसैनी टाइगर्स के प्रदेश अध्यक्ष सिकन्दर हुसैन के घर मोहल्ला हिदायत नगर मे एक मजलिसे अज़ा हुई



जन एक्सप्रेस/शाजिफ हुसैन। लखीमपुर खीरी। मजलिस की शुरवात तिलावते क़ुरआनेपाक से हुई जिसके बाद मुकामी शायरो ने अपने अपने कलाम को पेश किया इसी के साथ लखनऊ से आये हुई मशहूर शायर जनाब हसन फराज साहब ने अपने कलाम पेश किया लखनऊ से आये हुए आली जनाब मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी साहब ने मजलिस को ख़िताब किया मौलाना ने बताया कि इमाम हुसैन ने बताया सुकुल की मंजिल क्या है जैसे मेरे बाबा हज़रत अली अ0स0 ने अपने सोते हुए कातिल को मस्जिद मे उठा कर बताया जैसे इमाम हुसैन ने यजीद की बैअत को ठुकरा कर बताया कि इसे कहते है सुकून की मंजिल जिसमे कोई शक की गुंजाइश ना हो और जिस तरीके से इमाम हुसैन की शहादत के बाद भी ज़ुल्म नही रुका परिवार वालो को कर्बला से कैदी बनाया गया इमाम हुसैन के बेटे इमामे सज्जाद के हाथो को पीछे गर्दन मे बाधा गया फिर उनके ऊपर जलते हुए अग्गारे डाले गये कोड़े मारे गये मगर जुल्म के सामने ना हुसैन झुके ना उनका परिवार इसे कहते है सुकून की मंजिल जिसके बाद अंजुमनों ने नोहा पढ़ा और सीनाजनी की बाद मजलिस नजरें मौला का भी एहतमाम हुआ।

# मोहल्ले में पानी निकास की कोई व्यवस्था न होने से घरों में भरा गन्दा पानी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



नौरंगाबाद चौराहे से रामापुर रोड पर सड़क चौड़ीकरण के बाद सड़क के किनारे एक नाला निकाला गया है जिसकी दीवाल काफी ऊंची है,नाला बनने के बाद चार पांच दिन में रास्ता सही कर दिया जाता है लेकिन अभी तक पड़ोसी मोहल्ला गोविंद नगर को जाने वाली जो गली है वह सही नहीं की गई है जबकि यहां नाला बने हुए 15 दिन से अधिक हो चुके हैं लेकिन अभी तक कोई रास्ता सही करने नहीं आया है,कर्मचारियों द्वारा नाला बनाकर छोड दिया गया है और मोहल्लें को जाने वाला पूरा रास्ता ब्लॉक है मोहल्ले के लोग घूम कर निकलने पर मजबूर हो रहे हैं।जबकि ग्राम पंचायत सलेमपुर कोन का यह मोहल्ला काफी नीचे बसा हुआ है जिसके कारण पानी निकास न होने से भारी जलभराव बना हुआ है।जल की निकासी न होने से जलभराव की समस्या हमेशा बनी रहती है और संक्रमण बढ़ने का खतरा भी रहता है।जल निकासी की समस्या को लेकर कई बार मोहल्ले के लोगों ने आंदोलन भी किया लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है हालांकि उपरोक्त ग्राम पंचायत शहर के समीपवर्ती है लेकिन यहां के हालात बहुत खराब बने हुए हैं।मोहल्ले के लोगों के घरों का पानी एवं बरसात का पानी बहता रहता है जिसके कारण पानी निकलने की कोई व्यवस्था न होने से सड़क पर भर जाता है और बदबू आने लगती है वहीं मोहल्ले में संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बना हुआ है।बरसात का पानी सड़क पर तो भर ही रहा है इसके साथ ही घरों में भी पानी भर रहा है और लोगों को निकलने की भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रहीं हैं जो स्कूल को जाते हैं।सड़क पर करीब एक फिट तक पानी भरा हुआ है इसको निकलने की कोई व्यवस्था मोहल्ले में नहीं है उपर से मुख्य सड़क पर नाला निर्माण किया गया है जिसके चलते क्षेत्र के रास्ते भी बंद हो गए हैं।

# गन्ना साधन सहकारी समिति गोला गोकर्णनाथ की वार्षिक बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



गुरुवार को मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता व गन्ना सोसाइटी गोला के डेलीगेट ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया गन्ना साधन सहकारी समिति गोला गोकर्णनाथ की वार्षिक बैठक दिनांक 24/08/2023 को स्थान क्रेन ग्रोवर्स नेहरू पी जी कॉलेज गोला खीरी में की गई बैठक की अध्यक्ष निवर्तवान अध्यक्ष सुरेश वर्मा ने की। बैठक में गन्ना सोसाइटी के डेलीगेट ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने विरोध करते हुए कहा की लोक सभा ,विधान सभा , राज्यसभा , विधानपरिषद में सीटों की संख्या बढ़ाई जा रही है। जबकि गन्ना साधन सहकारी समिति गोला गोकर्णनाथ में संचालकों की संख्या 13 थी। उसे घटाकर 11 कर दी गई। जबकि किसानों की संख्या बढ़ी है। सरकार से अनुरोध है जो संचालकों की सीटों का परसीमन किया गया है।उसे निरस्त किया जाए। और पुनः परसीमन करके संचालकों की संख्या 13 से बढ़ाकर 15 की जाए। आने वाले गन्ने के सत्र में ट्राली व बैलगाड़ी बिकने पर नगद आधा तुरंत भुगतान किया जाय। जिससे चुलाई ढूलाई किसान की निकल सकें। और गन्ना सोसाइटी के डेलीगेंटों को 40 रूपए प्रति बैठक भत्ता दिया जाता है। इसे बढ़ाकर 500 रुपए प्रति बैठक किया जाय। एवं कीटनाशक/ नैनो यूरिक की चिढ़ाई के लिय मात्र दो ड्रोन खरीदने के लिए प्रस्ताव किया जिसका विरोध करते हुए। कहा की कम से कम पांच ड्रोन खरीदे जय। आने वाले गन्ना सत्र में गन्ना का मूल्य 350रुपेय प्रतिकुंतल से बढ़ाकर 500 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए। बैठक पूर्व चेयरमैन, आशीष सिंह, पूर्व चेयरमैन। ईश्वरदीन वर्मा, सचिव बलवंत कुमार चौधरी , जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, गन्ना मील मैनेजर चतुर्वेदी जी, गन्ना केन मैनेजर ओ डी शर्मा डेलीगेट विद्यादेवी शर्मा व सभी संचालक व बड़ी संख्या में डेलीगेट्स ने भाग लिया।

# आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष हरीश वर्मा के नेतृत्व में मोदी सरकार का भ्रष्टाचार उजागर किया गया विरोध प्रदर्शन हुआ और जिला अधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया ज्ञापन इसमें बताया गया कि जो भी रिपोर्ट आई है सीएजी की रिपोर्ट है, बताया गया कि सीएजी रिपोर्ट में केंद्र सरकार द्वारा सड़क निर्माण से लेकर आयुष्मान योजना और अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा किए जा रहे हैं, निर्माण में भारी हेरा फेरी उजागर हुई है इस रिपोर्ट से स्पष्ट है कि देश की जनता के पैसों का खुला भ्रष्टाचार हुआ है, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किसी प्रकार की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की बात नहीं की जा रही है, सीएजी की रिपोर्ट में जिन बिंदुओं को उजागर किया गया है, जैसे दरका का एक्सप्रेस वे प्रोजेक्ट 18 करोड रुपए प्रति किलोमीटर की लागत के हिसाब से बना था, लेकिन मोदी सरकार द्वारा 18 करोड रुपए प्रति किलोमीटर में बनने वाली सड़क को 250 सौ करोड रुपए प्रति किलोमीटर कर दिया गया, इसी तरह भारत माला प्रोजेक्ट में पूरे देश में 75000 किलोमीटर की सड़क बनी थी ,जिसमें सड़क की लागत15 करोड़ प्रति किलोमीटर थी लेकिन सरकार ने उसे बढ़कर लगभग 30 करोड़ प्रति किलोमीटर कर दिया। यानी 75000/किलोमीटर की सड़क में लगभग 11 लाख करोड़ का घोटाला किया गया सीएजी रिपोर्ट के अनुसार रामनगरी में अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी के द्वारा ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों को बिना टेंडर दिए ठेका देकर के लगभग 19 करोड़ 73 लाख का घोटाला किया गया इतना ही नहीं आयुष्मान भारत योजना के नाम पर मध्य प्रदेश में 400 लोगों का इलाज चल रहा है जो पहले से मृत है इस तरह अमृत के इलाज के नाम पर भी मोदी सरकार करोड़ों का घोटाला कर रही है तीन फोन नंबर पर 10 लाख से ज्यादा लोगों के आयुष्मान योजना चल रही है उसे योजना में मध्य प्रदेश में 8000 लोग हरियाणा में 41 21 लोग एक ही समय में कई अस्पतालों में एक साथ इलाज कर रहे हैं जो पहले से मृत है एनएचएआई दौर टोल नियम का उलंघन करते हुए आम जनता से गलत तरीके से 154 करोड़ रूपए वसूले गए हाल दौरा इंजन डिजाइन में अनियमता की वजह से 159 करोड़ का नुकसान हुआ जो जनता का है आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में इस भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरे प्रदेश में आज 24 अगस्त 2023 को प्रदेशवासियों विरोध प्रदर्शन कर रही हैं और जिला अधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति तक मांग करती है कि मोदी सरकार के इन घोटालों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच कराया जाए दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाए इस पर आम आदमी पार्टी की मांग है अगर इस पर उचित कार्रवाई नहीं किया गया तो पूरे प्रदेश भर में इससे भी बड़ा प्रदर्शन करने का विचार किया जाएगा।

# समाजवादी पार्टी महिला सभा ने मृतका के लिए न्याय दिलाने में मदद करने का दिया आश्वासन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



पिछले सप्ताह पलिया नगर के प्रतिष्ठित ड्राई फ्रूट व्यापारी शंकरलाल गोयल घरेलू काम झाड़ू पोछा करने वाली बालिका का शव मिला था। जिसका पुलिस द्वारा दो बार पोस्टमार्टम भी कराया गया परंतु परिवार पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की कर शैली से संतुष्ट नहीं है। इसी प्रकरण को लेकर पीड़ित परिवार ने समाजवादी पार्टी महिला सभा न्याय दिलाने में मदद करने की बात कही। इसी प्रोग्राम को लेकर समाजवादी महिला सभा पीड़ित परिवार को आज जिला अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह से मिला। पीड़ित परिवार ने ज्ञापन देते हुए अपनी मांगों को रखा। जिसमें मुख्य रूप से मृतक के शव का पुनः पोस्टमार्टम केजीएमसी के डॉक्टर के पैनल से कराया जाए। उक्त घटना की सीबीआई जांच कराई जाए सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए परिवार की जान माल की रक्षा प्रदान की जाए। पीड़ित परिवार की तरफ से मृतका के बहनोई राकेश ने बताया कि हमारे ऊपर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। और कहां जा रहा है कि तुम हमारा कुछ भी नहीं कर सकते। इसी प्रकार को लेकर समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव तृप्ति अवस्थी ने कहा कि परिवार न्याय की लड़ाई जहां तक लड़ेगा समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। इस मौके पर इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रख्याति खरे आरती जनवार कृष्ण अधिकारी मंजू शर्मा आज मौजूद रही।

# प्राथमिक विद्यालय अलीजानपुरवा में ग्राम शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




चौपाल को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी नवीन पटेल ने कहा कि बच्चों का शतप्रतिशत स्कूल में दाखिला करायें, सरकार की ओर से किताबें, यूनीफार्म, जूता मोजा आदि के लिए नगद राशि अभिभावकों के खाते में दी जाती है, ए आर पी विनय वर्मा एवं विनय गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया, शिक्षा चौपाल को ग्राम प्रधान अमित यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष जंगबहादुर यादव, तथा शिक्षामित्र संघ अध्यक्ष शिवबालक यादव, ने भी संबोधित किया। चौपाल में आस पास गांव के सियाराम चौहान, रामकुमार चौहान, संतोष चौहान, जगदीश चौहान सहित काफी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। आगंतुक अतिथियों का स्वागत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया।

# चोरी की योजना बनाते 5 शातिर पुलिस की गिरफ्त में

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** चोरी की योजना बनाते पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए युवकों के पास से चोरी में उपयोग आने वाला सामान व तमंचा कारों से बरामद हुआ है। कागजात न दिखा पाने के कारण दोनों कारों को भी पुलिस ने सीज कर दिया है। सीओ रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह, कस्बा इंचार्ज सुरेश पाल मय हमराही गुरुवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर लखनऊ रेलवे क्रासिंग के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान दो कारें आती दिखीं। पुलिस द्वारा कारें रोंककर तलाशी ली गई तो उसमें से एक लोहे का सब्बल, एक हथौड़ा, एक प्लास, एक पेंचकस, एक लोहे का पाइप, एक अवैध तमंचा दो कारतूस बरामद हुई। पूंछतांछ में कार सवार युवकों ने अपने नाम सद्दाम हुसैन पुत्र इशहाक निवासी कुतुबगंज थाना धानेपुर जनपद गोंडा, रेहान पुत्र इस्लाम निवासी बजगहनी थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी, उदय पुत्र बैजनाथ निवासी मवैय्या थाना पीजीआई , रोहित पुत्र राम चंद्र निवासी धरौरा थाना बक्शी का तालाब, राज पुत्र राहुल गौतम निवासी भीलमपुर शिरसेंडी थाना मोहनलाल गंज जनपद लखनऊ बताया। पकड़े गए युवकों को चोरी की योजना बनाने के जुर्म में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# सरकार की जीरो टॉलरेंस की धज्जियां उड़ा रही है ग्राम पंचायत गोंडा देवरिया

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान स्थापित करके ब्लॉक को प्रदेश में भ्रष्टाचार के शीर्ष स्तर पर पहुंचने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे बताते चलें पूर्व में तैनात ग्राम विकास अधिकारी सीलम वर्मा के कार्यकाल में प्रधान नागेंद्र यादव द्वारा भ्रष्टाचार की दीमक से चट करने के मंसूबे पाले बैठा प्रधान के काले कारनामों में जब सचि व ने साथ नहीं दिया तो काले साम्राज्य का बेता ज बादशाह ने अपनी बादशाहत कायम करने के लिए कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों का साथ लिया और सीलम वर्मा की विरुद्ध अनर्गल शिकायतों का दौर चलवाया उच्च अधिकारी भी इसके मकड़ जाल को समझ नहीं पाए और शीलम वर्मा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए इसका कलेस्टेर हटा दिया गया उसके बाद नये कर्मचारी की तैनत्ती हो गई ग्राम पंचायत स्वच्छ भारत मिशन के तहत चयनित थी सरकारी पैसे का अंबार लगा हुआ था नए सचिव की तैनाती पर मास्टरमाइंड प्रधान ने बहुत ही बड़ा गेम खेला और सरकारी पैसे का ऐसा दोहन किया की ग्राम पंचायत के खाते कराह उठे इसने ग्राम पंचायत में हुयुम पाइपके नाम पर लाखों रुपए का भुगतान फर्म को कर दिया गया लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है इसी तरह ग्राम पंचायत में हैंडपंप रिपोर्ट के नाम पर व्यक्ति विशेष फर्म को लाखों रुपए का भुगतान किया गया ग्राम पंचायत में पेयजल की समस्या अब भी बनी हुई है लूट खसोट का आलम यह है की प्रशासनिक खातो से ट्रेडिंग कंपनी को भुगतान किया जा रहा हैं यह तो छोटी सी काले अध्याय की कहानी है कुल मिलाकर ज्ञानेंद्र और नागेंद्र की जोड़ी ब्लॉक में धमाल मचाए हुए हैं उच्च अधिकारियों को ग्राम पंचायत की जांच सक्षम एजेंसी से करवाए जाने की आवश्यकता आम जनमानस महसूस कर रहा है।

# पांच खनन माफियाओं की 3 करोड़ से अधिक की संपत्ति को किया गया कुर्क

**डीएम के आदेश पर मुनादी पिटवाकर की गई कार्रवाई**

जन एक्सप्रेस | माधौगढ़



डीएम के आदेशानुसार अवैध तरीके से गैंग बनाकर खनन में संलिप्त गैंगस्टर के आरोपी खनन माफियाओं पर कानूनी हंटर चलाया गया। जिसमें पांच माफियाओं की करीब 3 करोड़ से अधिक की संपत्ति को मुनादी पिटवाकर कुर्क किया गया। बीते वर्ष 2022 में मध्यप्रदेश के भिंड जनपद से माधौगढ़ के रास्ते खनन माफिया लगातार अवैध खनन का परिवहन करने में लगे थे। जिस पर डीएम ने कार्रवाई करते हुए माफियाओं के ट्रकों को पकड़ा था। इस मामले में खनन का अवैध तरीके से परिवहन कराने वाले राजीव कुमार दुबे निवासी कुचलिया थाना बेवर जनपद मैनपुरी, शिवेंद्र सिंछ्ह निवासी ग्राम अलीपुरा तिर्वा रोड सौरिख जनपद कन्नौज, इंसाफ खान निवासी दलेल नगर अजीतमल जनपद औरैया, नरेंद्र कुमार और संजीव कुमार निवासीगण रामपुरा थाना ऊसराहार पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। इन लोगों पर आरोप था कि यह आर्थिक, भौतिक लाभ हेतु अवैध तरीके से गैंग बनाकर अवैध खनन में संलिप्त होकर आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस गैंगस्टर उपरोक्तगण के विरूद्ध संपत्ति जब्तीकरण की धारा 14(1) की कार्यवाही के लिए डीएम द्वारा आदेशित किया गया। इस आदेश पर माधौगढ़ के क्षेत्राधिकारी उमेश कुमार पाण्डेय, माधौगढ़ के नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी रेंढर विपिन कुमार ने मुनादी करने के बाद इन 5 माफियाओं की 3 करोड़ 20 लाख रुपये कीमत के आठ वाहनों को कुर्क कर दिया। इस कार्रवाई के बाद माफिया में हड़कंप मचा हुआ है।

## शिक्षक पर छात्र के साथ कुकर्म करने का आरोप, मुकदमा नहीं हुआ दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कुकर्मी शिक्षक ने कोचिंग पढ़ने आए छात्र के साथ कुकर्म की घटना को अनजान दे दिया। परिजनों द्वारा घटना का वीडियो बनाकर मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि उसका भतीजा गांव के जूनियर स्कूल में कक्षा छ्-का छात्र है। बताया कि वह प्राइवेट शिक्षक के यहां पिछले तीन माह से कोचिंग पढ़ने जाता है। जो 21 अगस्त की शाम अपने भतीजे को लेने शिक्षक के कमरे पर गया, तो दरवाजा अंदर से बंद था और गाने की तेज आवाजे आ रही थी। जिस पर उसने कूलर लगी खिड़की से झांककर देखा तो शिक्षक छात्र के साथ कुकर्म कर रहा था। जिस पर उसने शिक्षक के कृत्य का वीडियो बना लिया, और इसके बाद उसने शिक्षक से बात की, तो वह धमकी देने लगा। उसने शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर, कार्रवाई किए जाने की मांग की है। लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी



थाना नगर कोतवाली अंतर्गत बुधवार की शाम कोठीडीह निवासी 24 वर्षीय दिव्या पत्नी विपिन उर्फ आकाश का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर के कमरे में फंदे से लटकता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मामले में मृतका के पिता ने नगर कोतवाली को एक शिकायती पत्र देकर ससुराली जनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।
थाना रामनगर के महमूदपुर निवासी ओमप्रकाश सिंह पुत्र राम सिंह ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि वह जब अपनी पुत्री की मौत सूचना पर के उसके घर पहुंचे। तो देखा उनकी पुत्री दिव्या का शव जमीन पर लिटाया हुआ था। परिजनों का आरोप है कि उनकी पुत्री दिब्या के गले में चोट के निशान और बाएं हाथ में दात से कटने के निशान पाए गए है। जिसकी शादी उसने हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार 9 मई वर्ष 2021 को कोठीडीह निवासी रामदयाल वर्मा के पुत्र आकाश उर्फ विपिन वर्मा के साथ की थी।
लेकिन ससुराल के लोग दिव्या को दहेज को लेकर प्रताड़ित किया करते रहते थे। जिसमें वह दहेज में पांच लाख रूपये और एक कार मांग रहे थे। दहेज न देने की वजह से उन्होने दिव्या की हत्या कर दी है। जिस दिन दिव्या की मौत हुई है,उस दिन भी उसने हमें फोन कर उसके साथ हुई मारपीट की घटना को बताया था। सूचना पर तत्काल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतका का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस मामले में आने वाली पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## हमलावरों ने बीटीसी के छात्र की बेरहमी से की पिटाई, पुलिस से शिकायत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर के मोहल्ला रामनगर में एकराय हुए तीन लोगों ने बीटीसी के छात्र को मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल का मेडिकल प्रशिक्षण कराकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया रामनगर निवासी रामकुमार श्रीवास्तव का 19 वर्षीय पुत्र अंकुर श्रीवास्तव बीटीसी की तैयारी कर रहा है। जो गुरुवार की दोपहर वह मोहल्ले में ही स्थित एक दुकान पर बिस्कुट लेने जा रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के तीन युवकों ने उसको रास्ते में रोक लिया और उसके साथ विवाद करने लगे। युवक ने जब इसका विरोध किया, तो तीनों लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। वही शोर शराबा सुनकर स्थानीय लोग मौके पर दौड़ पड़े, और घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन इलाज हेतु जिला अस्पताल ले गए, और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने डॉक्टरी परीक्षण के बाद आरोपी युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर, जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# कार्यक्रम अधिकारी के निरीक्षण में अनुपस्थित दो कर्मियों के खिलाफ हुई कार्यवाही

जन एक्सप्रेस | उरई



जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार अहमद द्वारा ग्राम राहिया, रगौली, सरसौखी विकास खण्ड डकोर एवं उकासा, भदरेखी विकास खण्ड कदौरा में संचालित 08 आंगनबाड़ी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र संचालन में पायी गयी कमियों/लापरवाही के दृष्टिगत ग्राम रगौली की ममता देवी आंगनवाडी कार्यकत्री का मानदेय रोका गया है। निरीक्षण में ग्राम राहिया में विभागीय भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। जो निरीक्षण के समय खुला पाया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित पायी गई। ग्राम रगौली के विभागीय भवन में 02 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है जो निरीक्षण के समय दोनो केन्द्र खुले पाये गये है। प्रथम आंगनबाड़ी केन्द्र पर ममता कार्यकत्री अनुपस्थित थी। केन्द्र का संचालन सहायिका कपूरी द्वारा किया जा रहा है, केन्द्र पर 06 बच्चे उपस्थित थें। दूसरे केन्द्र पर कार्यकत्री का पद रिक्त होने के कारण सहायिका रामजानकी द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिस पर रामजानकी तो उपस्थित थी। लेकिन केन्द्र पर एक भी बच्चा उपस्थित नहीं था।
आंगनवाड़ी कार्यकत्री श्रीमती ममता देवी का चल माह का मानदेय अग्रिम आदेश तक रोका गया है। ग्राम सरसौखी में विभागीय भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है जो निरीक्षण के समय खुला पाया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका उपस्थित पायी गयी, केन्द्र पर मात्र 13 बच्चे उपस्थित पाये गये है। ग्राम उकासा में विभागीय भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है जो निरीक्षण के समय बन्द पाया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती सुभद्रा केन्द्र पर अनुपस्थित पायी गयी एवं सहायिका का पद रिक्त है। आंगनवाडी कार्यकत्री का मानदेय रोका गया है। ग्राम भदरेखी में विभागीय भवन में 03 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है जो निरीक्षण के समय केन्द्र खुले पाये गये है। प्रथम आंगनबाड़ी केन्द्र पर अशोक कुमारी द्वारा संचालित किया जा रहा है। सहायिका का पद रिक्त है, द्वितीय केन्द्र का संचालन रैनवसेरा आवास में आं0बा0 कार्यकत्री पुष्पा देवी एवं सहायिका शिवकुमारी द्वारा संचालित किया जा रहा है। तथा तृतीय केन्द्र विभागीय भवन में सहायिका सन्तोषी द्वारा संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्र पर विभागीय ड्रेस में उपस्थित होकर नियमानुसार केन्द्र का संचालन करें तथा विभागीय योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को दिया जाए। केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति कम होने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि 03 से 06 वर्ष आयु के पंजीकृत सभी बच्चों को प्रतिदिन केन्द्र पर उपस्थित होने हेतु आवश्यक गतिविधियां आयोजित करायी जाये। भविष्य में यदि केन्द्र पर बच्चों की संख्या/उपस्थिति में सुधार नहीं होता है तो सम्बन्धित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## किशोर स्वास्थ्य मंच का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस | रामनगर-बाराबंकी

बीपी शुक्ला इंटर कॉलेज त्रिलोकपुर में गुरुवार को किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम उद्घाटन प्राचार्य नन्हे सिंह ने किया। साथ ही कार्यक्रम का संचालन आरकेएस के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रामानुज सिंह ने किया। यहां प्रतियोगिता इंचार्ज अवधेश शुक्ला एनएमएस ने वाद विवाद-विवाद निबंध सहित नशा वृद्धि पर रोकथाम के विषय पर प्रतियोगिता कराई। जिसमें जैनब नोबी 9, डी कीर्ति गुप्ता 12 व बी तेज नारायण 12 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर कार्यक्रम में यशपाल सिंह, साकेत बाजपेई, डॉक्टर दिव्या सिंह, डॉक्टर प्रियंका नीलम सिंह, बिंदु रावत, रविकांत, विनय वर्मा, राजेश यादव, यशवंत सिंह एवं अन्य सहयोगी व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## जिला जज ने किया जेल का मासिक निरीक्षण, बंदियों को बांटे चश्मे

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** गुरुवार को शहर की स्वयं सेवी संस्था संसार वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जिला कारागार में बंद बंदियों को चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला जज रविंद्र नाथ दुबे ने बंदियों को चश्मा वितरण किया। साथ ही जिला जज ने जेल का मासिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला जज के निरीक्षण के दौरान अधीक्षक कुन्दन कुमार, जेलर आलोक कुमार शुक्ला, डॉ राशिद जमाल, फार्मासिस्ट विजय नारायण,कुलदीप सिंह, उप जेलर रंजू शुक्ला, श्रीमती रेखा,मनीश कुमार सिंह, श्री श्यामा चरण, श्री प्रेमचन्द्र मौर्या व कारागार के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थिति रहे। जिला जज ने अपने निरीक्षण में कारागार की प्रशासनिक व सफाई व्यवस्था की सराहना भी की है।

# दुष्कर्म के आरोपी को हुआ दस वर्ष का कारावास

जन एक्सप्रेस | उरई

**गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर न्यायाधीश ने 30 हजार के अर्थदंड से भी किया दंडित**

न्यायालय में विचाराधीन दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों पर साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद फैसला के साथ 30 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया कि शहर कोतवाली के एक मोहल्ले से बीती 2 फरवरी 2019 को 16 वर्षीय किशोरी को मोहल्ले का रहने वाला अखिलेश कुमार बहला फुसलाकर कर अगुवा कर ले गया था। मामले में किशोरी के पिता ने आरोपित के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मामला पंजीकृत कराया था। इस मामले के बाद पुलिस ने जांच करते हुये किशोरी को युवक के पास से बरामद किया था। पुलिस ने बयान दर्ज कराने के लिए उसे कोर्ट में पेश किया था। जिस पर पीड़िता ने युवक पर रेप करने का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस ने 376 की धारा व 3/4 पॉक्सो एक्ट की धारा में बढ़ोत्तरी की थी। पुलिस ने युवक के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय स्पेशल जज पॉस्को एक्ट में पेश किए। जिसकी सुनवाई कर रहे न्यायाधीश डॉक्टर अवनीश कुमार द्वारा गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध होने पर दोषी मानते हुए आरोपित को रेप के मामले में 10 वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही 30 हजार रुपए का का अर्थदंड भी लगाया।

## प्रत्येक सहकारी समिति में बढ़ाए जाएंगे 200 नए सदस्य

**जन एक्सप्रेस/उरई।** ग्रामीण स्तर पर लोगों सभी सुविधाएं उपलब्ध हों इसके लिए सहाकारी समितियों को बहुउद्देशीय बनाया गया है। बुधवार को जिला सहकारी बैंक के सभापति ने पैक्स के अध्यक्षों के साथ बैठक की। जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रत्येक पैक्स में 200 नये सदस्य जोड़े जाएंगे, जिससे ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ मिल सके। बैठक के दौरान सभापति बृजभूषण सिंह ने कहा कि एक सितंबर से 30 सितंबर तक प्रत्येक पैक्स में सदस्यता महा अभियान चलाया जाएगा, जिससे कि जो किसान सरकारी समितियों के सदस्य नहीं हैं, महा अभियान में उनको जोड़ा जा सके। प्रत्येक बी पैक्स में कम से कम 200 नये किसान जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालक अधिकारी सगीरुद्दीन, सह संयोजक सहकारिता अजय सिंह, डीसीडीएफ अध्यक्ष कौशल किशोर आदि मौजूद रहे।

# चाकूबाजी में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस | उरई



चाकूबाजी में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राहिया निवासी दीपू 23 वर्ष बीती 28 जुलाई की रात अपनी एक महिला मित्र के साथ मौनी मंदिर के पास से ई रिक्शा पर जा रहा था। इस दौरान ही वहां पर महिला मित्र का पति राजू निवासी मोहल्ला बजरिया आ गया था। जिसने पत्नी के साथ दीपू को देखा और उस पर चाकू से हमला कर दिया था। इस दौरान उसने दीपू के पेट में चाकू से कई वार किए थे। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद जिला अस्पताल लाया गया था। जहां पर उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने कानपुर रेफर कर दिया गया था। कई दिनों तक कानपुर में इलाज चला और वहां हालात ठीक न होने पर बुधवार रात को परिवार के लोग उसे वापस उरई ले आए थे। जिसके बाद गुरुवार सुबह ही उसे इलाज के लिए ग्वालियर ले जाया जा रहा था। लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मृतक की बहन ज्योति ने हमलावर के विरुद्ध दी थी। जिस पर पुलिस ने मामला पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष और महामंत्री का व्यापारियों ने किया जोरदार स्वागत

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी



गुरुवार को शहर के व्यापारियों ने लखनऊ अयोध्या हाईवे पर स्थित एक निजी विद्यालय के सामने अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल व प्रदेश महामंत्री डॉ अजय गुप्ता का ढोल नगाड़ों के बीच जोरदार स्वागत किया। बता दें कि श्री अशोक व डॉ अजय श्री राम जन्मभूमि न्यास के महासचिव चंपत राय से भेंट करने व प्रभु श्री राम से आशीर्वाद लेने अयोध्या जा रहे थे। इस मौके पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में वरिष्ठ वैश्य समाजसेवी पवन जैन, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, रविनन खजांची, युवा प्रांतीय उपाध्यक्ष अंकित वैश्य, जिला युवा अध्यक्ष रामेंद्र गुप्ता, युवा नगर अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, उत्तम गुप्ता मुन्ना, राजेंद्र राजू कौशल, राजकुमार गुप्ता (राजा ट्रांसपोर्ट), गौरव अग्रवाल, आशु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी जन उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट से अज्ञात युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** थाना नगर कोतवाली के अंतर्गत बंकी रेलवे स्टेशन के पास से ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। लोको पायलट की सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी देकर युवक की शिनाख्त का प्रयास किया। लेकिन कोई सफलता हाथ ना लगने पर उन्होंने मृतक का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राथमिक जानकारी में युवक की उम्र लगभग 30 वर्ष होगी। जिसके शव को पहचान के लिए 72 घंटे तक पोस्टमार्टम हाउस में रखा जाएगा।

## अज्ञात कारणों से हुई 14 वर्षीय किशोरी की मौत

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** थाना मोहम्मदपुर खाला अंतर्गत एक गांव में अचानक से तबीयत बिगड़ने पर अज्ञात कारणों से 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। असल में थाना क्षेत्र के ग्राम मोसंडी निवासी 14 वर्षीय सकीना पुत्री नसीम की बीती रात लगभग साढ़े 10 बजे अचानक से तबीयत बिगड़ गई। पास में सो रहे भाई ने देखा कि बहन सकीना अचानक से पूरा शरीर शरीर मरोड़ने लगी। जिसकी जानकारी छोटे भाई ने अपने बड़े भाई सहित परिजनों को दी। जिसपर परिजन किशोरी को लेकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया।

## पांच वाहन सीज, तीन के हुए चालान

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** निजी वाहनों का व्यवसायिक वाहनों के तौर पर प्रयोग करने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध जिले के परिवहन विभाग ने गुरुवार को पांच वाहनों को सीज किया है। तो वहीं नियमों की अनदेखी करने वाले दो वाहनों सहित एक स्कूली बस का चालान किया है। विभाग की इस कार्रवाई से डग्गामार वाहन मालिकों व चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

## फतेहपुर व रामसनेहीघाट कस्बे सीसीटीवी कैमरों से लैस

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी



जिले का फतेहपुर व रामसनेहीघाट कस्बा अब तीसरी आंख की निगरानी में होगा। इन कस्बों की मुख्य सड़कों व चौराहों पर पुलिस की नजर रहेगी। फतेहपुर में जहां 24 हाईटेक कैमरे वहीं रामसनेहीघाट में 140 कैमरे लग चुके हैं। बुधवार को एसपी दिनेश कुमार सिंह ने फतेहपुर कोतवाली में सीसीटीवी कैमरे के कंट्रोल रूम का शुभारंभ किया। यहां लगे मॉनीटरों से एक ही मिनट में पूरे कस्बे का हाल पुलिस ले सकेगी। एसपी ने कहा कि फतेहपुर में जिले का पहला सीसीटीवी कंट्रोल रूम खोला गया है। कस्बे की करीब 70 हजार की आबादी अब कैमरों की नजर में रहेगी। कस्बे के तहसील चौराहा, ब्लॉक चौराहा, सूरतगंज चौराहा, पटेल चौराहा, सट्टी बाजार चौराहा, मुशीगंज बाजार, बस स्टॉप व रेलवे स्टेशन के समेत 24 जगहों पर हाईटेक कैमरे की रेंज करीब एक किलोमीटर तक है। इस मौके पर सीओ रघुवीर सिंह, कोतवाल धीरेन्द्र कुमार सिंह, एसएसआई सतीश सिंह, सुधीर कुमार यादव आदि मौजूद थे। वहीं, रामसनेहीघाट में अब तक करीब 140 कैमरे लग चुके हैं। स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया है। एसएचओ अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भिटरिया चौराहे के अलावा हैदरगढ़, दरियाबाद, बाराबंकी व सुमेरगंज मार्ग की निगरानी की जा सकेगी।

## एसपी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थानाध्यक्षों में किया बदलाव

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एसपी ने जिले के कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए एक बार फिर फेर बदल कर दिया। जिसमें कई थानाध्यक्षों को इधर-उधर किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने बुधवार देर रात एक बार फिर फेर बदल कर दिया। जिसमें पीआरओ रहे उप निरीक्षक कमलेश कुमार को थानाध्यक्ष थाना कुठौन्द बनाया, तो वहीं उप निरीक्षक योगेन्द्र कुमार पटेल को थानाध्यक्ष डकोर से थानाध्यक्ष गोहन बना दिया। वही महिला उपनिरीक्षक रानी देवी को जालौन महिला चौकी से महिला थाने की जिम्मेदारी सौंप दी। जबकि महिला थानाध्यक्ष महिला उप निरीक्षक पूनम यादव को थानाध्यक्ष महिला थाने से प्रभारी डब्लूसीएओ भेज दिया। वही महिला उप निरी. नीलम सिंह प्रभारी डब्लू सीएसओ से चौकी प्रभारी महिला जालौन बनाया गया। जबकि चुर्खी थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक राजीव कुमार बैस को थाना चुर्खी से अपराध शाखा भेज दिया, तो वहीं निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी को कुठौंद से थानाध्यक्ष चुर्खी बनाया गया। वही रविन्द्र नाथ यादव को गोहन से अपराध शाखा भेजा गया है।

# 52 टीमें गठित, खोजेंगी कुष्ठ रोगी एक सितंबर से शुरू होगा अभियान



जन एक्सप्रेस | मसौली-बाराबंकी

क्षेत्र मे एक सितंबर से 30 सितंबर तक कुष्ठ रोगी खोजने के लिए अभियान चलेगा। इसके तहत गुरुवार को आयोजित आशा बहुओं की बैठक मे 52 टीमो का गठन किया गया। जोकि घर-घर दस्तक देकर कुष्ठ रोगियों की खोज करेंगी।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव मे गुरुवार को कुष्ठ रोगी खोजी अभियान को सफल बनाने के लिए सीएचसी अधीक्षक डा0 संजीव कुमार ने आशा बहुओं एव वेलिनेटर की बैठक हुई जिसमे 52 टीमों का गठन कर घर घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान करने का निर्णय लिया। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आशाराम चौधरी ने बताया कि 1 सितंबर से 30 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान मे गठित 52 टीमों मे एक आशा बहु व वेलिनेटर हर घर मे दस्तक देकर कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उन्हे इलाज के लिए सीएचसी बड़ागांव लाने का काम् करेगी जहा मुफ्त इलाज किया जायेगा तथा जिस कुष्ठ रोगी के शरीर में विकृति होगी उन्हे दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया जायेगा। वीसीपीएम सुनीता पाल ने बताया कि 30 दिन तक चलने वाले अभियान में आशा व स्वास्थ्य कर्मी टीम में शामिल होंगे। हर एक टीम में एक महिला व एक पुरुष शामिल होगा। महिला कर्मी द्वारा महिला की और पुरुष कर्मी द्वारा पुरुष की जांच की जाएगी। पुरुष और महिला सदस्य का अलग-अलग सर्वे रजिस्टर होगा, जिसमें परिवार का विवरण अंकित किया जाएगा। इस कार्य के लिए सभी टीमों को रजिस्टर तथा रिपोर्ट प्रपत्र उपलब्ध कराया दिया गया है। इस मौके पर एन एम एस आलम नवाज, बीपीएम मनीष श्रीवास्तव, पी एम डब्लू प्रियंका पाण्डेय सहित आशा बहु एव स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## सरयू में छोड़ा गया 2 लाख क्यूसेक पानी

**जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी।** पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश व नेपाल के बनबसा स्थित गिरजा बैराज से गुरुवार को दो लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद गुरुवार को सरयू के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि नदी अभी अपने खतरे के निशान से नीचे बह रही है। लेकिन नदी के तलहटी में रहने वाले लोगों के घर, खेत व गांव के प्राथमिक विद्यालय में कटान जारी है। जिसको लेकर तहसील प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद है। बुधवार को उपजिलाधिकारी रामनगर अनुराग सिंह ने जानकारी दी थी कि ग्राम खोजी स्थित प्राथमिक विद्यालय में नदी कटान कर रही है। जिसके चलते विद्यालय से 100 मीटर दूर गांव में एक व्यक्ति के घर पर टीन सेट डालने का कार्य किया जा रहा है जिससे कि बच्चों की पढ़ाई जारी रहे। गुरुवार को 24 घंटे के भीतर तहसील प्रशासन एसडीएम से मिले निर्देशों पर मुस्तैदी दिखाते हुए टीन शेड डालकर बच्चों की पढ़ाई शुरू करा दी। जिसको लेकर गांव के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उपजिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# सोलर एनर्जी से जगमग होगी प्रभु श्री राम की नगरी

## सोलर एनर्जी को बढ़ावा दे रही उत्तर प्रदेश की योगी सरकार



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

जहां एक तरफ राम मंदिर निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है ऐसे में केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार इन दिनों लगातार ग्रीन एनर्जी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है ताकि प्रदूषण को कम किया जा सके हैं। खत्म होने वाले प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कम हो सके। इसी के तहत योगी सरकार द्वारा प्रदेश में ऑन ग्रिड सोलर रूफ्टॉप सिस्टम योजना चलायी जा रही है। इसके तहत उपभोक्ताओं के घरों की छत पर सोलर प्लेट लगाए जाएंगे, जिससे वो बिजली का इस्तेमाल कर पाएंगे। इससे उनके बिजली की बिल में कमी आयेगी। इस बारे में यूपी नेडा द्वारा लोगों को सोलर एनर्जी के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

उप्र नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) के राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा अनुदान के रूप में सब्सिडी उपलब्ध पहल है। वर्तमान परिस्थितियों में इलेक्ट्रिक पावर को सेव किया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि अपने घरेलू विद्युत कनेक्शन की क्षमता के आधार पर ऑन ग्रिड सोलर रूफ्टॉप सिस्टम लगवाने के लिए इच्छुक व्यक्ति को एमएनआरई भारत www.solarrooftop.gov.in पर अपना आवेदन/पंजीकरण कराना होगा इस बारे में विस्तृत जानकारी यूपीनेडा पोर्टल www.upneda-solarrooftopportal.com पर जाकर की जा सकती है। पोर्टल पर वेंडर की सूची भी उपलब्ध है। जिससे लाभार्थी अपने वेंडर (संयंत्र स्थापनाकर्ता फर्म) का चयन उक्त पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं।

**किलोवाट के हिसाब से अनुदान**

यूपीनेडा परियोजना अधिकारी प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि ऑन ग्रिड सोलर रूफ्टॉप सिस्टम योजना में उपभोक्ता को केन्द्रीय एवं राज्य अनुदान दोनों का लाभ मिलेगा। केंद्र अनुदान के अन्तर्गत घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 01 किलोवाट से 03 किलोवाट तक रूफ्टॉप सोलर पावर प्लांट संयंत्र पर अनुदान 14,588 रूपये प्रति किलोवाट अनुमन्य हैं। 03 किवा से अधिक 10 किलोवाट तक संयंत्रों पर 7,294 रूपये प्रति किलोवाट अनुदान अनुमन्य हैं। इसके अतिरिक्त राज्य अनुदान रुपये 15,000 प्रति किलोवाट अधिकतम 30 हजार रुपये दिये जाने का प्रावधान है। संयंत्र की स्थापना के उपरान्त राज्य अनुदान यूपीनेडा द्वारा एवं केन्द्र अनुदान सम्बन्धित डिस्कॉम (विद्युत विभाग) द्वारा संयंत्र की क्षमता के आधार पर लाभार्थी के खाते में (डीबीटी) के माध्यम से प्राप्त होगा। योजना का क्रियान्वयन राज्यों के विद्युत वितरण कंपनियों के द्वारा किया जा रहा हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। इस योजना के अंतर्गत अब जिले में 58 लोगों से अधिक लोगों ने सोलर सिस्टम लगवाया हैं।

### सोलर एनर्जी लगवाने से क्या होता है फायदा

निर्मला हॉस्पिटल के डॉक्टर राजेन्द्र बनौधा ने बताया कि यदि आपको सौर पैनल मिलते हैं, तो इसका मतलब है कि आपके पास ऊर्जा का अपना स्रोत बनाने का मौका है। आपको पारंपरिक बिजली प्रदाताओं पर निर्भर होने की आवश्यकता नहीं है।

### 1 किवा. संयंत्र से 120 यूनिट उत्पादन

ऑन ग्रिड सोलर रूफ्टॉप सिस्टम से प्रति किलोवाट लगभग 04 यूनिट तक विद्युत उत्पादन होगा। जिससे उपभोक्ताओं को 120 यूनिट बिजली का बिल कम पड़ेगा। संयंत्र पर व्यय की गयी धनराशि 3 से 4 वर्ष में वसूल हो जाती हैं। इस बारे में पूरी जानकारी के लिए आप अपने एंड्रॉयड फ़ोन पर प्ले स्टोर से एप को डाउनलोड कर सकते हैं। इसके साथ ही आप अयोध्या जिले में स्थित विकास भवन में जाकर या मोबाइल नम्बर पर बात कर यूपीनेडा परियोजना अधिकारी से जानकारी ले सकते हैं।

### 25 साल तक चलेगा पैनल

उन्होंने बताया कि सोलर रूफटॉप योजना के तहत सोलर पैनल आप अपने घर या हाउसिंग सोसायटी की छत पर लगा सकते हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि बिजली के बिल की बचत होगी।25 सालों तक पैनल खराब नहीं होते हैं, तो इसे लगाने में जो भी पूंजी लगती हो जाएगी। इसके बाद अगले 20 सालों तक ग्राहकों को मुफ्त में बिजली को व्यवस्था हो जाएगी। पावर कट की भी समस्या नहीं रहेगी सोलर एनर्जी ग्रीन एनर्जी है तो इससे प्रदूषण नहीं होगा और पर्यावरण को इस का लाभ मिलेगा।

# मेयर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने किया स्नान घाट का निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या नगर निगम के मेयर महंत गिरीश पति त्रिपाठी द्वारा नया घाट पर अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए क्या-क्या व्यवस्थाएं हैं, उसकी हकीकत जानने के लिए गुरुवार को नगर आयुक्त विशाल सिंह के साथ स्नान घाटों का दौरा किया गया। जिसमें शौचालय की साफ-सफाई, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं को लेकर घाटों का निरीक्षण किया गया। ताकि अयोध्या आने वाले किसी भी श्रद्धालु को स्नान घाटों पर नहाने, शौचालय जाने, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम इत्यादि की व्यवस्थाएं सुदृढ़ रहें। मेयर श्री त्रिपाठी द्वारा नया घाट झुनकी घाट से लेकर कच्चे घाट तक साफ-सफाई के लिए एक खाका तैयार किया गया और पीने के लिए शुद्ध पेयजल का इंतजाम भी घाट पर ही होना चाहिए। कविराज दास ने मेयर महंत गिरीश पति त्रिपाठी और विशाल सिंह को बताया कि भगवान् राम की नगरी अयोध्या में प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में यात्री और श्रद्धालु घूमने टहलने, दर्शन-पूजन करने अपने परिवार के साथ आते रहते हैं और वे पहले माँ सरयू में पूजन अर्चन के लिए जाते हैं तो अयोध्या के स्नान घाटों पर साफ-सफाई की हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर मेयर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, विशाल सिंह, कविराज दास के साथ दर्जनों लोगों ने अपनी राय बताई।

## भारत की संस्कृति विश्व की संस्कृति को जोड़ती है : महंत जन्मेजयशरण

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** घर-घर गंगा, घर-घर गीता, घर-घर तुलसी विश्व प्रवासी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संघ का एक ऐसा महा संकल्प अभियान है जो भारत की संस्कृति को विश्व की संस्कृति से एक साथ जोड़ता है। आने वाले 05 वर्षो के भीतर 25 करोड़ परिवारों तक गंगा माता, गीता माता, और तुलसी माता एक धरोहर के रूप में सबको आशीर्वाद देने के लिए घर-घर तक प्रस्तुत होंगी। विश्व प्रवासी संघ भारत एवं अन्य देशो में प्रचार प्रसार, कार्यपशाला, गोष्ठी, सभ्मेलन और घर घर तक जन संपर्क के माध्यम से 25 करोड लोगो को जन जागरूकता से इस बिचार को एक सनातनी के रूप में सनातन की रक्षा के लिए प्रयास करेगा। इसमें विश्व के प्रवासी विशेष सहयोगी होंगें। प्रचार माध्यमो का उपयोग किया जायेगाद्य जिस दिन विश्व क समस्त सनातनियो के घर में गंगा, गीता और तुलसी का वास होगा उसी दिन भारत विश्व गुरु बन जायेगाद्य विश्व प्रवासी संघ अपने सनातन धरोहरों को संरक्षित करने में लगा हुआ है। विगत 31 वर्षो से विचार परिवार के वरिष्ठ स्वयं सेवको द्वारा संचालित किया जा रहा है और देश और विश्व में लगभग 16लाख लोग प्रवासी संघ के समर्थक हैं। भारत की संस्कृति में श्रीमन्द्रगवद् गीता अध्यात्मिक जीवन का और मानव कर्म का आदर्श है, गंगा जल अमृत है और यह प्राण है, तुलसी महा औषधि है और तीनो माता के रूप में सनातन धर्म में पूजित है।

## पीएम आवास की संपूर्णता के बाद जारी होगी तीसरी किश्त : पीओ डूडा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के दूसरे चरण के तहत जनपद में चुने गए लाभार्थियों को आवास के लिए दो किस्त जारी की जा चुकी हैं, लेकिन तीसरी किस्त के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। लेकिन तीसरी किस्त न मिलने से कई लाभार्थियों का काम पूरा नहीं हो पा रहा है ऐसी दर्जनों शिकायते मिल रही है।

बता दे कि निराश्रित लोगों को आवास मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार ने 2016 में पीएम आवास योजना आरंभ की थी। इसके जरिए सामाजिक, आर्थिक जनगणना-2011 के आधार पर पर लाभार्थियों का चयन हुआ। पहला चरण पूरा होने के बाद भी बड़ी संख्या में बेघर आबादी के बारे में मालूम चला था। इसके बाद सरकार ने वर्ष 2020 में दूसरा चरण आरंभ करने का निर्णय लिया। इसके जरिए आवास की लागत कुल 1.20 लाख तय हुई। लाभार्थी को यह रकम तीन किस्तों में दी जानी थी। इसके अलावा लाभार्थी को मनरेगा से 90 दिन की मजदूरी, शौचालय निर्माण के लिए 12000 रुपये एवं उज्जवला योजना के तहत गैस सिलिंडर एवं मुफ्त में विद्युत कनेक्शन भी दिए जाने हैं।

तीसरी किश्त न जारी होने की लगातार मिल रही शिकायत के सम्बंध में जब हमने पीओ डूडा यामिनी रंजन से सम्पर्क किया तो उनका साफ कहना है कि जो भी लाभार्थी इस योजना से पोषित है उन्हें अपनी तीसरी किस्त के लिए सम्पूर्ण मकान पूर्ण करके बकायदा डूडा के प्रतीक चिन्ह के साथ लाभ प्राप्त करने का पत्थर अपने घर पर लगाने के साथ रंग रोगन करवाना होगा। जिसके बाद उन्हें तीसरी किश्त 50 हजार रुपये की जारी कर दी जाएगी। जो लाभार्थी अपने प्रधानमंत्री आवास पर निर्धारित बोर्ड पूरी तरह से रंग रोगन नही कराएंगे उन्हें तीसरी किश्त देने ने कानूनी अड़चनों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने पीएम आवास के सभी लाभार्थियों से अपील किया है की जिन्हें दूसरी किस्त मिल चुकी है वो तीसरी किश्त के लिए अपने मकान को का रंग रोगन करवाकर निर्धारित साइज में बोर्ड लागये तभी तीसरी किस्त जारी की जाएगी।

## दशरथ महल बड़ा स्थान के संस्थापक की बड़ी धूमधाम से मनाई गई जयंती

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

चक्रवर्ती महाराज दशरथ जी का राजमहल बड़ा स्थान बड़ी जगह बाबा रामप्रसादाचार्य का अखाड़ा आदि नाम से सुविख्यात स्थान के संस्थापक किशोरी जी के अनन्य भक्त बिंदु संप्रदाय के सूत्रधार स्वामी रामप्रसादाचार्य महाराज की जयंती समारोह बड़ी उत्साह पूर्वक मनाई गई वर्तमान गौ संत परमार्थ सेवी बिंदुगद्याचार्य स्वामी देवेंद्र प्रसादाचार्य महाराज जी की अध्यक्षता एवं पवन सानिध्य में बृहद भंडारे का आयोजन किया गया ।इसके पूर्व समागत संत महंतों धर्माचार्यो की बाबा राम प्रसादाचार्य महाराज की जयंती पर उनकी दिव्य प्रतिमा पर पुष्पहार पुष्प अर्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जयप्रकाश चतुर्वेदी द्वारा विरचित पुस्तक राम प्रसाद चरितावाली का संत महंत धर्माचार्यो ने विमोचन किया। इस अवसर की साक्षी बने मिथला पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी विष्णु देवाचार्य महाराज महंत रामशंकर दास विष्णु प्रसाद नायक शास्त्री सूर्य नारायण दास वैदिक मखौड़ा धाम सहित अन्य संत महंत एवं बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए बिंदुगद्याचार्य महाराज की प्रिय शिष्य महंत रामभूषण दास कृपालु महाराज द्वारा सभी समागत संत महंत विप्र एवं अतिथि गणों को दक्षिण भेट कर विदाई प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## तेंदुए के हमले में घायल हुई बालिका मेडिकल कॉलेज रेफर

**जन एक्सप्रेस । मिहिपुरवा, बहराइच**

कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग अंतर्गत मोतीपुर वन क्षेत्र के गुलरा बक्सहिया गांव में तेंदुए के हमले में 15 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने बालिका को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। गुलरा बक्सहिया गांव निवासी 15 वर्षीय बन्नो पुत्री जगदीश जंगल से सटे अपने खेत की रखवाली करने जा रही थी। तभी झाड़ियों से निकल कर तेंदुए ने उसके ऊपर हमला कर दिया। बालिका के शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने हांका लगाकर किसी तरह तेंदुए को जंगल की ओर भगाया और घायल अवस्था में बालिका को उसके घर पहुंचाया। परिजनों द्वारा बानो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा लाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के पश्चात हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। वन क्षेत्राधिकारी मोतीपुर एस के तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। घटनास्थल पर विभागीय कर्मचारियों को भेजा गया है। सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। शीघ्र ही बानो के परिजनों को वन विभाग की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध करा दी जाएगी। ग्राम वासियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। इस संदर्भ में प्रभागीय वन अधिकारी कतर्निया घाट आकाशदीप बधावन से वार्ता करने का प्रयास किया गया।

# खण्ड विकास अधिकारी के स्थानांतरण को लेकर प्रधान संगठन ने दिया धरना

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**




अखिल भारतीय प्रधान संगठन के तत्वावधान में शिव पुर विकासखंड परिसर ग्राम प्रधानों ने धरना दिया। ग्राम प्रधान खंड विकास अधिकारी के स्थानांतरण की मांग कर रहे थे।

अखिल भारतीय प्रधान संगठन के महामंत्री सूर्य प्रकाश सिंह उर्फ बुल्लू सिंह ने आयोजित धरने का नेतृत्व करते हुए बताया कि बीते दिवस जल जीवन मिशन शक्ति योजना के तहत प्रशासनिक बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमे ब्लॉक प्रमुख के अलावा नानपारा विधायक भी मौजूद थे। खण्ड विकास अधिकारी के अकर्मण्यता तथा आयोजित बैठक की अनदेखी किये जाने के चलते प्रधान संगठन ने आक्रोश जता कर खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच व उनकी तत्काल स्थानांतरण की मांग की थी। इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा था। लेकिन बीडीओ के स्थानांतरित न होने से आक्रोशित ग्राम प्रधान संगठन ने धरना दिया। ब्लॉक प्रमुख शिवराम यज्ञसेनी व नानपारा विधायक राम निवास वर्मा ने प्रधान संगठन से वार्ता कर अवगत कराया कि बीडीओ के स्थानांतरण के लिए उच्चाधिकारियों से वार्ता हो चुकी है। शीघ्र ही बीडीओ का स्थानान्तरण हो जाएगा और उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों की भी जांच होगी। जिस पर प्रधान संगठन ने तत्कालिक धरना समाप्त कर दिया। जिला संरक्षक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट, प्रवक्ता सूरज शुक्ल ने बताया कि बीडीओ को न हटाये जाने पर 6 सितंबर से जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरने का संचालन कोषाध्यक्ष गुलाम वारिस ने किया। धरने में ग्राम प्रधान कमलेश कुमार, सिराज, आनंद कुमार, फूलमती, वीरेन्द्र कुमार, वारिस अली, शेर अली, मीरा देवी, नफीश अहमद, मीना, अजय कुमार, उमेश कुमार, रफीक, अर्पित याज्ञसेनी, अनिल मौर्य, सैफ अली व उषा देवी सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी शामिल रहे।

## आनन्द अग्रवाल बने व्यापार संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने अपने निकट सहयोगी बहराइच के युवा व्यापारी नेता आनन्द अग्रवाल को व्यापार संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। इससे बहराइच के व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। बहराइच में व्यापारियों की ओर से एक बैठक आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अग्रवाल रहे। बैठक में व्यापारियों ने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और लघु व कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने व सुरक्षा के साथ उनकी हर समस्या का निदान कराने की बात को लेकर गंभीर चर्चा की गई। नवनियुक्त राष्ट्रीय श्री अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं पर मंथन कर उन्हें एकजुट करने के लिए दिसम्बर माह में व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। जिसमें व्यापारी समाज अपनी समस्याएं रखेंगे। जिनका निस्तारण कराया जाएगा।

उन्होंने व्यापारियों का आह्वान किया कि वह संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल के आह्वान पर व्यापारी हितों के लिए किए जा रहे संघर्ष में उनका सहयोग करें। मौजूदा सरकार व्यापारियों के हित में कार्य कर रही है। बैठक में संगठन के प्रदेश मंत्री विमल डालमिया, जिलाध्यक्ष सुरेश सुल्तानिया, अतीश केडिया तथा मनोज गुप्ता सहित व्यापारी समाज के तमाम जिम्मेदार मौजूद रहे।

# सड़कों के लिए अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष काम न कराने पर डीएम नाराज

- डीएम ने बैठक कर की विकास कार्यों के 37 बिंदुओं की समीक्षा, दिए जरूरी दिशा निर्देश
- खंड विकास अधिकारियों को विकासखंड स्तर पर संचालित विकास योजनाओ की समीक्षा के निर्देश
- दिव्यांग पात्रो को चिन्हित कर पेंशन दिलाये अधिकारी
- छुट्टा जानवरों पर डीएम के सख्त तेवर, अभियान चलाकर गोवंश संरक्षण केंद्रों में संरक्षित करने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



गुरुवार को जनपद के जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों के 37 बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान कई अधिकारियों के पेच कसे और कई को जरूरी दिशा निर्देश दिए । उन्होंने विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की हीला हवाली न करने के सभी अधिकारियों को हिदायत दी है।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा नहरों में टेल तक पानी, नेहरो की सिल्ट सफाई, नई सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण, सुदृणीकरण, ओडीआर, एमडीआर राज्य मार्गों का अनुरक्षण, सेतुओ का निर्माण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, गोवंश संरक्षण, चिकित्सकों की उपलब्धता, गोल्डन कार्ड, परिवार नियोजन, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की स्थिति, दावाओ की उपलब्धता, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नेशनल एंबुलेंस सेवा, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, सामुदायिक शौचालय, हैंडपंप रिबोर, 15वे वित्त आयोग में खर्च की स्थिति, अपशिष्ट प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, एनआरएलएम समूह का गठन की स्थिति, मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, मत्स्य पालन हेतु तालाबों का आवंटन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, सामूहिक विवाह योजना, सामाजिक पेंशन योजना, छात्रवृत्ति की स्थिति, कन्या सुमंगला योजना, पोषण अभियान, सामाजिक वनीकरण, दुग्ध समितियां के गठन की स्थिति, गन्ना मूल्य भुगतान, ऑपरेशन कायाकल्प, स्वरोजगार योजना, श्रम विभाग द्वारा संचालित योजना, प्रधानमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार सृजन कार्यक्रम, सहकारिता विभाग द्वारा समितियां का गठन आदि की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान उन्होंने नहरों की सिल्ट सफाई का क्रॉस वेरिफिकेशन समिति बनाकर कराए जाने का निर्देश दिया। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा सड़कों के निर्माण हेतु अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष कम प्रगति पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने प्राप्त बजट के सापेक्ष खर्चे में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को विकासखंड स्तर पर कृषि विभाग के साथ-साथ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की नियमित एवं गहनता के साथ समीक्षा किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की खंड विकास अधिकारी आवास योजना, मनरेगा के कार्यों के साथ-साथ कृषि विभाग की योजनाएं, गोवंश संरक्षण आदि योजनाओं में रूचि दिखाएं एवं विकासखंड स्तर पर इनका सफल क्रियान्वयन करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों पर कोई भी छुट्टा गोवंश ना दिखे, इसके लिए गोवंश संरक्षण केंद्रों की क्षमता में वृद्धि की जाए तथा अभियान चलाकर छुट्टा जानवरों को गोवंश संरक्षण केंद्र में संरक्षित किया जाए। गोवंश संरक्षण केंद्र में संरक्षित गोवंश के लिए पेयजल, हरा चारा, चिकित्सीय सुविधा आदि की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने नेशनल एंबुलेंस सेवा की एंबुलेंस का सत्यापन कराए जाने एवं सत्यापन रिपोर्ट के अनुसार भुगतान किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सामुदायिक शौचायलयों का प्रयोग आमजनमानस करें इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा इनका संचालन प्रभावी ढंग से कराए जाने का निर्देश दिया।

आवास योजना शहरी के समीक्षा के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि इसमें किसी भी प्रकार की अनियमित ना हो इसका ध्यान रखा जाए वरना संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दिव्यांगजन पेंशन में अभियान चलाकर पात्रों को चिन्हित करते हुए पेंशन योजना का लाभ दिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए विकासखंड स्तर तहसील स्तर पर मेगा कैंप पर लगाया जाए। कन्या सुमंगला योजना में प्रगति लाए जाने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा कि इसमें प्रोबेशन विभाग के साथ-साथ बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग भी शामिल है । सभी संबंधित अधिकारी आपस में समन्वय करते हुए पात्रों को योजना का लाभ दें।

उन्होंने कहा कि सभी संबंधी विभागों के अधिकारी विकास कार्यों में तेजी लाए। लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचे यह सुनिश्चित करें। विकास कार्यों से संबंधित अधिकारी नवाचार करने का प्रयास करें।

# रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी को सौंपा अपनी मांगों का ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई बलरामपुर**



रोजगार सेवक एकता संघर्ष के पदाधिकारी ने विभिन्न मांगों को लेकर विकासखंड अधिकारी राजीव मोहन त्रिपाठी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। 8 सूत्रीय मांग पत्र समाधान के लिए संघ ने आरपार की लड़ाई लड़ने के लिए संकल्प लिया। तुलसीपुर विकासखंड के कौवापुर में रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में ब्लॉक के रोजगार सेवक केदारनाथ टेक नारायण यादव आशीष सिंह सुखराज सिंह धर्मपाल वर्मा पन्नालाल यादव इरशाद खान अनीस पुतुल लाल यादव कैलाश नाथ यादव संतोष कुमार दुर्गेश वर्मा गणेश कौशल ने 8 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन विकासखंड अधिकारी को सौंपा। रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष रमेश वर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में रोजगार सेवकों को 77 88 रुपए प्रतिमा मिल रहा है। लेकिन 2212 रुपए विगत 12 माह बाद भी ईपीएफ के यूएएन के खाते में जमा नहीं किया गया है। जिसके कारण मनरेगा कर्मियों की मृत्यु पर उसके आश्रित को कोई लाभ नहीं मिल पाता है। इसीलिए मृतक आशीष को इस पद पर समायोजन भी कराया जाए। साथ ही रोजगार सेवकों का मानदेय बकाया भी दिया जाए।

राज्य कर्मचारी का दर्जा रोजगार सेवकों को मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री द्वारा 4 अक्टूबर 2021 के घोषणाओ के आदेश पर जॉब चार्ट में कार्य जोड़ना सेवा समाप्ति उपयुक्त मनरेगा की ही सहमति से किया जाए। साथ ही हिमाचल प्रदेश राजस्थान मध्य प्रदेश की तरफ वेतनमान मानदेय में भर्ती की जाए। रोजगार सेवक ईमानदारी से कार्य करते हैं। इसीलिए ग्राम विकास अधिकारी भर्ती में 50त्न का कोटा ग्राम रोजगार सेवक के लिए आरक्षित की जाए। साथ ही मूल ग्राम पंचायत के साथ-साथ रिक्त ग्राम पंचायत में भी कार्य लिया जाए एवं मनरेगा की यूजर आईडी पासवर्ड सिर्फ ग्राम रोजगार सेवकों को ही दिया जाए। वही कोविद के अतिरिक्त आकस्मिक दुर्घटना से मृत्यु होने पर उसके आश्रित को सेवा में सम्मिलित कराई जाए। ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित करके राज कर्मचारी का दर्जा देने के साथ पदनाम ग्राम विकास सहायक किया जाए। सभी ग्राम रोजगार सेवक अपने गांव में ईमानदारी के साथ मेहनत लगन से मनरेगा का कार्य करने में शति प्रतिशत योगदान दे रहे हैं। लेकिन उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। समय से मानदेय न मिलाना परिवार भोजपुरी के कगार पर पहुंच जाता है। ऐसे में पूर्व वित्तीय वर्षों का बकाया मानदेय दिलाया जाए।

# वारदात को झुठलाते रहे गढ़वाखेड़ा इंचार्ज
# चोरों ने फिर दो दुकानों में बोला धावा

* ताबड़तोड़ चोरी की वारदातों से क्षेत्र में मचा हड़कंप
* 15 अगस्त को चोरों ने चार दुकानों को बनाया था निशाना

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** देर रात मनबढ चोरों ने दो दुकानों के ताले तोड़कर रेक में रखी हजारों रुपए की नगदी साफ कर दी।ठेका देशी शराब की दुकान में चोरी का प्रयास किया।सुबह दुकान खोलने पहुंचे दुकान स्वामियों को वारदात की जानकारी हुई तो क्षेत्र में खलबली मच गई। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मौका मुआयना किया। दुकान स्वामियों ने कार्रवाई के लिए थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इससे पहले भी चोर चौकी क्षेत्र में कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। गढ़वा खेड़ा चौकी क्षेत्र में ताबड़तोड़ चोरी की वारदातों से हड़कंप मचा हुआ है। चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।रात्रि गस्त को लेकर पुलिस पूरी तरह लापरवाह बनी हुई है।चोर मौका लगते ही वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस कार्रवाई के बजाए उच्चाधिकारियों को गुमराह कर वारदातों को झूठलाने का प्रयास कर रही है।बुधवार अर्धरात्रि चोरों ने कुरैया खुर्द कला नई बाजार में स्थित किराने की दो दुकानों को निशाना बना कर पुलिस के झूठ की पोल खोल दी। चोरों ने रमेश देवल की दुकान के शटर के ताले तोड़कर रेक में रखी पन्द्रह हजार की नगदी चोरी कर ली। इसके बाद पड़ोस की ही इमरान की दुकान के शटर के ताले तोड़कर 13 हजार रुपए की नगरी चोरी कर ली।सुशील कुमार की ठेका देशी शराब की दुकान से चोरी का प्रयास किया। दुकान स्वामी गुरुवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो शटर के ताले टूटे देखकर हैरान रह गए। दुकान के अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था।रेक में रखे रुपए चोरी हो गए थे।वारदात की जानकारी से क्षेत्र में खलबली मच गई। तमाम दुकानदार मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना के बाद थाना सेहरामऊ उत्तरी इंस्पेक्टर कांत शर्मा ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। दुकान स्वामियों ने कार्रवाई के लिए थाना पुलिस को तहरीर दी है। 15 अगस्त की रात चोरों ने गढ़वा खेड़ा चौराहे पर स्थित इकबाल की पेस्टिसाइड फिरदौस, तारक खां व इरफान की बैटरी की दुकान सहित चार दुकानों का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। गढ़वा खेड़ा इंचार्ज वारदात के बाद भी अंजान बने रहे। चार दुकानों से चोरी की वारदात के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की। मनबढ चोरों ने बुधवार रात पुनः दो दुकानों को निशाना बना लिया। दुकान स्वामियों ने कार्रवाई के लिए तहरीर पुलिस को दी।पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।



> तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। बरगदिया में चोरों द्वारा दंपति पर हमला करने के मामले में तहरीर न पंहुचने से रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।
> –अलोक कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर

### ताबड़तोड़ चोरियों से पुलिस व्यवस्था पर सवाल

गढ़वा खेड़ा चौकी क्षेत्र में मनबढ चोर वारदात दर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताबड़तोड़ चोरी की वारदातों से क्षेत्र में खलबली मची हुई है ।बेखौफ चोर दो सप्ताह में आधा दर्जन दुकानों के ताले तोडकर हजारों की चोरी कर चुके हैं। 15 अगस्त की रात चोरों ने चौकी से चंद कदम दूर चार दुकानों के ताले तोड़कर हजारों रुपए की चोरी की थी। चौकी इंचार्ज पूरे मामले को झुठलाते रहे ।बुधवार रात्रि को दो दुकानों से चोरी की वारदात से चौकी इंचार्ज के झूठ की पोल खुल गई।

### गौवंश चोरी करने घुसे चोरों पर नहीं दर्ज हो सकी रिपोर्ट

थाना क्षेत्र के गांव बरगदिया में गौवंश चोरी करने घुसे चोरों की आहट पर दंपति जाग गए थे ।पकड़ने के दौरान चोरों ने दंपति पर चाकू से हमला कर बुरी तरह लहू लुहान कर दिया था। दंपति की निशानदेही पर पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया था। तहरीर न पहुंचने के कारण गुरुवार देर शाम तक मूकदमा दर्ज नहीं हो सका।

# जंगल से निकलकर पोल्ट्री फार्म में घुसा तेंदुआ, सैकड़ों चूजों को मार डाला

* तेंदुए के आतंक से क्षेत्र में मची खलबली रात भर पोल्ट्री फार्म में घुसा रहा तेंदुआ

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** जंगल से निकलकर तेंदुआ रिहायशी इलाके में पहुंच गया। तेंदुआ ने आबादी के निकट बने पोल्ट्री फार्म में दाखिल होने के बाद हमला कर सैकड़ो चूजों को मार डाला।उसके हमले से दर्जनों मुर्गे घायल भी हो गए। तड़के ही तेंदुआ जंगल में वापस चला गया। पोल्ट्रीफार्म पर पहुंचे ग्रामीण ने नजारा देखा तो खलबली मच गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर जाकर जानकारी जुटाई और तेंदुए के पगचिन्ह ट्रेस किए। पोल्ट्रीफार्म के संचालक ने हजारों रुपए का नुकसान होना बताकर मुआवजे की मांग है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगलों की खुली सीमा जंगल से सटी आबादी के लोगों के लिए दुखदायी साबित हो रही है। शिकार की तलाश में बाघ और तेंदुआ आबादी क्षेत्र में दस्तक दे रहे हैं। माधोटांडा क्षेत्र में तो कई गांवों में बाघ और तेंदुए का आतंक अधिक ही है। बराही रेंज के जंगल से निकलकर तेंदुआ और बाघ आबादी क्षेत्र में पहुंचकर शिकार कर रहे हैं। इनकी रोकथाम के लोग तार बाड़ की मांग उठाते चले आ रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। बुधवार-गुरुवार की रात करीब दो बजे तेंदुआ गांव मझारा ताल्लुक महराजपुर में कुलविंदर सिंह के पोल्ट्रीफार्म पर पहुंच गया। उन्होंने बताया कि फार्म हाउस से कुछ ही दूर पोल्ट्रीफार्म है। कुछ माह पहले इसमें 12 सौ से अधिक चूजे छोड़े गए जो बड़े हो चुके थे। शाम को उनको दाना-पानी देने के बाद घर चले आए। रात में तेंदुआ फार्म हाउस में घुस गया। उसने हमला करके करीब 10 मुर्गों को मार खाया और दो सौ को कुचलकर मार दिया। इसके अलावा दर्जनों मुर्गों को हमला कर घायल कर दिया। शिकार करने के बाद तेंदुआ पोल्ट्रीफार्म से निकलकर जंगल की तरफ चला गया। सुबह पोल्ट्रीफार्म पर पहुंचे तो मुर्गों को मरा और घायल देख हतप्रद रह गए। सूचना वन विभाग को दी। इसपर बराही रेंज के वन दरोगा वशिष्ठ कुमार, फारेस्ट गार्ड संदीप मंडल आदि पहुंचे। उन्होंने तेंदुए के पगचिन्ह ट्रेस किए और नुकसान का आकलन किया। कुलविंदर सिंह ने करीब 80 हजार रुपए का नुकसान होना बताया है।

> मझारा में तेंदुए ने पोल्ट्रीफार्म में घुसकर कई जीवों को मार दिया और कई को निवाला बना डाला। इसकी सूचना पर टीम को मौके पर भेजा गया था। पोल्ट्रीफार्म के चारो तरफ और अंदर तेंदुए के पगचिन्ह मिले हैं। नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। तेंदुए की निगरानी के लिए टीम लगाई गई है। ग्रामीणों को भी सतर्कता बरतनी चाहिए।
> **अरुण मोहन श्रीवास्तव**
> रेंजर बराही, पीटीआर

## फास्ट फॉरवर्ड

### प्रधान के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** जिले के खुटहन गांव के प्रधान के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने धोखाधड़ी, परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराने के लिए कूट रचित दस्तावेज जारी करना सहित विभिन्न धाराओं में पुजिलेलिस ने केस दर्ज कर आरोपों की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी सुभाष चन्द्र पाल ने धारा 156/3 के तहत न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि खुटहन गांव में एक भी अल्पसंख्यक निवासी नहीं है। वर्तमान ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र मौर्या के द्वारा कूट रचित फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर मन्नू पुत्र फिरोज का नाम परिवार रजिस्टर में सामिल करा कर उसे गलत तरीके से गांव का निवासी बना दिया है। जो संवैधानिक ब्यवस्था के प्रतिकूल है। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत थाने से लेकर जिलाधिकारी तक की गई थी।

### जिला पंचायत सदस्य ने सांसद को क्षेत्र की समस्याएं बताई

**जन एक्सप्रेस/बीसलपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद देवरिया रमापति राम त्रिपाठी से जिला पंचायत सदस्य व उनके पति पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ने मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं को उनके समक्ष रखा सांसद ने समस्याओं का समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया है। जिला पंचायत सदस्य स्मृति पाठक व उनके पति पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नितिन पाठक ने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं देवरिया के सांसद रमापति राम त्रिपाठी से मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र की समस्याएं बताईं जिला पंचायत सदस्य ने कहा की पंचायत सहायकों की अभी तक सैलरी नहीं मिली है जिसका निराकरण कराए जाने आवारा पशुओं को गौशालाओं में रख बाय जाने सहित तीन मांगे पूरी कराए जाने की मांग की सांसद ने मांगों को गंभीरता से लेते हुए मामले को आगे पहुंच जाने का आश्वासन दिया है।

### पुलिस ने 24 घंटे के अंदर अपहृत किशोरी को किया बरामद

**जन एक्सप्रेस/बीसलपुर/दियोरिया कला।** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव से रात में तमंचे की नोंक पर परिवार के साथ सो रही 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी का घर की दीवार फांदकर अपहरण कर लिया गया था। जिस पर उसके पीड़ित पिता ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए 24 घंटे के अंदर अपहृत किशोरी को बरामद करते हुए संजीव कुमार पुत्र खेमकरन लाल निवासी गांजना सिधारपुर को गाजना नहर पुलिया के पास एक अवैध तमंचा 315 बोर एक जीवित कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा ने बताया कि किशोरी के अपहरण के आरोपी को मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर एक अवैध तमंचा एक जीवित कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार जुटी हुई है। जल्द ही शेष अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 सितंबर को

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ सितंबर को होगा। इसमें पारिवारिक, मोटर दुर्घटना, राजस्व, बैंक, विद्युत, फौजदारी आदि का आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का निस्तारण किया जाएगा। यह आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज के तत्वाधान में सुबह दस बजे से जनपद न्यायालय प्रयागराज व समस्त तहसीलों में किया जाएगा। संतोष राय जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निस्तारण कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।

### पुलिस ने लावारिस खड़े ट्रक में 61 किलो गांजा पकड़ा

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** गंगानगर के हंडिया क्षेत्र में पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने मिलकर करीब 61 किलो गांजा पकड़ा है। इसकी कीमत बीस लाख रुपए बताई जा रही है। यह गांजा लावारिस खड़ी ट्रक से बरामद किया गया है। खास बात यह है कि इसमें कोई आदमी नहीं पकड़ा गया। ट्रक पर एनएल 01 के 6543 नंबर की प्लेट लगी थी। पुलिस के अनुसार, बरौत के पास कांगापुर ग्राम के सामने ट्रक लावारिस हालत में खड़ी थी। ट्रक में कबाड़ के नीचे छिपाकर गांजा रखा गया था। ट्रक को पुलिस थाने ले आई। हंडिया के थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि विधिक कार्रवाई की गई है।

# अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




गुरुवार को जनपद के अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अत्यन्त हर्षोल्लास से मनाया गया। आज के इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्राबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता मौजूद रही उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में हाईस्कूल एंव इण्टर के गत वर्ष के विद्यालय स्तर पर चयनित टॉप 10 छात्राओं सहित पूर्व छात्रायें जो वर्तमान में उच्च पदों पर कार्य कर रही हैं। उनका सम्मान किया गया। सर्वतोन्मुखी प्रतिभा हेतु अनन्या मौर्य को कौशल्या देवी स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संस्कृत विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्राओं को मधु कुमार ने अपने सास ससुर की स्मृति में अनु यादव, प्रियांजलि व अंशिका गंगवार को पुरस्कृत किया गया। डॉ0 रश्मि प्रकाश द्वारा कला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली छात्रा रिजा बरकाती को सम्मानित किया गया। अर्चना खण्डेलवाल द्वारा दशम में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली रंजना सिंह व इण्टर में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली शिवा यादव को क्रमशः वीरेन्द्र नारायण व उर्मिल पुरस्कार से सम्मानित किया गया पूर्व छात्राओं प्रियंका, सुवर्णा पाण्डेय, इषित्वा तिवारी, प्रियंका सागर, दीक्षा गुप्ता,सुमन राठौर, प्राची सक्सेना,आरती, सुरभि कंचन, शिप्रा शुक्ला आदि को सम्मानित किया गया। एकल गीत देशभक्ति युक्त भाव नृत्य तथा पुरस्कार व सम्मान पत्र प्रदान करके कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कुमकुम अग्रवाल प्रबन्धिका, अर्चना खण्डेलवाल कोषाध्यक्षा, सविता अग्रवाल, डॉ0 रश्मि चैधरी,मधु कुमार,बृजेन्द्र कुमार अग्रवाल संरक्षक व सुशील विज की पुत्रवधु मोनिका तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# लिपिक को लखीमपुर ज्वाइन करने का अंतिम अवसर

* निदेशक (प्रशासन) ने जारी किया नोटिस, तामील कराने के आदेश
* लिपिक हीरेश कर रहे आचरण नियमावली का उल्लंघन

जन एक्सप्रेस । प्रशांत शर्मा



> वरिष्ठ सहायक हीरेश सरन सक्सेना का स्थानांतरण वार्षिक स्थानांतरण नीति में निहित प्रावधान के तहत 30 जून 2022 को पीलीभीत से लखीमपुर खीरी किया गया था। सीएमओ पीलीभीत द्वारा लिपिक को 13 जुलाई 2022 को रिलीव कर दिया गया, लेकिन अभी तक लिपिक ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। उच्च न्यायालय के आदेश पर शासन द्वारा भी लिपिक के प्रत्यावेदन पर पुनर्विचार कर लखीमपुर खीरी स्थानांतरण को उचित माना है। लिपिक द्वारा लगातार शासन के आदेशों का उल्लंघन किया जा रहा है। नोटिस भेजकर अंतिम अवसर दिया गया है।
> – डा. राजागणपति आर, निदेशक (प्रशासन), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश

**पीलीभीत।** शासन का आदेश न मानने पर निदेशक (प्रशासन) डा.राजागणपति आर ने लिपिक हीरेश सरन सक्सेना पर शिकंजा कसा है। उच्च न्यायालय के आदेश के मद्देनजर लिपिक से जवाब तलब किया गया है। निदेशक (प्रशासन) ने नोटिस की प्रति लिपिक को तामील कराने व नोटिस तामील न करने की स्थिति में लिपिक के घर नोटिस चस्पा करने के आदेश सीएमओ को दिए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक (प्रशासन) डा.राजागणपति आर ने सीएमओ कार्यालय पीलीभीत से लखीमपुर खीरी स्थानांतरित हो चुके वरिष्ठ सहायक हीरेश सरन सक्सेना को नोटिस जारी करते हुए कहा कि पूर्व में महानिदेशालय द्वारा पत्र भेजकर अनुशासन एवं अपील 1999 के नियम 10(2) के अंतर्गत सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए थे कि किस आधार पर सीएमओ पीलीभीत द्वारा 13 जुलाई 2022 को कार्यमुक्त कर दिए जाने के उपरांत अभी तक सीएमओ लखीमपुर खीरी के समक्ष अपनी आख्या प्रस्तुत नहीं की गई है। इसके अनुपालन में आपके द्वारा कोई भी स्पष्टीकरण उपलब्ध नहीं कराया गया है। निदेशक (प्रशासन) ने लिपिक को भेजे नोटिस में कहा कि इससे यह स्पष्ट होता है कि आप द्वारा निरंतर शासन/प्रशासन द्वारा दिए गए आदेशों/निर्देशों की अवहेलना की जाती है जोकि कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 के विरुद्ध है। निदेशक (प्रशासन) ने लिपिक को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देश दिया कि जनपद- लखीमपुर खीरी में वरिष्ठ सहायक के पद की कार्य आवश्यकता के दृष्टिगत एवं राजकीय कार्यहित में तीन कार्य दिवस में अपने योगदान की सूचना देते हुए प्रभार प्रमाण पत्र नियंत्रक अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में आपके विरुद्ध अनुशासन एवं अपील नियमावली 1999 के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई संस्थित कर दी जाएगी। निदेशक (प्रशासन) ने लिपिक द्वारा उच्च न्यायालय में योजित वाद के अंतर्गत दिए गए आदेश का हवाला भी दिया जिसमें उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अजीत कुमार ने कहा कि याचिका के लंबित होने का मतलब स्थानांतरण पर रोक नहीं है।

### शासन की सख्ती पर होम्योपैथिक अधिकारी फेर रहे पानी

शासन व स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा लिपिक पर स्थानांतरण आदेश के तहत कामकाज करने की सख्ती की जा रही है, लेकिन पीलीभीत के जिला होम्योपैथिक अधिकारी डा. राजीव शर्मा शासन की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। डा.राजीव शर्मा स्थानांतरित लिपिक को अपने कार्यालय में पनाह देकर अनाधिकृत रूप से सरकारी व न्यायिक प्रकृति के कामकाज करा रहे हैं। ऐसे में लिपिक के हौसले बुलंद हैं। शासन को जिला होम्योपैथिक अधिकारी पर सख्ती चाहिए।



# जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न

* जिला स्वास्थ्य समिति, नियमित टीकाकरण व मिशन इन्द्रधनुष आई.एम.आई 5.0 की हुई बैठक
* मिशन इन्द्रधनुष का द्वितीय चरण 11 सितम्बर से 16 सितम्बर तक चलाया व किया जायेगा टीकाकरण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति नियमित टीकाकरण एवं आई.एम.आई. 5.0 की समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई।
बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त सरकारी अस्पतालों एवं सब सेन्टरों पर प्रसवों की संख्या के सम्बन्ध ली। ललौरीखेडा में प्रसवों की संख्या कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रसवों की संख्या में बढोत्तरी करने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये गये कि गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की नियमित जांचे कराई जाये। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत भुगतान के सम्बन्ध में जानकारी ली और अवशेष भुगतान कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए।
गोल्डन कार्ड की समीक्षा के दौरान गोल्डन कार्ड निर्गत की प्रगति जानी इसके साथ ही निर्गत गोल्डन कार्ड के वितरण के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व हेल्थ एटीएम के सम्बन्ध में भी जानकारी ली। प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के तहत दिये गये लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये लक्ष्य के सापेक्ष पंजीकरण करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही साथ उन्होंने एनआरसी के भर्ती मरीजों की संख्या जानी और कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आंगनबाडी कार्यकत्रियों के माध्यम से कुपोषित अतिकुपोषित बच्चों को एनआरसी में भिजवाना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये आगनबाडी केन्द्रों पर कैम्प लगाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाये। आरसीएच पोर्टल की समीक्षा के दौरान माता व बच्चे का अपलोड करने के निर्देश दिये गये। संस्थागत प्रसवों की जन्म-मृत्यु पंजीकरण की प्रगति कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये पोर्टल पर डाटा अपलोड करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही साथ टीबी के मरीजों की जियो कराने के निर्देश दिये गये।
बैठक के मिशन इन्द्रधनुष की प्रथम चरण की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया प्रथम चरण 07 अगस्त से 12 अगस्त तक चलाया गया।जिसके तहत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष बच्चों के वैक्सीनेशन कार्य में 110 प्रतिशत व गभवती महिलाओं 107 प्रतिशत टीकाकरण कराया गया। मिशन इन्द्रधनुष का द्वितीय चरण 11 सितम्बर से 16 सितम्बर तक चलाया जायेगा। द्वितीय चरण में टीकाकरण सर्वे कराया जाये तथा बूस्टर डोज लगाई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कैलीग्राफी, चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज




करेली स्थित ख़ानम आर्ट गैलरी में आजादी विषयक कैलीग्राफी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिभावान बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्नल डा.सैयद एहसान अली, विशिष्ट अतिथि डाश शांति चौधरी, डाश्इरफान खान, डाश सैयद आरिज़ कादरी, डाश सूबीया करीम, डाश जाहेदा ख़ानम एवं तलत महमूद ने बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर उनका हौसला अफजाई किया। वक्ताओं ने बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग एवं कैलीग्राफी की प्रशंसा की। कहा, जिन बच्चों ने पुरस्कार जीता है, वह इस कामयाबी को अपने लक्ष्य तक ले जाएं। प्रतियोगिता के निर्णायक में वरिष्ठ कलाकार तलत महमूद, डॉश जाहेदा खानम एवं वरिष्ठ अकादमी चित्रकार रवीन्द्र कुशवाहा रहे। कैलीग्राफी में प्रथम पुरस्कार अरबिया इसरार, रुख़सार परवीन, द्वितीय पुरस्कार फायका सिद्दीकी, निदा अंसारी व कहकशां आज़म एवं तृतीय पुरस्कार वरक़ा सईद व सूफिया बानो को मिला। इसी प्रकार चित्रकला प्रतियोगिता ग्रुप डी में मिस्बाह सिद्दीकी को प्रथम, निदा अंसारी, समरीन सिद्दीकी को द्वितीय एवं रहमा सिद्दीकी व इरतिका परवीन को तृतीय पुरस्कार दिया गया। ग्रुप सी में इलमा एवं उमरा को प्रथम, वरिशा सिद्दीकी जैनब अंसारी द्वितीय एवं यासमीन व अशरफ को तृतीय पुरस्कार मिला। ग्रुप बी में आदिना फातिमा को प्रथम, हुमैरा को द्वितीय एवं तंजील को तृतीय पुरस्कार मिला। ग्रुप ए में शाहिना नायाब एवं अक़सा आलम को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गैलरी की निदेशक डॉश्जाहेदा खानम ने मेहमानों का स्वागत एवं और धन्यवाद किया। बताया कि प्रतियोगिता में 70 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन तलत महमूद ने किया ।

# पंचायत भवन का निर्माण कार्य अपूर्ण लाखों रुपए गायब

* जिले के आला अधिकारियों समेत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर की गई शिकायत

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित



**जौनपुर।** जिले के सुजानगंज ब्लाक स्थित प्यारेपुर गांव क्षेत्र में भ्रष्टाचार का गांव बन गया है जहां पर आए दिन कई प्रकार के भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे हैं इसी क्रम में ढाई वर्ष पूर्व बन रहे पंचायत भवन का कार्य आज भी अधूरा पड़ा है पंचायत भवन के लिए स्वीकृत राशि में से लगभग 19 लाख रुपये खर्च होने के बाद भी पंचायत भवन की दीवाल खड़ी हुई है पूर्व प्रधान द्वारा कराए गया है जिसके संदर्भ में ग्रामीण खंड विकास अधिकारी सुजानगंज ,मुख्य विकास अधिकारी तक को लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया। कोई कार्रवाई न होने पर पुनः गांव के ही शैलेंद्र यादव राकेश यादव ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की और बताया कि अभी तक किसी भी प्रकार की न तो कार्रवाई हुई और न ही पंचायत भवन का कार्य पूर्ण हो सका है इसी क्रम में बेलवर, के साथ कई ग्राम सभाओं में पंचायत भवन के साथ-साथ सामुदायिक शौचालय जैसे कई विकास योजनाएं गावो मे अधूरे पड़े हैं आरोप है कि जिनका आवंटित हुआ धन ग्राम प्रधानों द्वारा निकाल लिया गया है ग्रामीण आज भी परेशान उतने ही हैं जितना की इस योजना के आने के पहले परेशान थे सरकार द्वारा विकास के कार्यों के लिए जो भी धन विकास खंड पर भेजा जा रहा है ग्राम प्रधान से लेकर ब्लॉक कर्मचारीयों में बंदर बाट हो जा रहा है इस संदर्भ में पूछे जाने पर खंड विकास अधिकारी एस एन चतुर्वेदी ने बताया अभी तक हमारे पास इस प्रकार का कोई शिकायत आया नहीं है शिकायत आने पर संबंधित लोगों के ऊपर कारवाई की जाएगी।



> उक्त शिकायत की जानकारी अभी नहीं थी बहरहाल पूरे मामले की जांच कराकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> –नथ्थूराम, जिला पंचायत राज अधिकारी जौनपुर

## फास्ट फॉरवर्ड

### करेले तोड़ रहा अधेड़ किसान पानी में गिरा, डूबकर हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** करेले तोडऩे खेत गया किसान पैर फिसलने से बाढ़ के गहरे पानी में गिर गया। साथ रहे घर वालों ने उसे बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बारासगवर थानाक्षेत्र के खरौली सरांय निवासी रामेश्वरम उर्फ कहारे पासवान (52) गुरुवार सुबह बाढ़ से घिरे खेत में परिवार के साथ करेला तोडऩे गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह बाढ़ के गहरे पानी में चला गया। साथ रही पत्नी कुसमा और बेटे अनिल ने खेत में काम कर रहे अन्य लोगों की मदद से करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे पानी से निकाल कर पास के ही निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने रामेश्वरम को मृत घोषित कर दिया। पति की मौत से पत्नी, बेटा और पांच बेटियां बेहाल हैं। थाना अध्यक्ष बृजमोहन सैनी ने बताया कि पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा जा रहा है।

### बीमारियों से बचाव को लेकर दवाइयां बांटी

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** गुरूवार को पशु चिकित्सक डॉ0 लाल बहादुर पशु विभाग की टीम के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र गगनी खेड़ा पहुंचे। जहां उन्होंने चंपापुरवा और गगनी खेड़ा में शिविर लगाया। जिसके बाद शिविर में पहुंचे। पशु पालकों को पशुओं में होने वाली बीमारियों से बचाव को लेकर दवाइयां बांटी। इस दौरान करीब 102 पशु पालकों को दवाइयां दी गई। डॉक्टर ने बताया कि टीम के साथ न केवल बाढ़ ग्रस्त इलाकों में दस्तक दी, बल्कि पशुओं के लिए निशुल्क दवा भी बांटी। उन्होंने पशुपालकों को पशुओं की देखभाल और उनके स्वास्थ्य के संबंध में जरूरी जानकारी दी।

### सैकड़ों लोग सड़क के किनारे तंबू लगा कर रहने को मजबूर

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगा का जलस्तर खतरे के निशान पार कर गया था। जिसके बाद तेजी से गंगा का पानी बढ़ रहा है। उफनाई गंगा से चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है। उफनाई गंगा के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों मकान जलमग्न हो गए हैं। नेतुआ, आजाद नगर, राजीव नगर बस्ती में पूरी तरह मकान जलमग्न हो गए हैं। यहां के करीब एक सैकड़ा लोग सड़क के किनारे तंबू लगा कर रहने को मजबूर हैं। नई बस्ती और शारदा नगर में रहने वाले लोगों ने फोरलेन के डिवाइडर पर लगी घास को हटाकर तंबू लगा रहे हैं। यही हाल राजीव नगर बस्ती का है। वहां के रहने वाले लोग भी रेलवे स्टेशन के आस पास तंबू लगाकर रह रहे हैं। अधिकांश लोगों ने अपना घर छोड़ दिया है। इसके बावजूद जिला प्रशासन की ओर से अभी तक कोई मदद नहीं पहुंचाई गई है। वहीं श्री नगर, रविदास नगर, गंगा नगर के भी हालात काफी खराब हैं यहां भी मकानों में पानी भर चुका है। वहीं ग्रामीण इलाकों के नेतुआ, गगनी खेड़ा, अखलॉक नगर, रतीरामपुरवा, झब्बू पुरवा, कटरी पीपरखेड़ा के सैकड़ों मकान बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की बिजली कटने से रात के समय अंधेरा छाया रहता है। जिससे बाढ़ क्षेत्रों में रह रहे लोगों को जहरीले कीड़ों का भी खतरा सता रहा।

### जीआरपी विभाग की पैरवी से दो आरोपियों को हुई 5 साल की सजा

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक रेलवे, जीआरपी अनुभाग लखनऊ द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व अपराधियों के तहत जीआरपी ने गोताखोर निवासी अकरम पुत्र मो0 दिलदार व चंपापुरवा निवासी शाहरूख पुत्र स्व0 ताज मोहम्मद को तस्करी में गिरफ्तार किया था। जीआरपी के प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने दोनों को दोषी पाया। जिस पर पांच साल की सजा सुनाई और पांच हजार रूपये जुर्माना भी लगाया है। जीआरपी ने बताया कि दोनों हिस्टीशीटर है और उनके खिलाफ उन्नाव, गंगाघाट, कानपुर सेंट्रल में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# नवयुवती समेत तीन के फंदे से लटके मिले शव

✻ अचलगंज थाने के दो तो एक बारा सगवर थाना क्षेत्र का मामला

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**




अचलगंज थाना क्षेत्र में दो युवक तो बारा सगवर थाना क्षेत्र में नवयुवती के शव संदिग्ध हालातों में फंदे से लटके मिले। सूचना पर पहुंची संबंधित थाना क्षेत्रों की पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**केस एक**

अचलगंज थाना क्षेत्र के बंथर गांव निवासी मनीष यादव (35) पुत्र राम औतार कानपुर नगर के ग्वालटोली थाना क्षेत्र सूटरगंज में रह कर सब्जी का थोक व्यापार करता था। बीती रात वह अपने पैतृक आवास पर था। गुरुवार भोर पहर दूसरी मंजिल में रहने वाले किराएदार ने जीने से उतरते समय रोशनदान से उसे छत के हुक से बंधे फंदे से लटका देखा। जानकारी पर परिजन उसे फंदे से उतार कर कानपुर के निजी अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने उसे मृत बता दिया। इसके बाद परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल लाए जहां जांच में उसे मृत पाए जाने पर शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया। बड़े भाई मुकेश की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मनीष की मौत पर पत्नी पूजा, बेटियों वैष्णवी (8) व दीपांशी (4) का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।

**केस दो**

अचलगंज थाना क्षेत्र के पोटारिहा गांव निवासी रिजवान (18) पुत्र मजीद का शव गुरुवार सुबह घर के अंदर पंखे के हुक से बंधे रस्सी के फंदे से लटका मिला। इसकी जानकारी तब हुई जब बड़ा भाई वैस मोहम्मद उर्फ मुन्ना सुबह लगभग 6 बजे बारिश होने पर छत से उतर कर बिस्तर रखने कमरे में पहुंचा। परिजनों के अनुसार रिजवान दो माह पहले ही काम के सिलसिले में दुबई गया था। मन माफिक काम न मिलने पर चार दिन पहले ही वह वापस लौटा था जिसके बाद से वह गुमशुम रहता था। मृतक अविवाहित था। उसकी मौत पर मां रेशमा, भाई समीर, मुन्ना और अविवाहित बहन सानिया का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता मजीद पोस्टमार्टम हाउस के ठीक बगल में स्थित डायग्नोस्टिक सेंटर के मालिकान के मवेशियों की देखरेख करते हैं।

**केस तीन**

बारा सगवर थाना क्षेत्र के रौतापुर गांव की रहने वाली साधना (18) पुत्री कमलेश शर्मा का शव बीती देर शाम घर के अंदर दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। घटना के वक्त वह घर पर अकेली थी। उसकी मौत पर भाई अर्पित, बहनों मंजू और अंजलि का रो रोकर बुरा हाल है। मृतका की शादी तय थी। 23 नवम्बर को उसकी बरात आनी थी। परिजन घटना के पीछे वजह नहीं बता सके हैं।

## बिल्हौर तहसील क्षेत्र में खोदकर छोड़ दी सड़कें नहीं की मरम्मत, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

✻ जल निगम के ठेकेदारों ने हर गांवों में पाइप लाइन बिछाई है। ग्रामीण परेशान

**जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह**



**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील के हर क्षेत्र में हर गांव में जिन गांवों में जल निगम द्वारा पानी की टंकी बनाई जा रही हैं उन गांव में पाइप लाइन मशीन द्वारा खोदकर सड़कों को डाली जा रही है जबकि ठेकेदार को पहले जैसी सड़क बनाने का भी आदेश है वह खोद कर अगले गांव में चला जाता है गांव के लोग कोई विरोध नहीं करते हैं क्योंकि वह ठेकेदार प्रधान से मिलकर काम करता है जिससे प्रधान इसका विरोध नहीं करते हैं जहां पर प्रधान विरोध करते हैं वहां पर ठेकेदार नेताओं की शरण में चले जाते हैं। चौबेपुर, बिल्हौर, ककवन, शिवराजपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहपुर कामा,भौनतपुर व अन्य कई गाँवो की सड़कें एक माह से खुदी पड़ी हैं। कई किलो मीटर सड़कें खुदी पड़े होने से बारिश होने पर जलभराव हो रहा है। इससे ग्रामीणों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। वहीं, जलभराव होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है। संक्रामक रोग से ग्रसित होकर लोग बीमार पड़ने लगे हैं। हर घर जल योजना के तहत गांवों में पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। इसके लिए सड़कें खोदी जा रही है। जिम्मेदार सड़कें ठीक कराने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं, जो ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गईं हैं। शिवराजपुर ब्लॉक की शाहपुर कामा ग्राम पंचायत व उसके मजरे भौनतपुर,कामा पुरवा में पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए कुल इस्टीमेट के आधार पर पाइप लाइन बिछाई जानी थी। एक माह पहले जल निगम के ठेकेदारों ने खुदाई कर पाइप लाइन तो बिछा दी, मगर सड़कें दुरुस्त नहीं कराईं। आज हालात ये हैं कि ईंटें उखड़ी पड़ी है, सड़कें धंस गई हैं। इससे जलभराव हो रहा है। लोग आवागमन के दौरान हादसे का शिकार हो रहे हैं। सड़क खुदी होने के चलते गांवों में चारों ओर बीच सड़क पर गंदगी हो गई है। दो दिन हुई बारिश से गांव की सड़कों पर भी कीचड़ हो गया है। पाइप लाइन बिछाने के बाद ठेकेदारों ने नाली दुरुस्त नहीं कराई। अब सवाल यह उठता है कि इस योजना से लोगों को जब लाभ मिलेगा तब मिलेगा लेकिन अभी तो यह योजना लोगों को सिर्फ मुसीबत ही दे रही हैं क्योंकि जिम्मेदार सही तरीके से कोई कार्य नहीं करवा रहे हैं बल्कि काम के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही हैं।

## चंद्रपुर गांव में शराबी पति ने पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने शराबी पति पर मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। पुलिस को दी तहरीर में चंद्रपुरा गांव निवासी पीड़िता श्रीमती रीना पत्नी सोनू ने बताया कि उसका विवाह चार साल पहले राजू के पुत्र सोनू के साथ हुआ। इसके बाद दो बच्चों का जन्म हुआ। पीड़िता का पति और ससुर शराब के आदी है। वह आए दिन पीड़िता के साथ मारपीट करते रहे और लगभग तीन माह पहले पीड़िता को बुरी तरह पीट कर घर से निकाल दिया। वह इसके बाद से अपने बच्चों को लेकर मायके में बूढ़ी मां के साथ रह रही है। उसने अपनी मजबूरी का हवाला देकर पुलिस से आरोपित पति और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई।

## छत पर टहलते समय करंट की चपेट में आया युवक, मौत

✻ सफीपुर के सराय जामी मोहल्ले में बीती रात हुई घटना

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के सराय जामी मोहल्ले का युवक बुधवार देर रात छत पर टहलते समय बिजली केबल के करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सराय जामी के बयां तलाब के निकट रहने वाला शिवबालक (35) पुत्र राम औतार बीती देर रात छत पर टहल रहा था। तभी बिजली के केबल की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। चीख सुनकर परिजनों की नींद खुल गई। शिवबालक को जमीर पर तड़पता देख कोहराम मच गया। आनन फानन सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां मृत घोषित कर दिया गया। मौत की खबर मिलते ही परिवारीजनों में कोहराम मच गया। उसकी मौत पर पत्नी तारा और दो बेटों सूरज, शिवम व बेटी शिवानी का रो रोकर बुरा हाल था। उधर सूचना मिलने के बाद हल्के के दरोगा ने शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम को भेजा। मृतक मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## असोहा थाना क्षेत्र के युवक की सऊदी अरब में करंट की चपेट में आने से मौत

✻ खबर गांव पहुंची तो परिजनों में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**





असोहा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक कमाने के लिए विदेश गया था। जहां गुरुवार सुबह करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। यह समाचार गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। असोहा थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद का 22 वर्षीय पुत्र उमेश कुमार सऊदी अरब में खेतो में बोई गई साग भाजी की देखभाल करता था। वहां के समयानुसार गुरुवार सुबह पांच बजे वह खेतो में गया था। खेतों की रखवाली के लिए लगाई गई चारो तरफ विद्युत बाड़ की चपेट में आ जाने से उसकी मृत्यु हो गई। जैसे ही उसकी मौत का समाचार परिजनों को मिला तो कोहराम मच गया। मृतक के पिता राजेंद्र प्रसाद ने बताया की अभी दस माह पूर्व ही वह गया था। मृतक अपने पीछे एक छोटा भाई दिलीप, मां राजदुलारी व पिता राजेंद्र को रोता बिलखता छोड़ गया है। उसकी मौत की खबर पर बिलख रहे मां और भाई को गांव वालो की आंखे भर आई। परिजनों सहित गांव के लोग उसके शव आने का इंतजार कर रहे है ।

## बिल्हौर खंड शिक्षा कार्यालय का बाबू नहीं पहुंचे 12:00 बजे तक कार्यालय

✻ बीईओ अवकाश पर होते हैं अध्यापक और बाबू नदारत रहते हैं

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के खंड शिक्षा कार्यालयों का हाल बुरा है । चौबेपुर शिवराजपुर ककवन और बिल्हौर मे जब अधिकारी अवकाश पर होते हैं तो बाबू कार्यालय से नदारत रहते हैं अध्यापक भी ऐसे शिक्षक 10 प्रतिशत हैं लेकिन विद्यालयों का माहौल खराब करते हैं जिसके चलते अधिकारी उन शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं कर पाते हैं ऐसे अध्यापक सत्ता में विधायक व सांसद के साथ अपनी फोटो खिंचवाकर अधिकारियों पर रौब गांठते हैं। बिल्हौर खंड शिक्षा कार्यालय का हाल बेहाल , बुधवार को विकास कुमार बड़े बाबू व समीर रंजन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यालय से नदारत 11:50 बजे तक नहीं पहुंचे थे इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी रवि प्रताप सिंह से फोन पर संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि हम अवकाश पर हैं हम दिखाते हैं कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगा है उसे पता चल जाएगा कि बाबू कितने बजे आता है और कितने बजे गया है उसी के आधार पर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेज देंगे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी मैसेज व्हाट्सएप पर उनको भेज दिया था जो उन्होंने विधिवत देख लिया है।

## चटनी बनाने की फैक्ट्री में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मारा छापा

✻ गंदगी देख झल्लाए अधिकारियों ने स्टोर रूम किया सील

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



मगरवारा गांव में संचालित एक चटनी बनाने वाली फैक्ट्री गुरुवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम जांच करने पहुंची। वहां व्याप्त गंदगी और अव्यवस्थाओं को देख टीम का पारा चढ़ गया। काफी देर इंतजार के बाद भी जब फैक्ट्री मालिकान नहीं पहुंचे तो टीम कारखाने के एक कमरे को सील करने के बाद वापस रवाना हो गई।

बता दें की मगरवारा गांव की घनी बस्ती में अर्से से एक चटनी बनाने की फैक्ट्री संचालित है। गुरुवार को एफएसएसआई विभाग की टीम इस फैक्ट्री की जांच करने पहुंची। टीम में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार, संजय कुमार सिंह, नागेंद्र चौधरी जब कारखाने में दाखिल हुए तो वहां फैली गंदगी देख दंग रह गए। वहां मौजूद कर्मचारियों से मालिक को बुलाने को कहा गया। कर्मचारियों के साथ ही खाद्य विभाग के अधिकारी भी कानपुर निवासी फैक्ट्री मालिक का फोन मिलाते रहे लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। कारखाना मालिक के रवैए से झल्लाए खाद्य अधिकारियों ने फैक्ट्री के स्टोर रूम में ताला डालकर उसे सील कर दिया और वापस रवाना हो गए। एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया की मालिकान की ओर से विभाग को प्रति छमाही पेशगी पहुंचाई जाती है। उसने यह भी बताया की बुधवार को कार सवार कुछ लोग फैक्ट्री पहुंचे थे। जिन्होंने ने खुद को खबर नवीश बताते हुए मालिक से मिलने की इच्छा जाहिर की थी। मुलाकात न हो पाने पर वे कार्रवाई कराने की धमकी देते हुए चले गए थे। हालांकि इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की सहायक आयुक्त (खाद्य) मंजूषा सिंह ने बताया कि तीन खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मगरवारा में एक सास फैक्ट्री का कमरा सील किया है। वहीं पड़ोस के जगतखेड़ा गांव में डेयरी एवं मिल्क प्रोडक्ट फैक्ट्री से नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं।

## रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री को भेजा आठ सूत्री मांगों का ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी की अनुपस्थिति में एडीओ पंचायत को सौंपा। सफीपुर विकास खंड कार्यालय में रोजगार सेवकों ने ब्लॉक अध्यक्ष अजीत कुमार के नेतृत्व में पहुंच खंड विकास अधिकारी गुलाब चंद की अनुपस्थिति में ए डी ओ पंचायत छोटेलाल को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन सौंपा जिसमे उन्होंने हिमाचल प्रदेश,राजस्थान एवं मध्यप्रदेश की तरह मानदेय में बढ़ोत्तरी करने, ग्राम विकास अधिकारी भर्ती में 50 फीसदी आरक्षण, मूल ग्राम पंचायत के साथ रिक्त ग्राम पंचायतों में कार्य एवं मनरेगा यूजर आईडी का पासवर्ड देने, कोविड के अतिरिक्त दुर्घटना से मृत्यु होने पर आश्रित को सेवा में समायोजित करने, ईपीएफ कटौती की धनराशि मनरेगा कर्मचारियों के यूएएन खाते में भेजने, राज्यकर्मचारी का दर्जा देने व पदनाम ग्राम विकास सहायक करने के साथ पूर्व वित्तीय वर्षो का बकाया मानदेय दिलाए जाने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की है। जिसमे उन्होंने सरकार द्वारा 4 अक्तूबर 2021 को डिफेंस एक्सपो मैदान वृंदावन लखनऊ में मनरेगा कार्मिकों एवं ग्राम रोजगार सेवकों के संबंध में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के बावजूद शासन स्तर पर उचित निर्णय न लिए जाने का भी जिक्र कर अपनी मांगों को दोहराया है। इस दौरान प्रमुख रूप से संगठन के कोषाध्यक्ष मुकेश, प्रताप नारायण, रनंजय सिंह अमित द्विवेदी, अशोक गुप्ता, मणिकांत, कृष्णनेन्द्र, धर्मपाल आदि लोग मौजूद रहे।

## रेस्टोरेंट में चल रहा था हुक्का बार पुलिस ने दो दबोचे

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



थाना स्वरूप नगर पुलिस ने रेस्टोरेंट में अवैध रूप से चल रहे हुक्का बार पर कार्रवाई करते हुए, मैनेजर समेत दो को दबोचा है। सिन सिटी रेस्ट्रो एन्ड लॉन्ज में चल रहे हुक्का बार से पुलिस द्वारा पकड़े गए युवकों की पहचान रेस्टोरेंट के मैनेजर तकी हसनैन पुत्र अहमद हसनैन निवासी ग्वालटोली और वेटर स्पर्श धीमान पुत्र विद्याचरण निवासी ग्वालटोली के रूप में हुई है। इनके पास से 04 अदद हुक्का मय चिलम मय 4 अदद पाईप 02 अदद तम्बाकू पैकट व 01 पैकेट कोल बरामद हुआ है। इनके विरूद्ध धारा 4/6 सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पादन (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार और वाणिज्य व विनियमन, उत्पाद आपूर्ति और वितरण) अधि0 2003 थाना के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है।

## साइबर सेल ने पीड़ित को वापस कराए लाखों रुपए

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** साइबर फाड कर पीड़ीत के क्रेडिट कार्ड से निकाले गये 6,50,000/- रूपये साइबर सेल पूर्वी कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित के खाते में 5 लाख 46 हजार की धनराशि को वापस कराया गया है। बीती 12 अगस्त को एक शिकायती ऋषभ गुप्ता नि0 हटिया मूलगंज द्वारा देकर बताया गया कि उनके साथ साइबर अपराधियों द्वारा क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी कर कुल 6,50,000/- रूपये निकाल लिये गये । पत्र पर तत्काल साइबर सेल द्वारा सम्बन्धित मर्चेंट से पत्राचार कर ? 5,46,412 /- (पांच लाख छियालिस हजार चार सौ बाराह) पीड़ीत के खाते में वापस करायी गयी है।

## सपा व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष बने प्रदीप सविता

✻ सैकड़ो की संख्या में युवाओं ने उनका मुह मीठापुर करवाया

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के समाजवादी पार्टी युवाओं को मौका दे रही है जुझारू कर्मठ और ईमानदार युवाओं को मौका दे रही है जो पिछले विधानसभा चुनाव में जी जान से लग रहे। अरौल निवासी युवा सपा नेता प्रदीप कुमार सविता को कानपुर ग्रामीण सपा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह चंदेल के द्वारा व्यापर मंडल का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनके उपाध्यक्ष बनते ही सोशल मीडिया पर उनके शुभचिंतकों का बधाई संदेश का दौर शुरू हो गया। और उनके आवास पर सैकड़ो की संख्या में युवाओं ने उनका मुह मीठापुर करवाया और फूल मालाओं से लाद दिया। नवनियुक्त उपाध्यक्ष ने अपने समर्थकों से कहा की की जान से लग जाओ चुनाव दिसंबर में लोकसभा के हर हालत में होने हैं हमें किसी तरह से कोई कसर नहीं छोड़नी है हमें अपनी पार्टी के संदेश को जन-जन तक पहुंचना है।

## ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी की समीक्षा बैठक में जांची योजनाओं की प्रगति

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



**नवाबगंज।** विकासखंड मुख्यालय में गुरुवार को ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक हुई। जिसमें सरकार द्वारा आम जनमानस के लिए संचालित सरकारी ऋण योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सरकारी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों समेत क्षेत्र में स्थित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। एडीओ आईएसबी मनोज कुमार ने बैठक में मौजूद बैंक प्रतिनिधियों से बाबा साहब अम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना का लाभ आवेदकों को उपलब्ध कराने के लिए कहा। बताया कि इस रोजगार योजना में ग्रामीण इलाके में निवास करने वाले 18 से 65 वर्ष आयु के बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए बैंक ऋण प्रदान किया जाता है। जिस पर सामान्य वर्ग के लाभार्थी को 25 प्रतिशत व अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभार्थी को 35 प्रतिशत अनुदान प्राप्त होगा। अग्रणी जिला प्रबंधक सुनील कुमार ने क्षेत्रवासियों के लिए संचालित सरकारी ऋण योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रतिनिधियों से कहाकि बैंक पहुंचने वाले आवेदनकर्ताओं को स्वरोजगार के लिये प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना, ओडीओपी योजना एवं मुद्रा लोन के तहत समय से ऋण उपलब्ध कराएं। वही बैंक प्रतिनिधियों ने आवेदकों को ऋण उपलब्ध कराने के दौरान आने वाली दिक्कतों से अवगत कराया। एनपीए लोन की वसूली पर भी चर्चा हुयी। स्वयं सहायता समूह को बैंकों में आ रही समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। बैठक के दौरान राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक सुमित कुमार, एपीओ शोभित, एडीओ श्रीकांत मिश्रा एवं अलका गुप्ता, अरविंद सोनी, सचेन्द्र सिंह, अनीता चौधरी बीएमएम आदि समेत एसबीआई, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब एंड सिंध, यूनियन बैंक आदि के कर्मी मौजूद रहे।

## आईपीसी-सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट को बदलने वाले बिलों पर चर्चा

# आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले विधेयक संसदीय समिति में होंगे पेश



### समझिए 3 बड़े बदलाव...

- **राजद्रोह नहीं अब देशद्रोह:** ब्रिटिश काल के शब्द राजद्रोह को हटाकर देशद्रोह शब्द आएगा। प्रावधान और कड़े हो जाएंगे। अब धारा 150 के तहत राष्ट्र के खिलाफ कोई भी कृत्य, चाहे बोला हो या लिखा हो, या संकेत या तस्वीर या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया हो, तो 7 साल से उम्रकैद तक सजा संभव होगी। देश की एकता एवं संप्रभुता को खतरा पहुंचाना अपराध होगा। आतंकवाद शब्द को भी परिभाषित किया गया है। अभी आईपीसी की धारा 124ए में राजद्रोह में 3 साल से उम्रकैद तक होती है।
- **मॉब लिन्चिंग:** मौत की सजा का प्रावधान। 5 या अधिक लोग जाति, नस्ल या भाषा आधार पर हत्या करते हैं तो न्यूनतम 7 साल या फांसी की सजा होगी। अभी स्पष्ट कानून नहीं है। धारा 302, 147-148 में कार्रवाई होती है। नाबालिग से रेप के मामलों में भी मौत की सजा दी जा सकेगी।
- **सामुदायिक सजा:** पहली बार छोटे-मोटे अपराधों (नशे में हंगामा, 5 हजार से कम की चोरी) के लिए 24 घंटे की सजा या एक हजार रु. जुर्माना या सामुदायिक सेवा करने की सजा हो सकती है। अभी ऐसे अपराधों पर जेल भेजा जाता है। अमेरिका-यूके में ऐसा कानून है।

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गृह मंत्रालय की संसदीय कमेटी ने गुरुवार को इंडियन पीनल कोड, कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर और एविडेंस एक्ट को बदलने के लिए लाए गए 3 बिलों पर चर्चा की। होम सेक्रेटरी अजय भल्ला ने प्रजेंटेशन के जरिए इन बिलों के बारे में कमेटी मेंबर्स को बताया। अजय भल्ला 25 और 26 अगस्त को भी बिलों पर प्रजेंटेशन देंगे। कमेटी के मेंबर्स को अगले महीने में दो दिन मिलेंगे, जिनमें वे होम सेक्रेटरी से अपने सवालों पर स्पष्टीकरण मांग सकेंगे। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने इन बिलों के हिंदी नामों का विरोध किया। दयानिधि ने कहा कि कमेटी को अलग-अलग राज्यों की बार काउंसिल और दूसरे स्टेकहोल्डर्स के साथ सलाह-मशविरा करना चाहिए। टीएमसी के डेरेक ओ ब्रायन समेत कई सांसदों ने दयानिधि की मांग की समर्थन किया।

### 11 अगस्त को पेश किए गए, 3 महीने में रिपोर्ट देनी होगी

ये बिल अंग्रेजों के जमाने के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को बदलने के लिए लाए गए हैं। होम मिनिस्टर अमित शाह ने 11 अगस्त को इन्हें लोकसभा में पेश किया था, जिसके बाद इन्हें संसदीय कमेटी के पास भेज दिया गया। कमेटी को 3 महीने के अंदर इन बिलों पर अपनी रिपोर्ट देनी है। जिससे सरकार इन्हें अपडेट कर संसद के अगले सत्र में पेश कर पाए। भाजपा सांसद बृजलाल गृह मंत्रालय की संसदीय कमेटी के अध्यक्ष हैं।

### ट्रायल कोर्ट को 3 साल में देना होगा फैसला

नए बिलों से कई धाराएं और प्रावधान बदल जाएंगे। आईपीसी में 511 धाराएं हैं, अब 356 बचेंगी। 175 धाराएं बदलेंगी। 8 नई जोड़ी जाएंगी, 22 धाराएं खत्म होंगी। इसी तरह सीआरपीसी में 533 धाराएं बचेंगी। 160 धाराएं बदलेंगी, 9 नई जुड़ेंगी, 9 खत्म होंगी। पूछताछ से ट्रायल तक वीडियो कॉन्फ्रेंस से करने का प्रावधान होगा, जो पहले नहीं था। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम 3 साल में देना होगा। देश में 5 करोड़ केस पेंडिंग हैं। इनमें से 4.44 करोड़ केस ट्रायल कोर्ट में हैं। इसी तरह जिला अदालतों में जजों के 25,042 पदों में से 5,850 पद खाली हैं।

# नूंह पुलिस का तीसरा एनकाउंटर

## आगजनी में वांटेड ओसामा मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

हरियाणा में नूंह हिंसा के आरोपियों की धड़पकड़ के लिए पुलिस का अभियान जारी है। बुधवार देर रात नूंह हिंसा के वांटेड अपराधी की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई फायरिंग में भागने का प्रयास कर रहे आरोपी के पैर में गोली लग गई। आरोपी को घायल अवस्था में नल्हड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसको ऑपरेशन करके निकाल दिया गया है। अब तक नूंह में हिंसा के मामले में 61 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं, जिसमें 292 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। साइबर क्राइम थाना नूंह के निरीक्षक विमल को सूचना मिली कि नल्हड़ आगजनी का आरोपी बाइक से गांव फिरोजपुर नमक से आली मेव जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर दी। खतरा भांपते हुए आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में आरोपी ओसामा उर्फ़ पहलवान निवासी फिरोजपुर नमक (नूंह) के पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### देसी कट्टे व बाइक बरामद

नूंह पुलिस के अनुसार, आरोपी ओसामा को इलाज के लिए नल्हड़ मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके पास से एक अवैध देसी कट्टा, 1 खाली राउंड व एक मोटर साइकिल भी बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को उजीना नहर नाले के पास मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है।

### नूंह में 292 की गिरफ्तारी

हरियाणा के नूंह में हुई ब्रज मंडल हिंसा मामले में अब तक 61 मामले दर्ज किए गए जा चुके हैं। इनमें 49 हिंसा के और 12 सोशल मीडिया अफवाल फैलाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। नूंह पुलिस के अनुसार दर्ज एफआईआर में 292 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने के मामले में 1 गिरफ्तारी हुई है। पुलिस अधीक्षक नूंह ने आम लोगों से कहा कि वो अफवाह पर ध्यान ना दे, अफवाह फैलाने वाले से नूंह पुलिस सख्ती से निपटेगी।

# चुनाव आयुक्त पर एफआईआर का आदेश देने वाले जज सस्पेंड

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद**

तेलंगाना हाईकोर्ट की एडमिनिस्ट्रेटिव यूनिट ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और 11 अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने वाले स्पेशल सेशन जज के जया कुमार को सस्पेंड कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि सेशन जज ने बिना वजह जल्दबाजी में फैसला लिया। उनसे ड्यूटी निभाने में गंभीर चूक हुई है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक चुनाव आयोग के एक सीनियर अधिकारी ने हाईकोर्ट में इस मामले पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद सांसदों/विधायकों के मुकदमे के लिए नियुक्त स्पेशल सेशन कोर्ट के जज कुमार के खिलाफ प्रशासनिक स्तर पर निलंबन शुरू हुआ था। इसके बाद उन्हें व्यापक जनहित में तेलंगाना सिविल सेवा नियम 1991 के तहत निलंबित कर दिया गया। मामला एक निजी शिकायत के आधार पर सेशन कोर्ट ने पुलिस के पास भेजा था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि महबूबनगर से विधायक श्रीनिवास गौड़ ने तथ्यों को छिपाकर चुनावी हलफनामे में छेड़छाड़ की थी।

# भारतीय कुश्ती संघ की सदस्यता रद्द

## विश्व चैंपियनशिप में तिरंगे के साथ नहीं खेलेंगे भारतीय पहलवान



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

विश्व कुश्ती संघ (यूनाइडेट वर्ल्ड रेसलिंग) ने भारतीय कुश्ती संघ की सदस्यता रद्द कर दी है। भारतीय कुश्ती संघ में चुनाव नहीं होने की वजह से यह कार्रवाई की गई है। कुश्ती संघ की सदस्यता रद्द होने के चलते आगामी विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय पहलवान भारत के झंडे के तले नहीं खेलेंगे। भारतीय पहलवानों को 16 सितंबर से शुरू होने वाली ओलंपिक-क्वालीफाइंग विश्व चैंपियनशिप में न्यूट्रल एथलीट के रूप में भाग लेना होगा। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का कार्यकाल काफी पहले ही खत्म हो चुका है। इसके बाद कुश्ती संघ में चुनाव कराने के कई प्रयास किए गए और सुप्रीम कोर्ट ने कई बार चुनाव की तारीखें तय की, लेकिन अलग-अलग हाईकोर्ट अलग-अलग राज्य के कुश्ती संघों की याचिका के आधार पर चुनाव में रोक लगाते रहे हैं। इसी वजह से अब तक कुश्ती संघ के चुनाव नहीं हो पाए हैं। भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव कई बार स्थगित हो चुके हैं। कई राज्यों के कुश्ती संघ चुनाव की मौजूदा प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं हैं और उनकी याचिका पर कई बार कुश्ती संघ के चुनाव पर रोक लग चुकी है। इसी वजह से विश्व कुश्ती संघ ने भारतीय कुश्ती संघ की सदस्यता रद्द कर दी है।

# चंद्रयान-3 के लैंडर से बाहर आया रोवर प्रज्ञान

## अब चांद की सतह पर घूम रहा, पानी और कीमती धातुओं से जुड़ी जानकारी जुटाएगा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



चंद्रयान-3 की लैंडिंग के बाद छह पहियों और 26 किलो वाले प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा की सतह पर घूमना शुरू कर दिया है। करीब 14 घंटे बाद गुरुवार सुबह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने रोवर के बाहर आने की पुष्टि की। हालांकि, इनस्पेस चेयरमैन पवन के गोएनका ने देर रात ही प्रज्ञान रोवर की रैंप से बाहर निकलते हुए तस्वीर शेयर की थी। चांद की सतह पर आते ही रोवर ने सबसे पहले अपने सोलर पैनल खोले। ये 1 सेमी/सेकंड की गति से चलता है और अपने आस-पास की चीजों को स्कैन करने के लिए नेविगेशन कैमरों का इस्तेमाल कर रहा है। रोवर अगले 12 दिन में करीब आधा किलोमीटर का सफर तय करेगा। इसमें दो पेलोड लगे हैं जो पानी और अन्य कीमती धातुओं की खोज में मदद करेंगे। अगले 12 दिनों के दौरान रोवर डेटा जमा करेगा और इसे लैंडर को भेजेगा। लैंडर इस डेटा को पृथ्वी तक पहुंचाएगा। डेटा पहुंचाने में चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर की भी मदद ली जाएगी। चंद्रयान-3 को आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को लॉन्च किया गया था। इसे चांद की सतह पर लैंडिंग करने में 41 दिन लगे। लैंडर बुधवार शाम 6:04 बजे पर चांद पर उतरा था।

### चंद्रयान-3 के साथ कुल 6 पेलोड भेजे गए हैं

चंद्रयान-3 मिशन के तीन हिस्से है। प्रोपल्शन मॉड्यूल, लैंडर और रोवर। इनपर कुछ 6 पेलोड लगे हैं। एक पेलोड जिसका नाम शेप है वो चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल पर लगा है। ये चंद्रमा की कक्षा में चक्कर लगाकर धरती से आने वाले रिडिएशन की जांच कर रहा है। वहीं लैंडर पर तीन पेलोड लगे हैं। रंभा, चास्टे और इल्सा। प्रज्ञान पर दो पेलोड है। 2008 में चंद्रयान-1 को लॉन्च किया गया था। इसमें एक प्रोब की क्रैश लैंडिंग कराई गई थी जिसमें चांद पर पानी के बारे में पता चला। फिर 2019 में चंद्रयान-2 चांद के करीब पहुंचा, लेकिन लैंड नहीं कर पाया। 2023 में चंद्रयान-3 चांद पर लैंड कर गया। चांद पर सकुशल पहुंचने का संदेश भी चंद्रयान-3 ने भेजा।

### 1. रफ ब्रेकिंग फेज

- लैंडर लैंडिंग साइट से 750 किमी दूर था। ऊंचाई 30 किमीऔर रफ्तार 6,000 किमी/घंटा।
- ये फेज साढ़े 11 मिनट तक चला। इस दौरान विक्रम लैंडर के सेंसर्स कैलिब्रेट किए गए।
- लैंडर को हॉरिजॉन्टल पोजिशन में 30 किमी की ऊंचाई से 7.4 किमी दूरी तक लाया गया।

### 2. एटीट्यूड होल्डिंग फेज

- विक्रम ने चांद की सतह की फोटो खींची और पहले से मौजूद फोटोज के साथ कंपेयर किया।
- चंद्रयान-2 के टाइम में ये फेज 38 सेकेंड का था इस बार इसे 10 सेकेंड का कर दिया गया था।
- 10 सेकेंड में विक्रम लैंडर की चंद्रमा से ऊंचाई 7.4 किमी से घटकर 6.8 किमी पर आ गई।

### 3. फाइन ब्रेकिंग फेज

- ये फेज 175 सेकेंड तक चला जिसमें लैंडर की स्पीड 0 हो गई।
- विक्रम लैंडर की पोजिशन पूरी तरह से वर्टिकल कर दी गई।
- सतह से विक्रम लैंडर की ऊंचाई करीब 1 किलोमीटर रह गई

### 4. टर्मिनल डेसेंट

- इस फेज में लैंडर को करीब 150 मीटर की ऊंचाई तक लाया गया।
- सब कुछ ठीक होने पर चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंड कराया गया।

# कुल्लू में 7 इमारतें गिरी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शिमला**

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में गुरुवार सुबह 30 सेकेंड के अंदर 7 इमारतें गिर गईं। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। प्रशासन ने इन इमारतों को तीन दिन पहले ही खाली करवा लिया था। आसपास की 2-3 इमारतों पर अभी भी खतरा बना हुआ है। यहां लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। राज्य में पिछले 24 घंटे में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 7 मौतें मंडी और शिमला में लैंडस्लाइड की वजह से हुईं। इसके अलावा कई घर टूट गए और 400 सड़कें ब्लॉक हो गई हैं। भारी बारिश के चलते कुल्लू-मनाली हाईवे भी बंद कर दिया गया। मौसम विभाग ने पूरे राज्य में अगले दो दिन भारी बारिश होने का रेड अलर्ट जारी किया है।

# वर्किंग विमेन मेटरनिटी लीव की हकदार: दिल्ली हाईकोर्ट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार (24 अगस्त) को कहा कि सभी प्रेग्नेंट वर्किंग विमेन मेटरनिटी बेनिफिट (गर्भावस्था के दौरान मिलने वाले लाभ) की हकदार हैं। उनके परमानेंट या कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने से फर्क नहीं पड़ता। उन्हें मेटरनिटी बेनिफिट एक्ट 2017 के तहत राहत देने से इनकार नहीं किया जा सकता। जस्टिस चंद्र धारी सिंह की बेंच ने दिल्ली स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी में संविदा पर काम करने वाली एक गर्भवती महिला को राहत देते हुए यह टिप्पणियां की। दरअसल, कंपनी ने महिला को मेटरनिटी बेनिफिट देने से इनकार किया था। अथॉरिटी में संविदा कर्मचारी को मेटरनिटी बेनिफिट देने का कोई क्लॉज (प्रावधान) नहीं है।

# राजस्थान-तेलंगाना के भाजपा उम्मीदवारों की सूची तैयार, 27 अगस्त को घोषित होंगे नाम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर चुकी भाजपा अगले हफ्ते राजस्थान और तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करेगी। दोनों राज्यों में उम्मीदवारों की पहली सूची तैयार है। इसे 27 अगस्त को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद जारी किया जाएगा। पार्टी सूत्रों ने बताया कि पहली सूची में दोनों राज्यों में कम से कम 20 उम्मीदवार घोषित किए जाएंगे। सीईसी की बैठक में अगर सहमति बन गई तो पार्टी सी और डी श्रेणी के अतिरिक्त कांग्रेसी दिग्गज नेताओं की सीटों पर भी उम्मीदवार घोषित कर देगी। हालांकि इस समय उन 19 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया गया है, जहां पार्टी तीन हार का सामना कर चुकी है।

### कद्दावर नेताओं को घेरने की रणनीति

पार्टी ने राज्य की ऐसी 20 सीटों का चयन किया है, जहां से कांग्रेस के कद्दावर नेता और मंत्री विधायक हैं। सीईसी की बैठक में इन सभी सीटों पर कांग्रेसी दिग्गजों को घेरने की रणनीति बनेगी। पार्टी की योजना कमजोर सीटों के साथ इन सीटों पर भी चुनाव से बहुत पहले उम्मीदवार घोषित करने की है। पार्टी कमजोर सीटों और विपक्षी दिग्गजों की सीटों पर अपने उम्मीदवारों को प्रचार के लिए अधिक समय देना चाहती है।

### सभी सीटों पर उम्मीदवारों का पैनल तैयार

विधानसभा चुनाव के लिए राज्य इकाई ने राज्य की सभी सीटों पर उम्मीदवारों का पैनल तैयार कर लिया है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि ऐसी 60 से अधिक सीटें हैं जहां पार्टी बीते दो से चार चुनाव में लगातार जीत हासिल की है। इन सीटों पर उन्हीं विधायकों के टिकट कटेंगे, जिनकी उम्र ज्यादा है या जिनके खिलाफ स्थानीय स्तर पर नाराजगी है। हालांकि इन सीटों पर राज्य में अगले महीने से शुरू हो रही चार परिवर्तन यात्राओं के बाद उम्मीदवार घोषित होंगे।

# जापान ने समुद्र में रेडियोएक्टिव पानी छोड़ना शुरू किया, 133 करोड़ लीटर पानी अगले 30 साल रिलीज होगा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

जापान ने समुद्र में फुकुशिमा न्यूक्लियर प्लांट का रेडियोएक्टिव पानी पैसिफिक महासागर में छोड़ना शुरू कर दिया। जापानी समय के मुताबिक दोपहर 1:03 बजे ये प्रोसेस शुरू किया गया। जापान टाइम्स ने बताया है कि पहले दिन करीब 2 लाख लीटर पानी छोड़ा जाएगा। इसके बाद इसे बढ़ाकर 4.60 लाख लीटर कर दिया जाएगा। न्यूक्लियर प्लांट को मेंटेन करने वाली कंपनी टेपको ने बताया कि सबसे पहले सैंपल के तौर पर शुरुआती टैंक से थोड़ा पानी छोड़ा गया। इसके पहले और बाद में सभी कंडीशंस चेक की गईं। इसमें कोई गड़बड़ी नजर नहीं आई। प्लांट से पानी को रिलीज करने वाला पंप 24 घंटे एक्टिव रहेगा।



### रेडियोएक्टिव पानी क्यों छोड़ा जा रहा

12 साल पहले 2011 में आए भूकंप और सुनामी की वजह से फुकुशिमा न्यूक्लियर प्लांट में भयानक विस्फोट हुआ था। इसके बाद से ही वहां 133 करोड़ लीटर रेडियोएक्टिव पानी जमा है। अब जापान इससे निजात पाने के लिए पानी को बहा रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक वहां जमा पानी करीब 500 ओलिंपिक साइज स्विमिंग पूल के जितना है। जैसे ही जापान ने इस पानी को समुद्र में मिलाने की बात कही, चीन और दक्षिण कोरिया के लोग डरे हुए हैं।

### कहां से आया 133 करोड़ लीटर रेडियोएक्टिव पानी

11 मार्च 2011 को 3 बजकर 42 मिनट पर जापान में 9.1 तीव्रता का भूकंप आया था। इससे समुद्र की परत खिसकने से सुनामी आ गई। भूकंप के झटके महसूस होते ही फुकुशिमा में समुद्र किनारे बने न्यूक्लियर प्लांट के रिएक्टर बंद कर दिए गए। रिएक्टर की कूलिंग के लिए जनरेटर स्टार्ट कर दिए गए। इमरजेंसी जनरेटर गर्म रिएक्टर को ठंडा कर पाता, इससे पहले ही पानी प्लांट में घुस आया। इसके बाद इमरजेंसी जनरेटर बंद हो गया जिससे गर्म रिएक्टर पिघलने लगा। कुछ देर बाद न्यूक्लियर पावर प्लांट में भयानक विस्फोट होने लगे। आने वाले कई महीनों तक न्यूक्लियर रिएक्टर्स में चेन रिएक्शन होने से रोकने के लिए उसे 133 करोड़ लीटर समुद्र के पानी से ठंडा रखा गया। इससे पानी में 64 तरह के रेडियोएक्टिव मटेरियल घुल गए। इनमें कार्बन-14, आयोडिन-131, सीजियम- 137, स्ट्रोनटियम-90 कोबाल्ट , हाइड्रोजन-3 और ट्राइटियम ऐसे एलिमेंट्स हैं, जो इंसानों के लिए हानिकारक हैं। इनमें से ज्यादातर रेडियोएक्टिव मटेरियल्स की लाइफ काफी कम होती है। इससे इनका असर खत्म हो चुका है। हालांकि कार्बन-14 जैसे कुछ मटेरियल हैं जिसका असर कम होने में 5 हजार साल लगते हैं। इसके अलावा न्यूक्लियर रिएक्टर पानी में अभी भी ट्राइटियम के कण मौजूद हैं।

### जापान के रेडियोएक्टिव पानी छोड़ने पर दुनिया की प्रतिक्रिया

रेडियोएक्टिव पाना छोड़े जाने पर चीन, साउथ कोरिया को डर है कि ये सी फूड यानी मछली, क्रैब और समुद्री जीवों के जरिए इंसानों के शरीर तक पहुंच सकता है। ट्राइटियम के स्किन पर गिरने से नुकसान नहीं होता, लेकिन शरीर में घुसने से कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। हॉन्गकॉन्ग और चीन ने तो जापान से सी फूड इम्पोर्ट करने पर ही पाबंदी लगा दी है। वहीं, साउथ कोरिया की स्टूडेंट यूनियन ने सियोल में जापान के दूतावास में घुसपैठ करने की कोशिश की। कई छात्रों को हिरासत में लिया गया है। चीन ने कहा है कि जापान के मंसूबों ने दुनिया को खतरे में डालने का काम किया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक इससे पड़ोसी देशों के साथ जापान के रिश्तों पर बुरा असर पड़ सकता है।

### कब तक रहेगा रेडियोएक्टिव मटेरियल का असर

समुद्र में रेडियोएक्टिव पानी रिलीज करने के प्लान को यूएन की एटॉमिक एजेंसी अप्रूव कर चुकी है। रेडियोएक्टिव मटेरियल को रिलीज करने के लिए प्रोसेस पूरी करनी पड़ती है। इसे पूरा करने के बाद ही रेडियोएक्टिव पानी को समुद्र में छोड़ा जा रहा है। एक हजार टैंक्स से रखे पानी को एक साथ नहीं बल्कि 30 साल तक रिलीज किया जाएगा। रोज 5 लाख लीटर रेडियोएक्टिव पानी समुद्र में मिलाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि समुद्र में इसका असर कम हो। फिलहाल जिस इलाके में पानी छोड़ा जाएगा वहां से 3 किलोमीटर तक के इलाके में मछली पकड़ने पर रोक लगा दी गई है।

### रेडियोएक्टिव इतना खतरनाक कि खून के आंसू रोया था इंसान

जापान के टोकाईमुरा न्यूक्लियर प्लांट में आज से 20 साल पहले एक हादसा हुआ था। इस हादसे में वहां काम करने वाला एक टेक्निशियन दुनिया का सबसे ज्यादा रेडिएशन से संक्रमित इंसान बन गया था। इस व्यक्ति का नाम हिसाशी ओउची था, जिसकी उम्र 35 साल थी। एक रोज हिसाशी अपने एक साथी को न्यूक्लियर प्लांट में यूरेनियम डालने में मदद कर रहा था। आमतौर पर न्यूक्लियर प्लांट में यूरेनियम को डालने के लिए हाइड्रोलिक पंप का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन यहां कम खर्च के लिए हिसाशी और उसके साथियों को हाथ से यूरेनियम डालने के निर्देश थे। उसकी एक गलती से वहां न्यूट्रॉन रेडिएशन और गामा किरणें फैल गईं। इसके बाद उसे शरीर में जलन महसूस हुई, उल्टी और सांस लेने में तकलीफ हुई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)